चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 28 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -61, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





क्षुद्रग्रह बेन्नु के नमूनों को संग्रहालयों में रखा 16

अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी 15


## छेड़छाड़ का विरोध करने पर राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पर धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित की जा चुकी हैं महिला वेट लिफ्टर
- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दर्ज की आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचारः** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित वेट लिफ्टर से छेड़छाड़ की गई। विरोध पर आरोपी युवक ने मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर महिला खिलाड़ी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। खिलाड़ी की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र निवासी वेट लिफ्टर ने दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को निजी गाड़ी से खुर्दही बाजार की ओर गई थी। वहां थार गाड़ी सवार युवक ने उन पर भद्दे कमेंट किए। विरोध करने के बाद भी वह कमेंट करता रहा। इसी बीच वहां पहुंचे महिला खिलाड़ी के दो दोस्त ने भी थार सवार युवक को अभद्रता करने से रोका। वह नहीं माना तो डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

इस पर युवक महिला वेट लिफ्टर से मारपीट करने लगा तथा विरोध पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे महिला खिलाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। बचाने आए खिलाड़ी के दोस्तों के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि थार सवार आरोपी युवक का नाम प्रत्युश शुक्ला है। उसके खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में 26 मार्च को मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद में बोले मुख्यमंत्री- परिवार पहले मानने वाला पक्ष माफिया राज को प्रश्रय देता है

## लोस चुनाव 'फैमिली फर्स्ट' और 'नेशन फर्स्ट' के बीच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा/मेरठ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो प्रधानमंत्री का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो एक पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार से चुनाव प्रचार की कमान संभालते हुए मथुरा में भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक श्रीकांत शर्मा, पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नीलश्याम सिंह आदि रहे।




मथुरा में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, इतिहास रचता है

**मेरठ।** अरुण गोविल आज मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि इतिहास रचता है। ये बातें मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, सोमेन्द्र तोमर, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद प्रत्याशी अरुण गोविल सहित पार्टी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### ...हम शासन करने आए हैं दमदारी से करेंगे

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में भी प्रबुद्धजनों से संवाद किया। योगी ने यहां विधायक व भाजपा से लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में वोट देने की अपील की। सीएम ने कहा कि हमें भजन गाना होगा तो मठ में जाएंगे। हम शासन करने आए हैं और शासन दमदारी से चलेगा, जिसे काम नहीं करना होगा, लिखकर दे, उसे छुट्टी दे दूंगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री असीम अरुण, कपिलदेव अग्रवाल, नरेंद्र कश्यप, सांसद अनिल अग्रवाल आदि रहे।






## केजरीवाल की गिरफ्तारी में दिल्ली हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

### दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस, जवाब दाखिल के लिए समय मांगा

नयी दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। हाईकोर्ट ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर से इस आधार पर उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए। इस बात की संभावना है कि ईडी केजरीवाल को उनकी हिरासत खत्म होने पर बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश कर सकती है।






### मेरे पति 28 मार्च को सच्चाई बताएंगे : सुनीता केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि ईडी के कई छापों में एक पैसा भी नहीं मिला और उनके पति 28 मार्च को अदालत में कथित आबकारी नीति घोटाले में 'बड़ा खुलासा' करेंगे। उन्होंने कहा कि दो साल की जांच के बावजूद ईडी को केवल 73,000 रुपये मिले। मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को निर्देश जारी किए। केंद्र को इससे दिक्कत थी। क्या वे दिल्ली को बर्बाद करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि उनके पति इस मुद्दे को लेकर बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एक बहादुर और सच्चे व्यक्ति हैं और उनका संकल्प मजबूत है।

### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगीः उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलने दी जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आप नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी।

### अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया और अमेरिका की टिप्पणी पर विरोध जताया। अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हम कानूनी कार्यवाही में अमेरिकी प्रवक्ता की टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हैं।

## एक नजर

### अमरावती से नवनीत व चित्रदुर्ग से गोविंद को मिला टिकट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा भाजपा की उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार होंगे। भाजपा ने बुधवार शाम लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सातवीं सूची में महाराष्ट्र एवं कर्नाटक की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। कर्नाटक की चित्रदुर्ग (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट दिया गया है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार घोषित किए जबकि हरियाणा की करनाल विधानसभा सीट के उप चुनाव में मुख्यमंत्री सैनी को उतारा गया है।

## अंतिम दिन सपा ने मुरादाबाद में बदला प्रत्याशी, रामपुर में दो का नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/रामपुर

- जेल से ही आजम ने दिखायी राजनीतिक ताकत, दबाव में सपा
- मुरादाबाद में रुचि वीरा, रामपुर में मुहिबउल्ला नदवी ने भरा पर्चा

**अमृत विचार :** आजम खां ने जेल में रहते हुए ही क्षेत्रीय जनता और पार्टी को अपने राजनीतिक ताकत का एहसास कराया है। माना जा रहा है कि, आजम रामपुर और मुरादाबाद दोनों लोस सीटों पर अपनी चलाना चाहते हैं। ऐसे में सपा ने मुरादाबाद से जहां मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काट कर उनके स्थान पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचिवीरा को प्रत्याशी बनाया है वहीं, रामपुर से मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के उम्मीदवार होंगे। दोनों ने बुधवार को पर्चा दाखिल कर दिया है।

पहले चरण के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को रामपुर सीट से दो उम्मीदवारों और मुरादाबाद से रुचि वीरा ने सपा के दूसरे उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया। रुचिवीरा भी सपा के वरिष्ठ नेता आज़म खान की करीबी हैं। इस तरह दोनों ही सीटों पर खुद को सपा प्रत्याशी बताकर दो-दो उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से दिन भर भ्रम और उहापोह की स्थिति बनी रही। रामपुर में जहां पूर्व में लोकसभा उपचुनाव लड़ चुके आसिम राजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन दाखिल किया। वहीं, यही दावा करते हुए मोहिबुल्लाह नदवी ने भी पर्चा दाखिल कर दिया। उधर, मुरादाबाद में पार्टी नेता रुचि वीरा के सपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन करने के बाद भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। इससे पहले, मंगलवार को मुरादाबाद से मौजूदा सपा सांसद एस. टी. हसन ने भी सपा उम्मीदवार के रूप में ही नामांकन दाखिल किया था। रामपुर से सपा प्रत्याशी नदवी ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा, 'मुझे अखिलेश यादव ने भेजा है। आजम खां मेरे हमदर्द हैं और मैं उनके लिए दुआ करता हूं।

### सपा ने स्पष्ट की स्थिति

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एस टी हसन का टिकट काट दिया गया है और उनके स्थान पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर से मुहिबउल्ला नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। नदवी दिल्ली के संसद मार्ग पर स्थित जामा मस्जिद के इमाम हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व में दोनों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कुछ संशय की स्थिति थी लेकिन बाद में उसे ठीक कर लिया गया है।

### रामपुर से 24 घंटे के अंदर ही बदला प्रत्याशी

**मुरादाबाद।** रामपुर लोकसभा सीट से आजम खां के इशारे पर आसिम राजा ने भी पर्चा दाखिल किया है। ऐसे में सपा के दो प्रत्याशियों ने बुधवार को आखिरी दिन नामांकन किया। दोनों प्रत्याशी अधिकृत होने का दावा कर रहे हैं। 30 मार्च को नाम वापसी है, इसी दिन तस्वीर साफ होगी। वहीं, सपा मुरादाबाद लोकसभा सीट पर प्रत्याशी चयन में कमजोर दिखाई पड़ी। सपा ने पहले अपने मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। लेकिन 24 घंटे के अंदर ही उनकी जगह रुचि वीरा को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

## जिस दिन आप शेयर बेचेंगे पैसा भी उसी दिन मिलेगा

मुंबई, एजेंसी

- शेयर बेचने और खरीदने पर भुगतान की व्यवस्था में किया गया बदलाव

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज शेयरों के खरीदने और बेचने पर उनके भुगतान की व्यवस्था में गुरुवार से बदलाव कर रहा है। स्टाक एक्सचेंज टी 0 सेटलमेंट सिस्टम का ट्रायल 25 शेयरों के साथ शुरू कर रहा है। यानी जिस दिन आप इन शेयरों को बेचेंगे, पैसा भी उसी दिन आपको मिलेगा।

अभी शेयर बाजार में टी 1 सेटलमेंट सिस्टम लागू है। यानी शेयरों के बेचने पर भुगतान एक दिन बाद किया जाता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने टी 0 के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किए थे और 12 जनवरी तक इस पर लोगों से राय मांगी थी। 6 दिन पहले 6-स्टेप गाइडलाइन जारी की थी।

शेयर खरीदने में उसी दिन शेयर डीमेट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगा, जिससे अगर चाहे तो उसी दिन शेयर प्लेज भी कर सकेंगे। अभी अगले दिन डीमेट अकाउंट में शेयर्स क्रेडिट होते हैं। इससे मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिससे वेटिंग पीरियड का इंतजार किए बिना इन्वेस्टर्स अन्य शेयर्स को खरीद सकेंगे। साथ ही कम समय तक के लिए पैसा होने पर भी इन्वेस्टर्स मार्केट में पैसा सकेंगे।

## प. यूपी में स्टार प्रचारकों में मोदी, शाह और योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ









- भाजपा ने घोषित किए पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारक
- आधी आबादी को लुभाएंगी स्मृति, हेमामालिनी, बेबी और गीता

**अमृत विचारः** पश्चिमी उप्र से शुरू हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में भाजपा ने बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी समेत राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सभी आठ सीटें जीतने का बिगुल फूंकेंगे। आधी आबादी के लिए महज चार स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी, प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का नाम है।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में आठ सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीट शामिल है। स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी है, लेकिन पड़ोसी हरियाणा राज्य से सीमाएं और रिश्ते जुड़े होने के बावजूद वहां के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रचारकों की सूची से गायब हैं।

अन्य स्टार प्रचारकों में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, चुनाव संचालन समिति के संयोजक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह शामिल है। केंद्रीय मंत्रियों में पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, दुर्विजय सिंह शाक्य, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत राज्य सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, अश्विनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह शामिल हैं।

## आप सांसद सुशील रिंकू और अंगुराल हुए भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- रिंकू ने कहा- राज्य सरकार ने विकास के मामले में उनका साथ नहीं दिया

पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ग्रहण की।

तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। आने वाले दिनों में दोनों नेताओं की क्षमताओं का पंजाब व पार्टी के हित में उपयोग किया जाएगा। पुरी ने कहा कि जहां 'डबल इंजन' की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है, लेकिन पंजाब पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को भाजपा के नेता अक्सर 'डबल इंजन' की सरकार कहते हैं। जाखड़ ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया और बताया कि पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले रिंकू ने लोकसभा अध्यक्ष को इस्तीफा भेज दिया है और आप की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

## मोदी बोले-ईडी के जब्त 3000 करोड़ गरीबों को लौटाएंगे

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा कैंडिडेट से बात की, कहा- यह बात सबको बताएं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया और ईडी द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। भाजपा नेताओं ने बताया कि मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर यह बात कही।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उनसे जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीबों को वापस दिया जाए... यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। मोदी ने कहा कि एक केंद्र सरकार देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक साथ आ गए हैं। प्रधानमंत्री और रॉय के बातचीत का विवरण देते हुए नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का अनुमान है कि राज्य में नौकरी के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि 3,000 करोड़ है। मोदी ने रॉय से कहा कि वह लोगों को इसके बारे में बताएं।

### मोइत्रा, हीरानंदानी को ईडी ने किया तलब

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले भी तृणमूल नेता को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह आधिकारिक काम का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुईं और नोटिस को टालने की मांग की थी।

## पहले चरण के लिए कुल 155 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए अब तक 155 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन के आखिरी दिन 109 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट पर अब तक कुल 13, कैराना में 17, मुजफ्फरनगर में 38, बिजनौर में 23, नगीना सुरक्षित में 12, मुरादाबाद व रामपुर में 18-18 और पीलीभीत में 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बताया कि 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च को प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

बढ़ी परेशानियां | यूपी मदरसा बोर्ड में प्रदेश में 12 लाख 70 हजार 36 छात्र हैं पंजीकृत

## बोर्ड के फेर में फंसा 13 लाख छात्रों का भविष्य

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड के सामने 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को सुरक्षित करने का लक्ष्य है। समायोजित छात्रों की इतनी बड़ी संख्या यूपी बोर्ड में कैसे जोड़ी जाए, इसको लेकर विभागीय अधिकारी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सके हैं।

हाईकोर्ट का यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर दिया गया अहम फैसला शासन के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं बन रहा। न्यायालय के आदेश के बाद बोर्ड का क्या होगा, छात्रों का समायोजन सहित अन्य विषयों पर बैठकें जारी हैं। बुधवार को अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ जे. रीभा सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने मिलकर बैठक की। मदरसा बोर्ड में पंजीकृत 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को समायोजित किये जाने का मामला प्रमुखता से उठा। जानकारों की मानें तो बैठक में इन छात्रों को यूपी बोर्ड में समायोजित करने को लेकर एक राय हुई। ऐसे में मदरसा बोर्ड के छात्रों को लेकर यूपी बोर्ड की व्यवस्थाएं नाकाफी मिलीं। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि अब तक 12 लाख से अधिक छात्र फीडिंग के क्रम में पंजीकृत हो चुके हैं। बोर्ड को लेकर शासन क्या निर्णय लेगा, इसको लेकर उच्चाधिकारियों ने बैठक की है, निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।



### मिनी आईटीआई सिमटी, रोजगार पर ग्रहण

यूपी मदरसा बोर्ड प्रदेश भर में 536 मिनी आईटीआई संचालित करता रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद इस व्यवस्था को विराम दे दिया गया। रजिस्ट्रार का कहना है कि मिनी आईटीआई से छात्रों को प्रशिक्षण और रोजगार मिलता रहा है।

### 33 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवाओं पर संशय

मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर 33 हजार 692 शिक्षक पंजीकृत हैं। 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों और 560 एडेड मदरसों में 9646 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक सेवाएं देते रहे हैं। हाईकोर्ट के रुख के बाद इनकी सेवाओं पर संशय बना हुआ है।

## एक नजर

### मुख्य सचिव के घर होली में खर्च हुए 2.63 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सरकारी आवास पर होली के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब रंग जमा। इसका पता चला बुधवार को जारी शासनादेश से हुआ। शासनादेश के माध्यम से संस्कृति निदेशालय के निदेशक को 2.63 लाख की धनराशि भेजी गई है। आमतौर पर होली में शीर्ष अधिकारी अपने आवास पर अपने-अपने क्षमता के अनुसार व्यवस्थाएं करते हैं। इस बार किसी ने खास कार्यक्रम को लेकर कोई आमंत्रण भी नहीं भेजा था। शासन के अनु सचिव रघुनाथ प्रसाद वर्मा की ओर से बुधवार को जारी शासनादेश में स्पष्ट है कि 25 मार्च तो मुख्य सचिव के सरकारी आवास विक्रमादित्य मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब रंग जमा था। इसमें कुल दो लाख 63 हजार रुपये खर्च हुए। जिसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति भी राज्यपाल से ले ली गई। शासन ने यह धनराशि बुधवार को संस्कृति निदेशालय के निदेशक को भेजने के साथ भुगतान को वास्तविक बिल-बाउचर्स के आधार पर करने का भी निर्देश दिया है।

# चुनाव आयोग की पाबंदियों का दिख रहा असर, असली परीक्षा अभी बाकी

## 11 दिनों में अब तक कुल 85 करोड़ की कीमत के उपहार, शराब और नकदी बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




▸▸ **2014 में 1200 करोड़, 2019 में 3449 करोड़ के उपहार और नकदी हुई थी बरामद**

**अमृत विचार :** 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के अनुपालन में चुनाव आयोग लगातार कार्रवाइयां कर रहा है।

अबतक लगभग 85 करोड़ रुपये की बहुमूल्य धातुएं, उपहार और नकदी बरामद की जा चुकी है। लेकिन विगत दो लोकसभा चुनावों पर गौर किया जाए तो इस बार इस तरह की अवैध गतिविधियां कम नजर आ रही हैं। चुनाव प्रचार का आरंभिक दौर होने के कारण अभी अंतिम रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन कार्रवाइयों और परिणामों से प्रतीत हो रहा है कि आयोग ने अवैध नकदी और उपहार के लेनदेन में काफी अंकुश लगाया है। आयोग के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान छापेमारी और बैरियर लगाकर जो बरामदगी की गई थी, वह 12 सौ करोड़ थी। आयोग के मुताबिक इन 12 सौ करोड़ रुपये में बहुमूल्य वस्तुएं, शराब और नकदी थी। जबकि 2019 के चुनाव में यह आंकड़ा अप्रत्याशित रूप से बढ़कर 3449 करोड़ पहुंच गया। यह आश्चर्यजनक इसलिए भी था, क्योंकि चुनाव के कुछ समय पहले ही नोटबंदी हुई थी।

ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर बरामदगी हर किसी को चौंका रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आयोग के निर्देश पर पूरे प्रदेश भर में लगातार धर-पकड़ हो रही है। आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 85 करोड़ रुपये कीमत के बहुमूल्य उपहार, शराब और नकदी बरामद की जा चुकी है। पूर्व में हुए चुनावों के आंकड़ों से अगर तुलना करें तो इस रकम से यह प्रतीत हो रहा है कि आयोग की सख्ती का असर हो रहा है।

प्रत्याशियों में आयोग का भय बढ़ा है। विगत सोमवार को आयोग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जारी किए गए आंकड़ों पर गौर करें तो नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में 13 एफआईआर दर्ज कराई गईं। लेकिन बरामदगी का आंकड़ा नहीं बताया गया। इसका मतलब है कि कोई खास बरामदगी नहीं हुई। हालांकि बुधवार की देर शाम जारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक कुल 85 करोड़ रुपये कीमत के उपहार, शराब और नकदी बरामद की जा चुकी है। प्रथम चरण के मतदान को कुल 22 दिन शेष रह गए हैं। इन 22 दिनों तक अगर आयोग ऐसे ही सख्ती कर ले गया तो चुनावों में नकदी और उपहार बांटने के सिलसिले में काफी अंकुश लग जाएगा। यह एक सकारात्मक संदेश भी है।

# दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **26 अप्रैल को होगा मतदान**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 28 मार्च से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 28 मार्च को दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद सुबह 11 बजे से नामांकन शुरू हो जाएंगे। प्रत्याशी अपराह्न 3 बजे तक नामांकन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस चरण में अंतर्गत अमरोहा, हापुड़, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर (अजा), अलीगढ़ व मथुरा सीटों के लिए चुनाव होना है। द्वितीय चरण की आठ सीटों में सात सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अमरोहा, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़ व मथुरा सहित नौ जिलों के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को की जायेगी। 8 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

### 1.67 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.67 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 90.11 लाख पुरुष मतदाता, 77.38 लाख महिला मतदाता व 787 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7,797 मतदान केन्द्र व 17,677 पोलिंग बूथ हैं।

### इंडिया गठबंधन देश की जरूरत : स्वामी प्रसाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश की जरूरत है। उनकी पार्टी गठबंधन को मजबूत करेगी। आजाद समाज पार्टी व अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की चर्चाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में गरीबों, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। महंगाई चरम पर है। लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। विपक्षी दलों के नेताओं को फर्जी मुकदमों में जेल भेजा जा रहा है।

# जेल में रहकर अखिलेश का सिरदर्द बने आजम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **सपा के उम्मीदवार को लेकर हैं नाराज, डैमेज कंट्रोल करेंगे शिवपाल यादव**



**अमृत विचार :** जेल के भीतर रहते हुए भी मो. आजम खां समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का सिरदर्द बने हुए हैं। हालांकि ऐन चुनाव पर अपनी तुनकमिजाजी दिखाना मो. आजम के स्वाभाव में है, लेकिन इस बार वह जेल हैं, वाबजूद इसके वह पहले अखिलेश यादव और अब पार्टी के बड़े नेता शिवपाल को अपने पास आने को मजबूर कर रहे हैं।

दरअसल, रामपुर सीट पर अब सपा के अधिकृत प्रत्याशी मोहिबुल्लाह नदवी और मो. आजम के चहेते आसिम रजा आमने-सामने हैं। ऐसे में रामपुर सीट पर पेंच फंस गया है। इस मुद्दे पर आजम खां और अखिलेश यादव के बीच भी तनातनी से इंकार नहीं किया जा सकता। इस स्थिति में डैमेज कंट्रोल के लिए शिवपाल सिंह यादव सीतापुर जेल आजम खां से मिलने जा रहे हैं।

इससे पहले रामपुर में मंगलवार को आजम खां के करीबियों ने पत्रकारवार्ता कर चुनाव का बहिष्कार करने का घोषणा की थी। इसी से नाराज होकर सपा प्रमुख ने मोहिबुल्लाह नदवी को रामपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बना दिया। नदवी मूल रूप से रामपुर जिले के रहने वाले हैं और तुर्क बिरादरी से संबंध रखते हैं। नदवी दिवंगत पूर्व सपा सांसद डॉ शफीकुर्रहमान बर्क के करीबी हैं। वह दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट जमा मस्जिद के इमाम हैं।

सूत्रों की मानें तो आजम खां मोहिबुल्लाह नदवी को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए आसिम राजा ने आज नामांकन पत्र खरीद लिया है। अब यह देखना यह होगा कि क्या सपा के नाम अब आजम खां और अखिलेश यादव के दो गुट रामपुर लोकसभा चुनाव में इस बार देखने को मिलेंगे या चाचा शिवपाल सिंह यादव स्थिति अपने मुताबिक कर लेने में सफल रहेंगे।



पुलिस मुख्यालय में फूलों की होली खेलते डीजीपी प्रशांत कुमार व अन्य अफसर। अमृत विचार

### डीजीपी के साथ अफसरों ने खेली फूलों की होली

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद बुधवार को पुलिस मुख्यालय में भी होली खेली गई। यहां रंगों की बजाय फूलों की होली खेली गई। पुलिस महानिदेशक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय के अलावा अन्य इकाइयों में नियुक्त पुलिस अधिकारी और रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए। डीपीजी प्रशांत कुमार ने अधिकारियों की सकुशल होली संपन्न कराने को लेकर सराहना की। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक रूल्स एंड मैनुअल, पुलिस महानिदेशक होमगार्ड, पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, पुलिस महानिदेशक पावर कार्पोरेशन, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण निदेशालय, बिजिलेंस के अलावा तमाम अधिकारियों ने एक दूसरे के साथ होली खेली।

# प्रत्याशी घोषित करने में बसपा इस बार सबसे पीछे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। प्रदेश की 80 सीटों में बसपा ने अभी तक 25 प्रत्याशी घोषित किये हैं। भाजपा ने 63, सपा ने इंडिया गठबंधन अंतर्गत मिली 63 सीटों में 47 उम्मीदवार और कांग्रेस ने अपने हिस्से की 17 सीटों में 15 पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं।

गत चुनावों की तरह इस बार बसपा के कार्यालय पर दावेदारों की भीड़ नहीं जुट रही है, इसीलिए 80 सीटों पर जिताऊ प्रत्याशी घोषित करने में बसपा को मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रदेश में 4 बार सरकार बनाने वाली और 2007 से 2012 के सवर्णिम काल में पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाली बसपा प्रत्याशी घोषित करने में सबसे पीछे चल रही है। प्रदेश में बसपा का अपना बड़ा वोट बैंक है। यह वोट बैंक मायावती के निर्देशों पर सक्रिय रहता है। इसी कोर वोट बैंक के भरोसे चुनाव में जीत की उम्मीद रखने वाले उम्मीदवारों की भीड़ मायावती के दरवाजे जुटी रहती थी।

इस चुनाव में बसपा के 34 प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के चुनाव में स्थितियां ज्यादा नहीं बदलीं और बसपा ने 22,246,501 वोट पाकर 10 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। इसी वोट बैंक के चलते बसपा उम्मीदवार चुनाव में जीत की गारंटी मानते हैं। इसके बावजूद इस चुनाव में बसपा कार्यालयों में दावेदारों की कमी दिख रही है। इतना ही नहीं, प्रत्याशी चयन का जिम्मा पार्टी के मंडल प्रभारी संभाल रहें हैं लेकिन चयनित प्रत्याशियों पर अंतिम मुहर बसपा प्रमुख मायावती ही लगा रही हैं। अब तक बसपा 25 प्रत्याशियों के नाम की दो सूची जारी कर चुकी है।

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीम राव आंबेडकर का कहना है कि बसपा अपने प्रत्याशी घोषित नहीं कर रही है, इसी वजह से दूसरे दल भी अपने सभी प्रत्याशी नहीं घोषित कर रहे हैं। क्योंकि अभी तक दूसरे दल, बसपा प्रत्याशी को देखकर अपने प्रत्याशी घोषित करते आए हैं। रणनीति के तहत बसपा चरणबद्ध तरीके प्रत्याशी घोषित कर रही है, लोकतंत्र में नामांकन की अंतिम तिथि तक प्रत्याशी घोषित करने का विशेषाधिकार राजनैतिक दल के पास होता है।

### मायावती के साथ चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे आकाश आनन्द



**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बसपा के चुनाव प्रचार की बागडोर प्रमुख मायावती के साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनन्द भी संभालेंगे। इसकी शुरूआत एक अप्रैल से होगी। एक माह पार्टी की तरफ से प्रदेश में 25 चुनावी रैलियां होंगी, जिसमें आकाश आनन्द 6 अप्रैल से प्रचार की कमान थामेंगे। लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के चुनाव का नामांकन खत्म हो चुके हैं। अन्य पार्टियों की तरह बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कार्यक्रम में तहत, प्रचार की शुरूआत पश्चिम उप्र से मायावती खुद करेंगी। प्रदेश में पहली बार नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश आनन्द को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनकी चुनावी रैलियां छह अप्रैल से होंगी, जो कि पूरे अप्रैल माह चलती रहेंगी। लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर ने बताया कि चुनाव प्रचार का कार्यक्रम तय तो है, मगर अभी हम लोगों के पास अधिकारिक रूप से सूचना नहीं मिली है। संभवत: पश्चिम उप्र के मंडल प्रभारी को जानकारी होगी।

# 6,790 सीटों के लिए 36,778 ने किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले के लिए आज होगी परीक्षा**

▸▸ **कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में दाखिले के लिए हो रही हैं परीक्षाएं**

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के लिए गुरुवार को परीक्षा होगी। दाखिले के लिए 6790 सीटों के सापेक्ष 36778 आवेदन आए हैं। अप्रैल से शुरू होने वाले जौनपुर के दो और अयोध्या के एक विद्यालय के लिए भी परीक्षा होगी।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। सबसे अधिक आवेदन कक्षा छह के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के हिसाब से 70 बच्चों का दाखिला भी होगा। सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को परीक्षा का प्रश्न पत्र भेज दिया गया है।

# पांच ग्राम न्यायालयों में जजों की नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल की ओर से हाई कोर्ट से परामर्श करने के बाद पांच ग्राम न्यायालयों में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसकी जानकारी शासन ने अधिसूचना जारी करके दी है। प्रमुख सचिव न्याय विनोद सिंह रावत की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, बहराइच जनपद के तहसील मुख्यालय महसी स्थित ग्राम न्यायालय में पंकज कुमार द्वितीय, हरदोई के संडीला में प्रवीण कुमार गौतम, कासगंज के पटियाली में अनुराग प्रथम, रामपुर के बिलासपुर में बिंदू यादव और गोंडा के करनैलगंज तहसील में अरुण कुमार गौतम को ग्राम न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

# चुनाव से औद्योगीकरण पर असर नहीं, अनुदान जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **एसीएस मनोज कुमार ने राइस मिलों व प्रसंस्करण इकाइयों को दिए पूंजीगत अनुदान**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे अधिकारियों का रुटीन कामकाज भी ढर्रे पर है। प्रदेश के औद्योगीकरण के लिए इकाइयां लगा रही कंपनियों को नीति के तहत घोषित करोड़ों रुपये अनुदान तेजी से जारी हो रहा है। ऐसे तमाम मामलों का औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से रोजाना निस्तारण हो रहा है। खाद्य प्रसंस्करण नीति 2017 के तहत कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित स्टेट लेबल इंपावर्ड कमेटी की बैठक में पहले प्रदेश के विभिन्न जिलों में लग रहीं इकाइयों को अनुदान स्वीकृत किए गए थे। इसके तहत कानपुर देहात की मे. डैरा बिल्टी साल्यूशन प्रालि. की एक्सपेलर इकाई को 41.18 लाख पूंजीगत अनुदान भेजा गया है। इसी तरह कानपुर के इंडस्ट्रियल एरिया जैनपुर में स्थापित मे. मार्डन स्नैक्स प्रालि. को 23.86 लाख का पूंजीगत अनुदान भेजा गया है।

रायबरेली के ग्राम शेरी हरिचंदपुर में स्थापित मे. विजय राइस मिल को 25.11 लाख रुपये, बहराइच के सलारपुर में स्थापित मे. शकील अहमद एंड ब्रदर्स को 47.03 लाख, रामपुर के ग्राम कमुआ, नगला, विलासपुर में स्थापित मे. अंजुम आबिद अली राइस मिल को 27.30 लाख, रायबरेली के पखरौली, डलमऊ में लगी मे. डलमऊ फूड्स को 50 लाख, लखनऊ के बक्सी का तालाब में लगी मे. रामनिवास फ्लोर मिल प्रालि. को 50 लाख और अमेठी के विशुनदासपुर, गौरीगंज में स्थापित मे. शांति फूड्स को 43.86 लाख रुपये का पूंजीगत अनुदान शासन ने भेजा है।

एसीएस ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक को हिदायत दी है कि भेजे गए अनुदान राशि का सदुपयोग इकाई में हो। अनुदान के लिए स्वीकृत धनराशि जारी करने से पहले संस्था के सभी अभिलेखों की जांच और स्थलीय निरीक्षण पूरा किया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता पर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक उत्तरदायी होंगे।

# उद्योगों के विकास के लिए उत्पादों का समय पर भुगतान जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **आईआईए काउंसिल सदस्यों का एक दिवसीय सेमिनार संपन्न**

**अमृत विचार :** सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों द्वारा आपूर्ति किए गए माल का भुगतान समय से न मिलने की गंभीर समस्या है। यदि उद्यमियों को भुगतान समय से मिल जाए तो वे अपने उद्योगों का विस्तार कर पाएंगे। जिससे नए रोजगार उत्पन्न होंगे और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा।

यह बात बुधवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने फैसिलिटेशन काउंसिल मेंबर्स के ओरिएंटेशन विषयक एक दिवसीय सेमीनार में कही। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यम फैसिलिटेशन काउंसिल के कामकाज में कुछ खामियां हैं। इन खामियों को खत्म करने के लिए सेमीनार में सुझाव आए हैं। इन सुझावों की रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार को सौंपी जाएगी ताकि उद्यमियों को समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

मुख्य वक्ता सुरेश ढोले ने विभिन्न कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की सहायता के लिए बहुत सख्त अधिनियम है। लंबित भुगतान के मामलों को समझौते के तहत सुलझाने के प्रयास होने चाहिये। यदि यह संभव न हो तो एक्ट के अनुसार कानूनी प्रक्रिया अपनानी चाहिए।




आईआईए काउंसिल सदस्यों के एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य वक्ता सुरेश ढोले का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते नीरज सिंघल। अमृत विचार

कार्यक्रम में संजय कौल, मेरठ डिवीजन के अजय गुप्ता ने बताया कि काउंसिल द्वारा उद्यमियों को लगभग 163 करोड़ रुपए का भुगतान समझौते से दिलाया जा चुका है। इसके लिए काउंसिल द्वारा महीने में 8 बैठकें होती हैं। सेमीनार का उद्घाटन एसीएस अमित मोहन प्रसाद ने किया।

### भाजपा मनी लॉन्ड्रिंग के बहाने बनाती है पालिटिकल लॉन्ड्रिंग का मनगढ़ंत केस

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जनता अब भाजपा के भ्रष्टाचार से परिचित हो चुकी है। लोग जान गए हैं कि भाजपा मनी लॉन्ड्रिंग के बहाने से पालिटिकल लॉन्ड्रिंग का मनगढ़ंत केस बनाती है। उन्होंने दावा किया है कि भाजपा सरकार अपनी जांच एजेंसियों के मार्फत विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और उनकी गिरफ्तारी से आतंक फैलाने में लगी है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि, भाजपा का सत्ता मंडल पूंजीपतियों का समर्थक है और उनकी वसूली की आदत है। प्रदेश में पूंजी निवेश का हवा महल दिखाकर हजारों-लाखों नौकरियां सृजित होने का दावा किया गया। एमओयू तो बहुत से हो गए, लेकिन जमीन पर न तो एक उद्योग लगा और नहीं नौकरियां मिलीं।

### लोकसभा चुनाव के लिए दो सह प्रभारी नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में दो सह प्रभारी की नियुक्ति किए हैं। बुधवार को जारी की गई सूची में कई प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी के रूप में 18 भाजपा नेताओं की नियुक्ति की गई है। इसमें उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी के रूप में रमेश बिधूड़ी और संजय भाटिया का नाम शामिल है।

# लक्ष्य अभी शेष, हासिल करने में हो रहे ढेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक लाख 14 हजार जोड़ों का कराना है विवाह**

▸▸ **27 तक एक लाख 5 हजार जोड़ों का हो चुका है विवाह, 83 हजार से अधिक को किया गया भुगतान**

▸▸ **लखनऊ जनपद निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत ही कर सका हासिल**




**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष समाप्त होने में चार दिनों का समय शेष रह गया है और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नौ हजार जोड़ों का विवाह करना शेष है। खास बात यह है कि लखनऊ जनपद अपने निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत ही हासिल कर सका है। जबकि गोरखपुर प्रदेश में अव्वल है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गत वर्ष अक्टूबर माह में पंजीकरण कराए गए थे। शिविर लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया था। नवंबर के अंतिम सप्ताह में विवाह समारोह प्रदेश में शुरू हो गए थे। प्रदेश के 75 जिलों में 1 लाख 14 हजार जोड़ों का लक्ष्य रखा गया था। 27 मार्च तक प्रदेश में 1 लाख 5 हजार जोड़ों का विवाह कराया गया। सूत्रों के अनुसार, कुछ जिले अपना लक्ष्य कम कराने में भी पिछले एक सप्ताह से लगे हुए हैं। लखनऊ जिले को 12,00 का लक्ष्य दिया गया था और 632 जोड़ों का विवाह करा पाएं। गोरखपुर में 4069, मुरादाबाद में 3701, रामपुर में 3300, बिजनौर में 3459, बाराबंकी में 1753, कानपुर में 796 और सीतापुर में 2282 जोड़ों का विवाह हुआ। वित्तीय वर्ष समाप्त में होने में चार दिन का बचे हैं और नौ हजार जोड़ों का विवाह कराने की चुनौती है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 83 हजार से अधिक जोड़ों का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### स्वामी स्मरणानंद महाराज का निधन आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद महाराज के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखते हुए मुख्यमंत्री ने इसे आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने लिखा, रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अत्यंत दु:खद और आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके अनुयायियों और परिजन के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। बता दें कि स्वामी स्मरणानंद 95 वर्ष के थे। वह 2017 में रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष बने थे। उन्हें संक्रमण के कारण 29 जनवरी को कोलकाता स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान में भर्ती कराया गया था, बाद में उन्हें सांस लेने में समस्या होने लगी। इसके बाद उन्हें तीन मार्च को वेंटिलेटर पर रखा गया था। उनका मंगलवार रात निधन हो गया।

# अपराधियों पर शिकंजा होगा मुख्य मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **भाजपा नेताओं ने जारी किए तुलनात्मक आंकड़े**

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनावों में यूपी की समस्त 80 सीटों पर बीजेपी की विशेष नजर है। ऐसे में यूपी में अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को यूपी सरकार की उपलब्धियों में विशेष रूप से गिनाया जाएगा। भाजपा नेताओं का दावा है कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते उत्तर प्रदेश में विगत 7 वर्षों में एक भी सांप्रदायिक हिंसा की घटना नहीं हुई। भाजपा प्रवक्ताओं के मुताबिक यूपी में पहले जंगलराज हुआ करता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। ऐसे में हम जनता के बीच इन उपलब्धियों को गिनाएंगे।

नवंबर 2019 से नवंबर 2023 के बीच प्रदेश के कुल 68 चिन्हित माफिया अपराधी व गैंग के सदस्यों द्वारा अवैध कृत्यों से अर्जित 3723 करोड़ से अधिक की संपत्तियों का जब्तीकरण व ध्वस्तीकरण किया गया। अन्य विभिन्न माफिया की जनवरी 2021 से अक्टूबर 2023 तक गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत 4268 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत मार्च 2017 से नवंबर 2023 तक कुल 22,301 अभियोग पंजीकृत किए गए, जबकि 70,879 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए।

इसके साथ ही 120 अरब रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इस दौरान 192 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, जबकि 5800 घायल हुए। पुलिस के शीर्ष अफसरों के मुताबिक वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2023 तक में अपराधों में बड़ी कमी दर्ज की गई। डकैती में 87 प्रतिशत से ज्यादा, लूट में 72 प्रतिशत से ज्यादा, हत्या के मामलों में 40 प्रतिशत, फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में 68 प्रतिशत और बलात्कार के मामलों में 24 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई। इसी तरह 2016 की तुलना में 2023 तक में व्यापक पैमाने पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई।

### आईपीएस पीवी रामाशास्त्री की मूल कॉडर में वापसी

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं यूपी में एडीजी कानून-व्यवस्था जैसी जिम्मेदारी संभाल चुके पीवी रामाशास्त्री को केंद्र सरकार द्वारा उनके मूल कॉडर में वापस भेज दिया गया है। पीवी रामाशास्त्री बीएसएफ में स्पेशल डीजी (ऑपरेशंस) के पद पर तैनात थे। उनका कार्यकाल पूरा होने से पहले वापस भेजा गया है। हालांकि पुलिस मुख्यालय के सक्षम अफसरों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक पीवी रामाशास्त्री बृहस्पतिवार को राजधानी आकर डीजीपी मुख्यालय में अपनी ज्वाइनिंग देंगे। तत्पश्चात उन्हें किसी महत्वपूर्ण पद पर तैनाती दी जा सकती है। केंद्र सरकार द्वारा कार्यमुक्त करने के 48 घंटे के भीतर उनके वापसी करने को लेकर भी तमाम अटकलें लग रही हैं। चर्चा है कि उन्होंने खुद यूपी वापस जाने की इच्छा जताई थी। गौरतलब हो कि पीवी रामाशास्त्री आईपीएस अधिकारियों की वरिष्ठता सूची में पांचवें स्थान पर हैं।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112




**17वां रोजा**

शिया
सहरी : 4:42 बजे
इफ्तार : 6:21 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:29 बजे
इफ्तार : 6:31 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# दुष्कर्म के विरोध पर की गई थी युवती की हत्या

## 48 घंटे में पुलिस ने किया वारदात का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता ,बाराबंकी



**अमृत विचार :** दुष्कर्म का विरोध करने पर युवक ने बीते 25 मार्च की शाम शौच के लिए घर से निकली युवती की गला दबा कर हत्या की और शव झाड़ियों में फेंक दिया था। शव अर्धनग्न हालत में मिला था। इतना ही नहीं, उसकी आंख व मुंह में मिट्टी भरी थी जिसको लेकर क्षेत्र में काफी तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व एसपी दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण ने मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दे आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। घटना के 48 घंटे के अन्दर टिकैतनगर पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले की जानकारी देते हुए एसपी दिनेश सिंह ने पत्रकारों को बताया कि घटना के बाद पिता की तहरीर पर टिकैतनगर थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने संदेह के आधार पर अमरदीप ऊर्फ दीपू को गिरफ्तार किया। संदेह छानबीन में वह ही युवती का हत्यारा निकला। पुलिस ने हत्यारे दीपू को गांव बसौगापुर मजरे सरायदुनौली मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह युवती को पिछले कुछ दिनों से बुरी नजर से देखता था। बीते 25 मार्च को जब शाम को युवती शौच के लिए निकली तो वह उसके पीछा करने लगा। अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी ने युवती को पीछे से पकड़ कर दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो दीपू ने युवती का गला दबा दिया। जिससे युवती की मौत हो गई। आरोपी ने युवती के नाक की कील निकाल कर उसे अपनी शर्ट की जेब में रखकर शर्ट को झाड़ियों में छुपा दिया। अभियुक्त के खिलाफ टिकैतनगर थाने में पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।

## मनुष्य का सबसे बडा शुत्र है अहंकार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचारः** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। ग्राम सैदाबाद में चल रही श्रीमद् भागवत कथा मे कथावाचक सीतापुर से पधारे हेमराज महराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा वाचक हेमराज महराज ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। इस दौरान आयोजक पंकज कुमार रावत, सुनील विश्वकर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, हरिओम, प्रमोद आदि रहे।

# निडर होकर करें मतदान, हम आपके साथ

**दिलाया भरोसा**

▸▸ एसडीएम व सीओ ने जवानों के साथ किया पैदल मार्च

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उप जिलाधिकारी की अगुवाई में पैरामिलिट्री व पुलिस बल ने पैदल मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया और मतदाताओं से निडर होकर मतदान किए जाने को कहा।



कस्बे में पैदल मार्च पर निकले एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को एसडीएम पवन कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक ने पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ कस्बा रामनगर, रानी बाजार, सुढ़ियामऊ, महादेवा, गणेशपुर सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से पैदल मार्च निकालकर लोगों से सुरक्षा कायम रखने की अपील की। एसडीएम पवन कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्भय होकर अधिक से अधिक मतदान करें। सीओ ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कोई शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आप लोग स्वतंत्र होकर मतदान करें, किसी के प्रलोभन में न आए।

## वीरेंद्र बने भाकियू चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सर्वसम्मति से शांति भूषण सिंह उर्फ वीरेंद्र को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शांति भूषण काफी समय से किसान आंदोलन में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। उनकी प्रतिभा और योग्यता को देखते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को यूनियन का झंडा व पटका पहनाते हुए जिला कार्यकारिणी गठित करने का अधिकार दिया।



## एक नजर

### चोरी के ट्रैक्टर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जलशक्ति मिशन पाइप लाइन का काम कर रहे श्रवण कुमार ने 23 मार्च को कोठी थाने में तहरीर देकर ट्रैक्टर व टेन्चर मशीन को भानमऊ सोसाइटी के पास से चोरी होने की तहरीर दी थी। पुलिस ने बुधवार को चोरी के ट्रैक्टर के साथ जनपद सुल्तानपुर के रहने वाले शुभम विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ ट्रैक्टर व टेंचर मशीन चोरी कर ले गया था।

### युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** आत्महत्या करने के उद्देश्य से कुएं में कूदी किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे काफी मशक्कत के बाद कुएं से निकालकर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची दरियाबाद पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की है । दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के अवशेरगढ़ निवासी वकील सिंह की 21 वर्षीय पुत्री सुधा सिंह ने घर के पास स्थित एक कुएं में कूद कर आत्महत्या की कोशिश की है। जानकारी होने पर आनन-फानन में लोगों ने लड़की को कुएं से विहोशी की हालत में बाहर निकाला व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरानगर ले गए जहां युवती का इलाज जारी है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि युवती का इलाज जारी है।

# 7 साल की बच्ची से नशे में धुत युवक ने की दरिंदगी

बाराबंकी कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में 7 साल की बच्ची से नशे में धुत युवक ने दरिंदगी की। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्ची के परिजनों को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन बच्ची की हालत को गंभीर देख दंग रह गए। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया। बच्ची को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी पर ले जाया गया जहां से उसे बाराबंकी जिला महिला अस्पताल भेजा गया है।

मामला बाराबंकी जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र का है जहां 7 साल की एक बच्ची घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला नशे में धुत 30 वर्षीय युवक उसे बहला-फुसला कर अपने घर ले गया। वहां आरोपी ने मासूम के साथ दरिंदगी की। इस दौरान बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बच्ची की हालत देखी तो इसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन बच्ची की हालत देखकर दंग रह गए। परिजनों ने घटना की जानकारी फतेहपुर पुलिस को दी। घटना की जानकारी होती ही मौके पर फतेहपुर पुलिस पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार में ले लिया। बच्ची की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने बाराबंकी जिला महिला अस्पताल भेजा है। अपर पुलिस अधीक्षक सीएन सिन्हा ने बताया कि बच्ची का जिला महिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्ची की हालत अभी सामान्य बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# आ गया चुनाव तो झंड़े बदल रहे हैं...

**कवि सम्मेलन**

फतेहपुर,बाराबंकी

**अमृत विचार :** होली के पर्व पर श्री होलिकोत्सव समिति द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन कस्बे के मुंशीगंज में स्थित मिडिल स्कूल में किया गया। कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों ने काव्य प्रेमियों को हास्य कविताओं से लोटपोट करते हुए सनातनी, राष्ट्रवादी रचनाओं से जोश भर दिया।

मंगलवार को आयोजित कवि सम्मेलन की शुरूआत करते हुए लखनऊ से आए सौरभ जायसवाल ने पढ़ा, 'वैसे हंसी इस दौर में इतनी सस्ती नहीं, शुक्र इतना है कि हंसने पर जीएसटी नहीं', हरदोई के अजीत शुक्ल ने व्यंग करते हुए पढ़ा, 'चाटूकारिता के फंडे बदल रहे हैं, आ गया चुनाव तो झंडे बदल रहे हैं।' इटावा के गौरव चौहान के काव्य पाठ 'सरहद पर उड़े जो वीरता के कई रंग, सारा आसमान ही तिरंगा लगने लगा' पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। नोएडा की प्रियंका राय ने 'जीते होंगे लोग यहां धन, दौलत, शोहरत की खातिर, सच कहती हूं कि मैं तो हिदुस्तान की खातिर जीती हूं' पढ़कर देशभक्ति का जोश भर दिया। बाराबंकी के डॉ. ओमशर्मा ने 'राम गले रहमान मिले ऐसी प्रीति की रीति सिखा गई होली, भंग मिली उमंग में तो हर अंग में रंग लगा गई होली तो लखीमपुर के नवल सुधान्शु ने 'दो अयोध्या को वरदान ये रामजी, एक दिन देश की राजधानी बने' पढ़कर काव्य प्रेमियों की खूब वाहवारी लूटी। देर रात तक चले काव्य पाठ में कवियों की रचनाओं रूपी गंगा में श्रोता डुबकी लगाते रहे। इस मौके पर अनिल रस्तोगी, अतिशय खरे, शशी कुमार वर्मा, महेश रस्तोगी, अनुपम निगम, नीरज शर्मा, डॉ. रमेश चन्द्रा, सुरेन्द्र वर्मा, रजत निगम, विजयराम, राजेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित सैकड़ों काव्य प्रेमी आदि रहे।



कार्यक्रम में काव्य पाठ करते कवि। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### आचार संहिता उल्लंघन पर सी-विजिल एप पर करें शिकायत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण के लिए ऑनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। इस एप पर मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल ऐप का प्रयोग करने के लिए स्मार्ट फोन पर प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर अपने मोबाइल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से ऐप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल ऐप एक जीआईएस आधारित ऐप है, जिसमें बैनर, पोस्टर, फोटो, विडियो, आडियो साक्ष्य के रूप में अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी ऐप के द्वारा किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य शिकायतों व मतदाता सम्बंधित समस्याओं को डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर के टोल फ्री नम्बर-1950 व राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराया जा सकता है।

### कक्षा 5 के छात्रों को दी गई विदाई



विदाई समारोह के दौरान मौजूद कक्षा 5 के बच्चे। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बनकोट में कक्षा 5 के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की। सभी बच्चों को कक्षा 4 की छात्रा गुड़िया और मानवी ने रोली का टीका लगाया। कार्यक्रम के लिए विद्यालय को बच्चों, अध्यापकों और अध्यापिकाओं ने मिलकर सजाया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 5 के बच्चों ने विद्यालय के अपने अनुभव सांझा किए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के शिक्षकों ने कक्षा 5 के सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने, सफलता प्राप्त करने, मन लगाकर पढ़ाई करने और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सभी बच्चों को कॉपी, कलम, जेमेट्री बाक्स देकर पुरस्कृत किया गया। शिक्षकों ने कक्षा 5 के बच्चों को उपहार दिए।

### सब जगह मन को एकाग्र करने की आवश्यकता

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** संसार का सर्वोत्तम प्राणी मनुष्य है, पौराणिक मान्यता है कि मनुष्य योनि में जन्म बड़े भाग्य से मिलता है। यह विचार बहुत धाम के मानस सम्मेलन में तीसरे दिन की सभा में अमेठी से आए कृष्ण कुमार तिवारी ने व्यक्त किए। तिवारी जी ने मानव जीवन की श्रेष्ठता का विस्तृत विवेचन करते हुए बताया कि मानव ही अपने सुंदर आचरण और भक्ति से भगवान को प्राप्त कर सकता है क्योंकि उसके पास अच्छे बुरे का ज्ञान है। लखनऊ के प्रो .डॉ .जितेंद्र नाथ पांडेय ने शास्त्रों में सत्य, क्षमा, दया, त्याग, अहिंसा के महत्व का विवेचन किया। शिवशरण अवस्थी ने कहा कि ज्ञान की शोभा विनम्रता से होती है, तुलसी का मानस ज्ञान का भंडार है किंतु वे स्वयं को अज्ञानी एवं गनहीन मानते हैं, उनकी यही निरभीमानिता उनके साधुत्व की पहचान है। प्रेमदास कुटी के महंत लालता दास जी ने बताया कि चाहे संसार का कार्य हो या भगवान की भक्ति, सब जगह मन को एकाग्र करने की आवश्यकता है। एकचित्त व शुद्ध मन से काम करने से संसार और परमात्मा सधता है।



मानस सम्मेलन में बोलते वक्ता।

### बेटियों को सिखाएं आत्मरक्षा के गुर



शिविर में जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष-शिविर के चतुर्थ दिवस को प्रात: कालीन शिविर में शिविरार्थियों को सत्येन्द्र ओझा द्वारा सेल्फ डिफेन्स (आत्म रक्षार्थ) के हिप्स सिखाए गए। स्टमक पंच, फेस पंच नेक पंच की क्रियायें बालिकाओं को आत्म-रक्षा के संबंध में विस्तार से कराया गया। इसके बाद शिवा राठौर द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक परीक्षाओं मे सफलता के लिए विभिन्न प्रकार से डेमो दिखाए। बालिकाओं को प्रेरित करते हुए शिवा सिंह ने कहा कि जब आप महाविद्यालय पढ़ने के लिए घर से निकलती है तो अनेक पड़ोसी ताने देते हैं, आपको इन ताने को ताली में बदलना है। उन्होंने कहा कि चलनी में भी पानी ठहर सकता है, अगर उसे बर्फ बना दें। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. राम कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए बेनी बाबू

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी



पूर्व केंद्रीय मंत्री को श्रद्धांजलि देने सपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे बेनी प्रसाद वर्मा की चौथी पुण्यतिथि बुधवार को मोहन लाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट मे मनाई गयी। इस अवसर पर जिले के तमाम जनप्रतिनिधियों व बाबू जी से जुड़े हजारो की संख्या मे लोगों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बेनी बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आत्मशांति की प्रार्थना की । इस मौके पर समाजवादियों का एक बड़ा तबका और उनकी बड़ी तादाद देखने को मिली।

उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन तथा सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शोषित, वंचितों व सर्वहारा वर्ग के मसीहा थे। बेनी बाबू महान नेता थे, अपनी शर्तों पर वह राजनीति कर विकास को नई ऊंचाइयों पर जनपद को ले गए। राजनीति से जुड़े लोगों को इनसे सीख लेनी चाहिए । वह स्वच्छ राजनीति के हिमायती थे। ताकत में रहते हुए उन्होंने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया। पूरा देश स्व. बेनी प्रसाद वर्मा को विकासपुरुष के नाम से यूं ही नहीं जानता। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार मे मंत्री पद पर रहते हुए जिले का सर्वांगीण विकास किया ही साथ ही प्रदेश मे भी विकास को नए आयाम तक पहुंचाया। उन्होंने समाजवादियों की एक लंबी फौज तैयार की जो समाजवादी विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष अमर सिंह वर्मा, मिथिलेश वर्मा, पप्पू वर्मा, संतोष वर्मा, श्रवण कुमार समेत तमाम सपाई मौजूद रहे।

**हम नहीं सुधरेंगे...**




वाहन के पीछे लटक कर यात्रा करना खतरनाक साबित हो सकता है लेकिन इनको डर नहीं है। यह नजारा शहर के कोतवाली रोड के पास का है जहां एक मालवाहक वाहन के पीछे लटक कर यात्रा कर रहा है ऐसे मे एक बड़ी दुर्घटना हो सकती है। फोटो
फोटो : शशांक अटल बाजपेई

**तैयारी** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला जन्मोत्सव, राम नवमी पर होती है भारी भीड़

# उखड़ गई टेंट सिटी, होटल-धर्मशाला फुल

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों के लिए बनीं तीन प्रमुख समेत कई टेंट सिटी अब उखड़ गई हैं। होटल और धर्मशालाओं पर हाउस फुल के बोर्ड लगे हैं। ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले जन्मोत्सव में आने वाले भक्तों के लिए मठ-मंदिर ही ठौर बनेंगे। मठ-मंदिर भी इसके लिए तैयार हो रहे हैं। ज्यादा भीड़ हुई तो इसके लिए भी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले चैत्र राम नवमी मेले में अमूमन 20 से 25 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या आती थी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला राम नवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू होने वाला है। तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने की संभावना है। तर्क यह है कि प्राण प्रतिष्ठा के दो महीने बाद भी भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोज करीब एक लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं। ऐसे में राम जन्मोत्सव पर करीब 35 लाख भक्त आने की संभावना है। उनके लिए मठ मंदिर ही ठौर बनेंगे।

**क्या कहते हैं संत-धर्माचार्य**



राम दिनेशाचार्य

हरिधाम पीठ के महंत जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य ने कहा कि रामनवमी पर सभी मंदिरों में तरह-तरह के आयोजन होते हैं। राम कथाएं होती हैं। 10 दिन तक अनुष्ठान चलता है। रामलीला का आयोजन होता है। भगवान के जन्मोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। मंदिरों में व्यवस्था की जा रही है।



महंत अवधेश दास

बड़ा भक्त महल के महंत अवधेश दास ने कहा कि मठ-मंदिरों में शिष्यों और अनुष्ठान करने वाले भक्तों के रुकने की व्यवस्था की गई है। ये हर साल अनुष्ठान के लिए आते हैं। मठ से जुड़े श्रद्धालुओं को जगह दी जाएगी। अन्य श्रद्धालुओं की रुकने की व्यवस्था संभव नहीं हो पाएगी। प्रशासन को आने वाली भीड़ को लेकर विचार करना चाहिए।

# कमांडो के घायल होने के मामले की तस्वीर साफ नहीं

**सीसीटीवी खंगाले**

**अयोध्या, अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार शाम एके-47 की गोली लगने से घायल पीएससी प्लाटून कमांडर के मामले में अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। पीएसी के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सुजीत कुमार पांडेय व आईजी मध्य क्षेत्र अपर्णा कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने बुधवार को परिसर पहुंकर विस्तार से घटनाक्रम की जांच की। परिसर के सीसीटीवी की फुटेज को खंगलवाया। आईजी प्रवीण कुमार व एसएसपी राजकरन नय्यर ने भी घटनाक्रम की जानकारी ली।

वहीं छाती पर बायीं तरफ गोली लगना और गोली का सीधे आर-पार हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। घायल कमांडर के बयान का इंतजार है। करीब छह माह से रामजन्मभूमि परिसर की कमांडो सुरक्षा ड्यूटी में तैनात लखनऊ की 32 बटालियन पीएसी के ए दल के प्लाटून कमांडर सूबेदार मेजर रामप्रसाद (50) पुत्र अवसान निवासी ग्राम अचलपुर थाना जायस जनपद अमेठी को मंगलवार शाम करीब 6 बजे परिसर स्थित पीएसी पोस्ट में ही संदिग्ध हालात में एके-47 की गोली लग गई थी।

# 60 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लक्ष्य को पाना है

## भाजपा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह, राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। अमृत विचार


होली मिलन समारोह में मौजूद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के देवा मार्ग पर भटेहटा स्थित एक निजी लॉन में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के तमाम भाजपा पदाधिकारियों सहित शक्तिकेंद्र स्तर के कार्यकर्ता भी जुटे।

भाजपा की लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने के बाद राजरानी रावत का होली मिलन समारोह में अभिनंदन भी हुआ। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि चुनाव में पड़े वोट का 60 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लक्ष्य को हासिल करना है जिसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को चुनाव के पूर्व 55 दिन पूर्णकालिक की तरह कार्य करना होगा। प्रदेश में कांग्रेस शून्य है, ऐसे में कांग्रेस का सपा से गठबंधन अप्रासंगिक है। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि मोदी-योगी सरकार के दौरान जिले में विकास की रफ्तार तेज हुई है। महादेवा कॉरिडोर का लगभग 48 करोड़ से निर्माण की स्वीकृति मिलना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। केडी सिंह बाबू स्मारक की स्वीकृति सहित भाजपा सरकार के दौरान जिले में हुए कई विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचा कर जिले में इतिहास रचना है। लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत ने कहा कि वह बाराबंकी की बेटी और बहु दोनों हैं। भाजपा में रहते हुए चलना सीखा है, मगर थकना नहीं सीखा। इस दौरान विधायक सांकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, लोकसभा प्रभारी विनोद मिश्रा, शरद अवस्थी, हरगोविंद सिंह समेत अन्य भी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत में बिना बोर्ड की बैठक के हो रहा प्रस्ताव


ईओ ज्ञापन सौंपते सभासद। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** बोर्ड मीटिंग मे बिना प्रस्ताव पास कराये अपने खास ठेकेदार को आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का ठेका देने का आरोप लगाते हुए सभासदों ने ईओ के नाम का ज्ञापन कार्यालय में मौजूद लिपिक को सौंपा है। आदर्श नगर पंचायत दरियाबाद के वार्ड के सभासदों का आरोप है की बीते 26 फरवरी को शिकायती पत्र सौंप कर व शिकायत करने के बाद भी बिना बोर्ड मीटिंग के प्रस्ताव पास न किए जाएं जबकि फर्जी तरीके से नियम विरूद्ध आउटसोर्शिंग के टेंडर कराये जा रहे हैं। मौजूदा समय में आदर्श आचार संहिता भी लगी हुई है फिर भी कार्यालय के द्वारा अपने खास ठेकेदार को ठेका देने का प्रयास हो रहा है। अगर इसी तरह नियम विपरीत बिना बोर्ड मीटिंग में प्रस्ताव पास कराये काम होता रहा तो इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से करने की बात सभासदों ने कही है। ज्ञापन देने वालों में दिलदार, अर्तिया खातून, पिंकी, शबीना बानों, धर्मेंद्र समेत कई सभासद शामिल हैं।

### एसडीएम के आवास पर हुआ होली मिलन समारोह

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के सरकारी आवास पर बुधवार को राजस्व परिवार एवं पत्रकारों की उपस्थिति में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व परिवार एवं पत्रकारों ने एक दूसरे के साथ अमीर गुलाल के साथ होली खेली। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह सहित राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों ने होली गीतों चुटकुलों के माध्यम से माहौल को खुशनुमा कर दिया। समारोह में उप जिलाधिकारी के अलावा तहसीलदार पूजा ठाकुर, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल संग्रह अमीन सहित बड़ी संख्या में राजस्व कर्मी व पत्रकार मौजूद रहे।

### शांति भंग को लेकर 63 के खिलाफ की गई कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** त्योहारों व चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा शांति भंग की आशंका को देखते हुए बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से 63 लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका को लेकर कार्रवाई की गई। बुधवार को ही दो वारंटी व तीन वांछित अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया।

# बेंच व बार के बीच बना रहेगा सद्भाव

हैदरगढ़, बाराबंकी


होली मिलन समारोह में अधिवक्ता को सम्मानित करते आयोजक।

**अमृत विचार :** हैदरगढ़ तहसील बार एसोसिएशन के तत्वाधान में बुधवार को तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

समारोह में अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों कर्मचारियों ने एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर और गले मिलकर एक दूसरे को आपसी भाईचारे और सद्भाव के पर्व होली की शुभकामनाएं दी। उप जिलाधिकारी ने आशा जताई कि यह सद्भाव पूरे वर्ष बार और बेंच के बीच ऐसे ही बना रहेगा और वादकारियों के हित में मिलकर काम होगा। जिससे उनको समय से न्याय मिल पाएगा । तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, महामंत्री कुंवर बहादुर यादव ने भी बार एसोसिएशन की ओर से भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। होली मिलन में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व अधिकारियों के अलावा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह, विजय राज सिंह बृजेंद्र प्रताप सिंह कुलदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता साथी शामिल रहे।

# जज के साथ डीएम-एसपी ने किया जेल का निरीक्षण


जेल का निरीक्षण कर वापस लौटते अधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द्र, डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश सिंह ने जेल का निरीक्षण किया। यहां बंदियों ने जेल प्रशासन से संबंधित कोई शिकायत नहीं की। जेल में सफाई व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था एवं भोजन व्यवस्था आदि का गहन निरीक्षण किया गया।

अस्पताल वार्ड, पाकशाला, महिला बैरक, किशोर बैरक, खाद्यान्न स्टोर की भी सघन जांच की गई। यहां सफाई मिलने पर उन्होंने जेल प्रशासन की तारीफ की। अधिकारियों ने कहा कि जो बंदी या कैदी विधिक सहायता लेने में असमर्थ है उनकी मदद की जाए और जिला विधिक प्राधिकरण को पत्र भेजें जिससे उन्हें सहायता दिलाई जा सके। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक कुन्दन सिंह जेलर आलोक शुक्ला , सहित जेल कर्मचारी मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत भगवान पुर चौराहा पर गांव से मंगलवार देर रात गश्त के दौरान एक व्यक्ति को देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में था।

राम सनेही घाट कोतवाली प्रभारी ओपी तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम को देख एक युवक भागा तो उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। तालाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान पवन कुमार लोध पुत्र राजेश उर्फ गुल्ले निवासी हटिया कस्बा सिद्धौर थाना असंदरा के रूप में हुई है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं रुक्मा देवी (Rukma Devi) अपने पुत्र शंकर सिंह के आर्मी नं.– 4205699W, ग्राम –मालाझूला हल्द्वानी पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रूक्मनी पानू (Rukmani Panoo) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में रुक्मा देवी (Rukma Devi) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े बेटे रामनाथ का चाल चलन व रवैया बहुत खराब है। उसकी संगति बुरे लोगों के साथ है इसलिए वह मेरे व परिवार के साथ दुर्व्यहार करता है। बड़े बेटे रामनाथ पुत्र राजकुमार से तंग आकर अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। रामनाथ द्वारा किए गए किसी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम भमैचा पोस्ट सिसवरिया थाना मोतीगंज गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने बड़े बेटे नीरज कुमार का चरित्र व आचरण ठीक नहीं होने के कारण उसे अपनी सम्पूर्ण चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य से मुझे कोई वास्ता सरोकार नहीं है और न ही भविष्य में कभी होगा। **भारत लाल पुत्र चौहान निवासी– अहिनवार, राती, मोहनलालगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**


# संघ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत


संघ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय का पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ मे स्वागत किया गया। श्री पांडेय ने कहा की शिक्षक हित के लिए सदैव संघर्ष करता रहूँगा। विवेक कुमार गुप्ता द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया गया और कहा गया की सभी शिक्षक आपके संघर्ष में साथ है। इस मौक़े पर अभिषेक श्रीवास्तव ,अजय प्रताप सिंह, ललित शुक्ला, श्रवण शुक्ला, योगेन्द्र मिश्रा, अभय प्रताप सिंह, कुलदीप मिश्रा, शाहरुख अली, उदित गुप्ता, योगेन्द्र मिश्रा, योगेन्द्र मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, अखिल बाजपेयी, आनंद कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत की शुरुआत

हैदरगढ़, बाराबंकी


कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कस्बे में बुधवार से श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ भव्य शुभारंभ हो गया। बैंड-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा आज गंगा गोमती तट पर स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां मुख्य यजमान अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा पूजा-अर्चना कर सार्वजनिक इंटर कॉलेज के बगल स्थित आवास पर कलश स्थापना की गई।

श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे और शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक होगी। कथा वाचक पं. रामानुजाचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से कई जन्मों के पाप कट जाते हैं और हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। इससे हमारे जीवन में सार्थकता आती है। शोभायात्रा में विपिन साहू, देवानंद पांडेय, शिवम, सुनील, सुशील, किरण, गौरव, सुबोध, चिन्मय, सर्वेश, प्रखर सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। वहीं हैदरगढ़ के ग्राम बल्लूपुर से श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा आदि गंगा गोमती तट पर स्थित औसानेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां मुख्य यजमान अनिल कुमार तिवारी द्वारा पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की गई। कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश अवस्थी, राजेश तिवारी, रवि, राज किशोर सहित अन्य रहे।

# भाजपा सरकार में हो रही मानवता की हत्या

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी


संयुक्त बैठक में बोलते कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा सरकार में इंसानियत मानवता की हत्या की जा रही है। अपना हर वादा तोड़ने का काम भाजपा सरकार ने किया है। आम आदमी पार्टी का जन्म ही संघर्ष से हुआ है, उसे खत्म करने का मंसूबा भाजपा का कभी कामयाब नहीं होगा। उक्त उद्गार आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया के ओबरी आवास पर आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में विकास पुरुष स्व. बेनी प्रसाद वर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात व्यक्त किए।

तनुज पुनिया ने कहा कि हम सभी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरबिन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी की मोदी सरकार की ओछी हरकत की निन्दा करते हैं और आपकों विश्वास दिलातें हैं कि इस न्याय और इंसाफ की लड़ाई में हम आपके साथ हैं। भाजपा सरकार में देश को बेचा जा रहा है और उसके खिलाफ आवाज उठानें वाले को संवैधानिक संस्थाओं से डराया और धमकाया जाता है। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, कौड़िया बाजार

**अमृत विचार:** कौड़िया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक गांव में नाबालिग संग दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि किशोरी जब शौच के लिए गयी थी तब गांव के ही एक किशोर ने उसके साथ रेप किया। पीडिता ने घर पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी तो परिजन थाने पहुंचे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

कौड़िया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी जब शौच के लिए घर से बाहर गयी आती तभी गांव के ही एक किशोर ने उसके साथ जबरदस्ती की। बेटी ने वापस लौटकर घटना की जानकारी दी। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। इसके बाद परिवार के लोग थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी भी नाबालिग है, इसलिए उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। वहीं, पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। मामले में अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### छेड़खानी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के एक गांव की शादीशुदा महिला ने उमरी थाने पहुंचकर अतुल तिवारी पुत्र जमुना तिवारी के खिलाफ प्रताड़ित करने भद्दी भद्दी गाली गलौज देने व अकेला पाकर अश्लील बात करने व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया हैसाथ ही अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने का भी आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की जिसके बाद उमरी थाने में प्रतिवादी अतुल तिवारी के खिलाफ छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

आस्था | श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में भक्तों ने निकाली निशान शोभायात्रा, फूलों की होली भी खेली, सजाई गई खाटू श्याम की मनमोहक झांकी

# डीजे की धुन पर नाचते–गाते और अबीर उड़ाते निकले श्रद्धालु

फतेहपुर,बाराबंकी


नगर फतेहपुर में खाटू श्याम की निशान शोभायात्रा में शामिल भक्त।

**अमृत विचार :** श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में भक्तों द्वारा निशान शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान लोग डीजे पर बज रहे भजनों पर नृत्य करते हुए अमीर-गुलाल उड़ाते व फूलों की होली खेलते चल रहे थे। शोभायात्रा के अंत में भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कस्बे के श्री शक्तिधाम महादेव तालाब परिसर में भगवान खाटू श्याम की सुन्दर झांकी रथ पर सुसज्जित की गयी। वहीं भक्त पीत वस्त्र धारण हाथों में पताकाएं लेकर शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल से चलकर तहसील चौराहा, ब्लाक तिराहा, सट्टी बाजार, बेलहरा चौराहा, मुंशीगंज, महावीर मार्ग, ब्रम्हणी टोला होते हुए मोहल्ला पचघरा में स्थित ओम शिवालय मन्दिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस यात्रा के दौरान बज रहे भजन कभी रूठना न मुझसे तू श्याम सांवरे, एक आस तुम्हारी है विश्वास तुम्हारा है, हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, साथी हमारा कौन बनेगा तुम न होगे तो कौन सुनेगा। पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जायेगे आदि भजनों पर भक्त अमीर गुलाल उडाते हुए नृत्य कर रहे थे। वहीं रास्ते में श्याम प्रेमियों द्वारा शोभायात्रा के दौरान जगह जगह पुष्पवर्षा की गयी। इसके बाद ओम शिवालय मंदिर में भंडारा लगाया गया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक राजीव नयन तिवारी, रामू तिवारी, जगदीश कुमार, जगन्नाथ गुप्ता, विद्याकांत द्विवेदी, हदृेश श्रीवास्तव, सूरज गुप्ता, ज्ञानू सिंह, आयुष यादव आदि मौजूद रहे।

### नौ कुंडीय महायज्ञ शुरू


कलश यात्रा में शामिल भक्त।

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील रामनगर अंतर्गत अमोली कला में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ व संगीत मयी श्री पावन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। ग्राम अमोली कला स्तिथ श्री राम जानकी मंदिर से बुधवार को भव्य कलश यात्रा की शुरुआत की गई। जिसमे सैकड़ों महिलाओं व युवतीयों ने सिर पर कलश रखकर मातन ताल होते हुए गांव के मार्गों का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां पर यज्ञाचार्य ने कलश स्थापना कर महायज्ञ का शुभारंभ किया। सुरेश चंद शास्त्री ने बताया कि यह सभी कार्यक्रम शांतिकुंज से पधारी टोली टोली नायक मानसिंह के नेतृत्व में संपन्न होंगे।















**17वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.27 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .32 बजे
इफ्तार :06.22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# होलिकोत्सव : गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

शिवगढ़, रायबरेली।

- आकर्षण का केंद्र बने रथों में सजी भगवान की सुंदर झांकियां
- शोभायात्रा में विशेष, अपर्णा व गिरिराज आदि ने अदा किया अपना-अपना किरदार

**अमृत विचार**। शिवगढ़ क्षेत्र के बैंती कस्बे में होली के तीसरे दिन धूमधाम से होलिकोत्सव मनाया गया। भगवान की पालकी, भव्य शोभायात्रा व भगवान की आकर्षक झांकियां निकाल कर घर-घर घुमाई गई। डीजे के साथ सैकड़ों की संख्या में चल रहे युवा भक्ति एवं होली गीतों पर जमकर थिरके।

गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत बैंती में करीब 300 वर्षों से होली के तीसरे दिन धूमधाम से होलिकोत्सव कार्यक्रम मनाया जाता है। अरुण कुमार मिश्रा के दरवाजे भगवान की पालकी सजाकर पूर्व खण्ड विकास अधिकारी रामलोचन मिश्रा के दरवाजे स्थित शिव मन्दिर प्रांगण में मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण-राधा की पालकी निकालकर घर-घर घुमाई गई। भगवान के घर आने की प्रतीक्षा में श्रद्धालु रात्रि 11 बजे तक पलके बिछाए बैठे रहे। हर घर में पूजा के समय बजते शंख, घंटे, घड़ियाल एवं भक्तों द्वारा लगाए जा रहे जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।



शोभायात्रा में देवों के रूप में अभिनय करते बच्चे। अमृत विचार

शोभायात्रा में निकली भव्य झाकियों में विशेष गुप्ता ने शंकर, अपर्णा गुप्ता ने गौरी, गिरिराज गुप्ता ने कृष्णा, अक्षिता गुप्ता ने राधा, अंश मौर्य ने संकट मोचन बजरंगबली, वेदिका गुप्ता, मानवी गुप्ता ने राधा की सखी गोपिका, आर्यन उर्फ अटल व सौरभ ने फौजी का अभिनय कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रथों पर सजी मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसके साथ ही करीब एक दर्जन टोलियां एवं धंवारी मंडलियों ने फागुन गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन हर्षित राज राठौर, लकी साहू, शिवम मिश्रा, हरिज्ञान जायसवाल, गौरव शुक्ला, शिवम मिश्रा, देवेश गुप्ता, प्रशान्त मिश्रा, अरुण मिश्रा, शिवांग साहू, शुभम शुक्ला, रामशंकर गुप्ता, अंकित बाजपेई, शुभम शुक्ला, शिवम गुप्ता, महेश मिश्रा, अंकुर गुप्ता, सचिन जायसवाल, अतुल सिंह, आलोक बाजपाई, मनीष साहू, हरिगोविंद मौर्य, कमल किशोर रावत आदि लोगों के नेतृत्व में किया गया।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जानकीशरण जायसवाल, डॉ. शरद मिश्रा, सर्वेश मिश्रा, पुत्तन तिवारी, गोपाल जायसवाल, हरिओम जायसवाल, मोहित गुप्ता, शुभम गुप्ता, शुभम जायसवाल, मोहित साहू, ओम प्रकाश अवस्थी, शैलेंद्र तिवारी, आशीष त्रिवेदी, ललित बाजपेई, अंकित बाजपेई, नीरज बाजपेई, विकास शुक्ला, आशीष अवस्थी, धीरज बाजपेई, पुत्तन तिवारी, संजय रावत सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा में भ्रष्टाचार, एक ही प्रश्नपत्र में दो विषयों की करा दी परीक्षा


- बेसिक शिक्षा विभाग की वार्षिक परीक्षा बनी मजाक
- दो घंटे तो किसी प्रश्नपत्र में ढाई घंटे का दिया समय

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार**। बेसिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार इन दिनों चरम पर है। शुरुआती बजट को खपाने में लगे जिम्मेदारी परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य तक में खानापूरी करते दिखाई दे रहे हैं। परीक्षा के शुरुआत में तमाम खामियां आने के बाद भी सुधरने के बजाये सिर्फ लीपापोती ही करते रहे हैं। अंतिम दिन तो हद ही हो गई। कई शिक्षकों में ट्रेनिंग पर भेज दिया गया। वहीं एक प्रश्नपत्र में दो विषयों के प्रश्न छपवाकर भेज दिया। प्रश्न देखा तो बच्चे भी परेशान हो गए। समस्या शिक्षकों को बताई। बाद में पता चला कि सबको अपनी सुविधा के अनुसार करना है। इतना ही नहीं प्रश्नपत्र में समय तक गलत अंकित कर दिया गया। किसी में दो तो किसी में ढाई घंटे दर्शाया गया।

परीक्षा के अंतिम दिन बुधवार को प्रथम पाली में गृह शिल्प और कृषि की परीक्षा, जबकि द्वितीय पाली में खेल और स्काउट गाइड की परीक्षा कराई गई। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रश्नपत्र छपवाने के दौरान समय का ध्यान नहीं दिया गया। प्रथम पाली की परीक्षा का समय दो घंटा और द्वितीय पाली में परीक्षा का समय ढाई घंटा अंकित कर दिया गया। इतना ही नहीं हद तब हो गई जब एक ही प्रश्न पत्र में दो विषयों के प्रश्न जोड़ दिए। एक ही पेपर में कृषि और गृह विज्ञान विषय के प्रश्न देखकर शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एक ही पेपर में दो विषय देखकर बच्चों का सिर चकरा गया। प्रथम पाली में परीक्षा का समय दो घंटा लिखा था जबकि परीक्षा ढाई घंटे की थी।

यही गलती दूसरी पाली में हुई एक ही प्रश्न पत्र में दो विषय सम्मिलित कर दिए गए। खेल और स्काउट गाइड दोनों विषय के प्रश्न एक ही पेपर में देखकर बच्चों को उत्तर लिखने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। यह कोई पहली बार नहीं बल्कि पूरी परीक्षा के दौरान शिक्षकों को अव्यवस्थाओं से जूझना पड़ा। इस दौरान जिम्मेदार मुंह चुराते नजर आए। हालांकि पहले दिन जब बेसिक शिक्षा अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने यह कहते हुए टाल दिया कि शिक्षकों को जानकारी दे दी गई है।



वार्षिक परीक्षा-2024
वार्षिक परीक्षा-2024

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए प्रश्नपत्र, अलग-अलग समय के साथ ही एक ही प्रश्नपत्र में दो विषयों के पूछे गए प्रश्न।

### परीक्षा से ज्यादा प्रशिक्षण की अहमियत

शैक्षिक सत्र समाप्ति की ओर है। ऐसे में कई प्रशिक्षण अभी तक पूरी नहीं हो सके। बजट होने के कारण इसको भी खपाने का दबाव है। ऐसे में परीक्षा को दरकिनार कर प्रशिक्षण को प्रमुखता से कराया जा रहा है। मानो ऐसा लगता है कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए कक्षा 1 से 8 की परीक्षा की कोई अहमियत नहीं है। यह बात ऐसे साबित होती है कि परीक्षा की अंतिम दिन स्कूल में परीक्षा चल रही है और शिक्षक शिक्षिकाओं को बीआरसी में आउट ऑफ स्कूल विषय पर ट्रेनिंग पर बुला लिया गया।

### बजट गोलमाल में मुख्यालय तक संलिप्त

एक ओर शिक्षक स्कूल में परीक्षा करवा रहे हैं और उसी शिक्षक का नाम बीआरसी पर ट्रेनिंग में चल रहा है। ट्रेनिंग हवा में चल रही है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को परीक्षा, बच्चे और शिक्षकों की चिंता से ज्यादा ट्रेनिंग में खर्च होने वाले बजट की है। यही वजह है कि परीक्षा के दिनों में ही बीआरसी पर ट्रेनिंग लगा दी गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है की 27 तारीख को परीक्षा समाप्त होने के बाद 28 तारीख में परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, अंकों का वितरण, अंक पत्र बनाना आदि कार्य मात्र एक दिन में करने हैं। 28 और 29 की छुट्टी के बाद 30 तारीख को परीक्षा फल वितरण करना है। बीईओ द्वारा 27, 28, 29 की बीआरसी पर ट्रेनिंग लगी होने के कारण परीक्षा कौन कराएगा, कॉपी कौन चेक करेगा, रिजल्ट कौन बनाएगा और परीक्षा फल वितरण कौन करेगा, इसका किसी के पास जवाब नहीं है। अंदरखाने में मुखिया पर ही बजट खपाने के निर्देश देने की बात कही जा रही है।

# 31693 युवा मतदाता पहली बार करेंगे अपने मत का प्रयोग

संवाददाता, रायबरेली

- लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सख्त

**अमृत विचार**। इस बार लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। इस बार मतदाता सूची में 31693 युवा मतदाता बढ़े है। यह सभी युवा मतदाता 18 व 19 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। सभी युवा मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव में अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर पसंदीदा जनप्रतिनिधि को चुनेंगे।

पहली बार मतदान करने के लिए सभी युवा मतदाता उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर जहां प्रशासन कमर कस चुका है और चुनाव आयोग के निर्देशन में जिला प्रशासन चुनाव को पूरी पारदर्शिता के तहत सम्पन्न कराने के लिए जुटा हुआ है। वहीं यह मतदाता पहली बार अपने मताधिकार को लेकर उत्साहित है। रायबरेली में पांचवे चरण में मतदान होना है। जिसके लिए जनपद में 1464 मतदान केंद्र बनाए गए है वही 2236 मतदेय स्थल बनाए गए है। इन केंद्रों की निगरानी के लिए अधिकारियों की भी तैनाती कर दी गई है। जिले में बने नए मतदाता इस बार 20 मई को होने वाले चुनाव में पहली बार अपना मतदान कर अपने पसंदीदा प्रत्याशी को जिले की नुमाइंदगी करने के लिए संसद भेजेंगे।

पहली बार मतदाता सूची में नाम आने पर आकाश, अंजली, मोहित अरुण, साधना आदि ने बताया कि पहली बार हमारा नाम मतदाता सूची में आया है। हम लोग पोलिंग बूथ के अंदर जाकर पहली बार अपने नेता का चुनाव कर पाएंगे।

# मतदान के लिए डीएम व एसपी ने मतदाताओं को दिलाई शपथ

**संवाददाता, ऊंचाहार**। प्रशासन की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिन बूथों पर पिछले चुनावों में मत प्रतिशत कम था वहां पर लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कस्बा स्थित मुस्तफाबाद प्राथमिक विद्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया । बुधवार को आयोजित मतदाता जागजरूकता कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने पहुंचकर मतदाताओं में उत्साह और युवा मतदाताओं में ऊर्जा का संचार किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में मौजूद बीएलओ से मुस्तफाबाद बूथ के सम्बंध में जानकारी हासिल की और उन्हें मतदाताओं को प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान बेहद आवश्यक है।

## सार-संक्षेप

### नहर में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार**। बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली क्षेत्र के मांझगांव के पास जौनपुर ब्रांच नहर पुल के पास पानी में अज्ञात युवक का शव उतराता देख लोगों में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को बाहर निकलवाया। शव करीब तीन दिन पहले का बताया गया है। प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। शव नहर के पानी के साथ बहकर आया है इसलिए दूर का हो सकता है। आसपास के थानों से और सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान दीपू सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि नहर के पानी के साथ बहता हुआ शव देखे जाने की बात आग की तरह फैल गई जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

### पेड़ से लटका मिला युवती का शव

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार**। कोतवाली क्षेत्र के कुंडवल गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से युवती का लटकता शव मिलने से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव की महिला रूपा पत्नी देशराज ने पुलिस को बताया कि उसकी ननद बिटाना मानसिक रूप से बीमार रहती थी। वह अक्सर घर से गायब हो जाती थी। वह इधर तीन-चार दिनों से गायब थी। बुधवार की सुबह जब शौचक्रिया के लिए लोग खेतों की तरफ गए थे तब उन्हें पेड़ पर दुपट्टे के सहारे युवती का लटकता हुआ शव मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### युवक को कार से मारी टक्कर, हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार**। जान से मारने की नीयत से सनकी शख्स ने युवक को कार से टक्कर मार दी। घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के पट्टीरहस कैथवल गांव का है। गांव निवासी कृष्ण देवी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि रविवार की रात गांव के पास निर्माणाधीन बाईपास पर गांव के दीपक सोनी ने जान से मारने की नीयत से उसके बेटे शुभम सिंह को कार से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके दोनों पैर टूट गये और उसकी आंख व सिर में गम्भीर चोटें आई हैं।

### युवक पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार**। भदोखर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला ने मंगलवार की देर शाम गुरुबक्शगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका मायका गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र का ही एक गांव है। महिला ने उसी गांव के एक युवक पर अपनी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया कि उसकी बेटी पढ़ाई लिखाई के लिए अपने ननिहाल में ही रह रही थी। मंगलवार की शाम उसकी बेटी गांव के ही सरताज की दुकान में सामान लेने जा रही थी तभी गांव के ही दिलीप पुत्र रामचन्द्र ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए रिमाण्ड के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### मोबाइल हैक कर की रूपये की मांग

**सलोन, रायबरेली**। सलोन में साइबर अपराधियों ने एक व्यवसाई का मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उसकी न्यूड फोटो बनाकर उसके सभी रिश्तेदारों को भेज दी। इसे रोकने के लिए पाकिस्तानी नंबर से पैसे की मांग की जा रही है। पीड़ित युवक ने घटना की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। सलोन कस्बे के गोरही मोहल्ले के रहने वाले शुभम सोनी पुत्र प्रदीप सोनी के मोबाइल पर सुबह एक पाकिस्तानी नम्बर से मैसेज आया कि उसने पांच हजार का लोन लिया है। लोन नहीं चुकाने पर धमकी दी गई। इसके बाद पाकिस्तानी हैकर फोन पर युवक को धमकाकर उसका मोबाइल हैक कर लिया। युवक ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि साइबर अपराधियों ने मोबाइल का डाटा हैक कर लिया। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कस्बे के युवक द्वारा मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है।

### घर में लगी आग से लाखों का समान जलकर राख

**नसीराबाद,रायबरेली**। बुधवार की सुबह लगभग 10 :30 बजे चूल्हे की चिंगारी से आग लगने के कारण एक घर जल गया । 7000 नकद के साथ गृहस्थी के दैनिक उपयोग के सामान भी जलकर राख हो गए। नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांव पिछवरिया मजरे भुआलपुर सिसनी में बुधवार को सुबह लगभग साढ़े दस बजे सुरेश विश्वकर्मा के घर में चूल्हे पर खाना बन रहा था। अचानक एक चिंगारी उड़कर छप्पर पर जा पड़ी और देखते ही देखते आग ने पूरे घर को लपेट में ले लिया। घर मालिक सुरेश की पत्नी और बच्चों की गुहार पर पहुंचे गांव वालों ने इंजन चलवाकर बाल्टियों से आग बुझा ली किन्तु कई प्रयास के बावजूद दमकल का फोन नहीं लगा।

### कब्जा हटवाने के लिए खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**सरेनी (रायबरेली)**। ग्राम सभा हसनापुर की बंजर भूमि को खाली कराने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र पर राजस्व कर्मियों ने झूठी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी। इससे परेशान होकर पीड़ित ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। थाना क्षेत्र के हसनापुर ग्राम पंचायत की भूमि गाटा संख्या 164/0 .1330 हेक्टेयर में गांव हसनापुर के ही चार-पांच लोगों ने कब्जा कर लिया है कब्जे को हटाने के लिए ग्राम हसनापुर के हेमंत कुमार शर्मा पुत्र हरिशंकर ने दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को समाधान दिवस में डीएम को प्रार्थना पत्र देखकर कब्जा हटवाये जाने की मांग की थी। डीएम ने हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को जांच करने का आदेश दिया था उक्त दोनों राजस्व कर्मी गांव आए और जांच कर कब्जा हटवाने की झूठी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी और शिकायत को रफा दफा कर दिया गया।

### ट्रक और लोडर में हुई भिड़ंत, लोडर चालक की मौत

**लालगंज, रायबरेली**। कोतवाली क्षेत्र के लालगंज के गेगासो मार्ग पर चोरहिया के निकट ट्रक और लोडर में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें लोडर चालक मोहम्मद अली पुत्र रहमत अली निवासी इब्राहिम गंज थाना काकोरी जिला लखनऊ की मौके पर ही मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि दुर्घटना के चलते ट्रक चोरहिया के ही पप्पू गोस्वामी के घर के सहन में जा घुसा, हालांकि उनके घर वालों को किसी तरह की चोट नहीं आई है। लेकिन मकान क्षतिग्रस्त हुआ है।

### प्रसूता के पति को पीटा, वीडियो वायरल

**रायबरेली**। मंगलवार रात किसी बात को लेकर एक प्रसूता के पति से मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। सदर कोतवाली क्षेत्र के जिला महिला अस्पताल के सामने महिला अस्पताल के कर्मचारियों ने महिला अस्पताल में प्रसूता के पति से मारपीट की है, जिसका वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। पीड़ित का आरोप है कि मामूली बात को लेकर महिला अस्पताल के कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट की है। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही, सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मधुमक्खियों के हमले से चार की हालत गंभीर

**जगतपुर, रायबरेली**। थाना क्षेत्र के पूरे कुमेदान में सरसों काटते समय मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। बुधवार को पूरे कुमेदान गांव निवासी श्यामकली, गुड़िया, राजरानी व अमित खेत में सरसो काट रहे थे। तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# मनीष की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं

संवाददाता, रायबरेली।

- मंगलवार को धर्म कांटे के पीछे मिला था मुंशी का शव

**अमृत विचार**। मिल एरिया थाना क्षेत्र के देवानन्दपुर गांव में मंगलवार को युवक का धर्म कांटे के पीछे अर्धनग्न अवस्था में शव मिला था। घटनास्थल के पास ही कुछ डंडे पड़े थे और शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए थे। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं मृतक के हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी तरह से चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे मौत का सही कारण नहीं पता चल सका है। पुलिस ने बिसरा सुरक्षित रखवा लिया है।

थाना क्षेत्र के देवानन्दपुर स्थित पापुलर धर्म कांटे में गांव का युवक मनीष मुंशी का काम करता था। जिसका शव मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने धर्म कांटे के पीछे अर्धनग्न अवस्था में देखा था। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस को घटनास्थल से कुछ डंडे भी बरामद हुए थे जिससे लग रहा था कि युवक की डंडों से पीट कर हत्या की गई है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका और न ही मृतक के शरीर पर कहीं कुछ चोट के निशान मिले हैं। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से पुलिस के लिए मुसीबत बढ़ गई हैं। वहीं मृतक के परिजनों ने धर्म कांटे के मालिक के खिलाफ हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है न ही चोट के निशान मिले हैं। परिजनों की तहरीर पर जांच की जा रही है जल्दी सच्चाई से पर्दा उठेगा।

# चुनाव प्रचार पर आयोग की सीधी नजर, टीम गठित

- लोस चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां की तेज

**संवाददाता, रायबरेली**। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर निर्वाचन आयोग ने कमर कस ली है। प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार में खर्च का ब्यौरा रखने के लिए टीम का गठन कर दिया है। इसमें विधान सभावार जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने संबंधित विभागध्यक्ष को पत्र जारी कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने वीडियो विविंग टीम का गठन करते हुए सभी को निर्वाचन क्षेत्र में व्यय प्रेक्षक, नोडल अधिकारी, निर्वाचन व्यय, अनुवीक्षण तंत्र एवं सहायक व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में आयोग के निर्देशानुसार कार्यों और कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा है।

इसके तहत विधानसभा 177 बछरावां में प्रधानाचार्य जीपीआरपी इंटर कालेज कुर्री सुदौली रामवृक्ष, 179 हरचंदपुर में प्रधानाचार्य जीआइसी अटौरा बुजुर्ग उदय प्रकाश श्रीवास्तव, 180 सलोन में प्रधानाचार्य सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज सलोन अमित कुमार भारती, 182 सरेनी में प्रधानाचार्य लाल बहादुर शास्त्री शहीद इंटर कॉलेज सरेनी राकेश कुमार दीक्षित और 183 ऊंचाहार में प्रधानाचार्य जवाहर इंटर कालेज अरखा कमलेश को टीम में शामिल किया गया है। आरक्षित कार्मिक में श्रीगांधी विद्यालय इंटर कॉलेज बछरावां के प्रधानाचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव को रखा गया है।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की सी-विजिल ऐप पर करें शिकायत

**संवाददाता, रायबरेली** : आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर सी-विजिल ऐप पर कोई भी शिकायत कर सकता है। एप पर सौ मिनट के अंदर शिकायत का निस्तारण कर दिया जाएगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने और उसके निस्तारण हेतु ऑनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। इस एप पर चुनाव की घोषणा की तिथि से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# मीडिया सेल का गठन, खबरों पर करेंगे निगरानी

**संवाददाता, रायबरेली**। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष कराने के उद्देश्य से मीडिया सेल का गठन किया गया है। सेल की ओर हर दिन खबरों पर नजर रखी जाएगी। इसमें दीनशाह गौरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर बैंती सहायक अध्यापक अरुण कुमार मौर्य, बैसवारा इंटर कालेज लालगंज के कनिष्ठ सहायक बृजेश शर्मा, प्राथमिक विद्यालय पूरे लोधी डलमऊ सहायक अध्यापक विकास सिंह, आचार्य द्विवेदी इंटर कालेज रायबरेली सहायक अध्यापक पूजा सिंह, राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कालेज शंकरपुर कनिष्ठ सहायक रविंद्र सिंह, स्वास्थ्य विभाग कोविड कंट्रोल रूम में तैनात कंप्यूटर आपरेटर अजीत यादव को शामिल किया गया है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित विभागों को पत्र जारी कर दिया है।

# होली गीत व सांस्कृतिक नृत्य से गुलजार रही फागुन की रात

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार**। कस्बे के गनपत गली के समीप होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में देर रात होली गीतों और सांस्कृतिक नृत्य का दौर चलता रहा। कलाकारों ने होली जोगीरा, ग्रुप डांस, ब्रज और अवध की होली पर जमकर धमाल मचाया। नगर के गनपत गली के समीप खाद व्यवसाई तरुण रस्तोगी, सुनील अग्रहरि, गौरव रस्तोगी द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।



समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार व मौजूद लोग।

इस मौके पर मौजूद लोगों ने आए हुए अतिथियों को रंग, अबीर गुलाल लगाकर बधाइयां दी और होली मिलन व बृज के गीतों पर खूब घमाल मचाया। मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार कोरी ने कहा कि हमें अपने त्योहार, रीति-रिवाज, संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलता है।

उन्होंने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रंगों के त्योहार में भाईचारे, सौहार्दपूर्ण ढंग से खुशियों सहित मनाने का सौभाग्य हमें भी यहां पर मिला है। नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी ने कहा कि होली के पर्व पर सभी को आपसी द्वेष और अंहकार मिटाकर त्यौहार मनाना चाहिए। इस मौके पर रामजी रस्तोगी, लवी गुप्ता, राकेश मोदनवाल, आशीष रस्तोगी, दिनेश साहू, मुरारी साहू, विपिन कौशल, अंजनी साहू, सतेंद्र रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# स्नेह के रंगों की खुशबू में सराबोर हुए क्षेत्रवासी, मचाया धमाल

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार**। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष चंद्र कौशल के संयोजन में आयोजित होली मिलन समारोह में बुधवार को पारंपरिक परम्परा से ओतप्रोत ऐसा आयोजन हुआ, जिसमें स्नेह के रंगों की खुशबू से सभी सराबोर हो गए। ग्रामीणों ने फगुआ गीत से समा बांधा तो सभी वर्ग के लोगों ने सम्मिलित होकर एकजुटता का संदेश भी दिया।

नगर से जुड़े वेदांत पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री ने कहा कि पर्वों का संदेश सारे द्वेष मिटाकर एकजुट होने का है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि पर्व हमें प्रेम, अनुराग और भाईचारा के प्रेरणा देते हैं। समारोह को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सावापुर गांव की टोली ने फगुआ गीत गाया। जिसे सभी ने खूब पसंद किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से मनीष कौशल, राजेंद्र पासी, सुधीर गुप्ता बीडीसी, गुडडन यादव, विजय पाल, सुनील जायसवाल, बलि यादव, गेंदराज यादव, अर्जुन पासी, राहुल पासी, अरविंद शर्मा, ज्ञानेंद्र यादव, विजय यादव आदि मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल ऐप पर करें शिकायत

लोकसभा चुनाव 2024

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु ऑनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है।

उक्त एप पर चुनाव की घोषणा से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जीआईएस आधारित एप है।

जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने सभी से अपील किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में ऑनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।

# मारपीट कर रुपए छीनने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** रिश्तेदारी से वापस घर जाते समय एक युवक पर कुछ लोगों ने हमला करके उससे हजारों रुपए छीन लिए। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे मातादीन मजरे कंदरावा निवासी अनुज कुमार मंगलवार को अपनी बुआ के यहां गया था। वापस अपने घर लौट रहा था तभी रास्ते में बीकरगढ़ चौराहा पर वह रुककर सामान खरीदने लगा। इस दौरान कुछ लोगों ने उसकी जेब में काफी पैसा देखा तो अचानक उन लोगों ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट करके उससे चार हजार रुपए छीन कर भाग गए। घटना के बाद पीड़ित ने रुपए छीनने वालों का नाम, पता आसपास के लोगों से हासिल किया और कोतवाली में तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में नामजद लोगों की तलाश की जा रही है।

# ड्रोन से खेत में दवा व खाद का छिड़काव कर सकेंगे किसान

परशदेपुर, रायबरेली।



महाशक्ति स्वयं सहायता समूह की ऊषा को ड्रोन हैंडओवर करते कंपनी के अधिकारी।

**अमृत विचार।** किसान अब ड्रोन का उपयोग करके खेतों में कीटनाशक व दवाइयों का छिड़काव कर सकते हैं। इसके लिए बुधवार को कस्बे के प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर स्वयं सहायता समूह को ड्रोन हैंडओवर किया गया।

पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड की ओर से परशदेपुर में गेवड़े मैदान के सामने स्थित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर किसान गोष्ठी कर ड्रोन के फायदे बताए गए। रीजनल मैनेजर बी. कुमार ने बताया कि किसान कम राशि में पूरे खेत में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कर सकते हैं। बरसात के समय किसानों को दवाई छिड़काव के लिए खेत में जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब ड्रोन के माध्यम से वे आसानी से दवा का छिड़काव कर सकते हैं। उन्होंने महाशक्ति स्वयं सहायता समूह की ऊषा को ड्रोन हैंडओवर कर दिया है। एरिया मैनेजर अनिल कुमार मौर्य, संदीप कुमार, शुभम शुक्ला, विवेक पांडेय, दुर्गेश यादव, मो. इस्लाम, आसिफ, बाबर हादी, महेंद्र माही आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ई रिक्शा चालक महिला सम्मानित

**डीह, रायबरेली, अमृत विचार।** अपनी मेहनत से क्षेत्र में मिसाल बनी ई रिक्शा चलाने वाली महिला को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने सम्मानित किया। डीह कस्बे के भीरा मोहल्ला निवासी मीरा पासी अपने पति से अनबन रहने की वजह से अपने मायके में विधवा भाभी के साथ रहती है। उसकी पुत्री शालिनी चार वर्ष की है। मीरा पहले मजदूरी करती थी, जिससे परिवार की जीविका चलाने में कठिनाई आती थी। लगभग दो माह पहले मीरा ने लोन लेकर ई रिक्शा खरीदा और स्वयं चलाने लगी, जिससे उसे अच्छी आय होने लगी। जानकारी मिलने पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर मीरा पासी को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व प्रधान रंजीत सिंह, जगत प्रताप सिंह बघेल, प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र आग्रहरि, भाजपा मंडल महामंत्री राजकुमार द्विवेदी, प्रधान राजकुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, मनीष तिवारी, सचिन सिंह, दिनेश रावत आदि उपस्थित रहे।



महिला को सम्मानित करते अध्यक्ष।

### बछरावां में कार की टक्कर से तीन घायल

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के कूटी मोहल्ला के रहने वाले सुशील कुमार पुत्र भगौती ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 26 तारीख को दिन में लगभग 11:30 बजे के करीब अपनी बीमार पत्नी नीतू का अल्ट्रासाउंड कराने डॉक्टर के यहां जा रहे थे। वह जैसे ही बछरावां लालगंज रोड स्थित ओवर ब्रिज पर चढ़े। तभी सामने से आ रही कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिसमें उनकी पत्नी नीतू तथा सौरभ को गंभीर चोटे आ गई। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में जितेंद्र पुत्र अज्ञात निवासी किला मोहल्ला के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### महराजगंज में आग से जली गरीब की गृहस्थी

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के एक गांव में झोपड़ी रखकर गुजर-बसर कर रहे मंशाराम की फूस की झोपड़ी में अचानक आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। गांव के लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ। जुगराज पुर मजरे मोन गांव निवासी मंशाराम व उसकी पत्नी पूजा फूस की झोपड़ी में गुजर- बसर करते हैं। मंगलवार की रात करीब 9 बजे अचानक आग की लपटें देख गांव में चीख-पुकार मच गई। आग लगने से झोपड़ी में रखा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित मंशाराम ने बताया हम पति पत्नी मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल विवेक सिंह ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

### युवक को तमंचे के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने ओन डीह बार्डर के पास से एक अदद तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस के साथ गैर जनपद के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उप निरीक्षक हरि शंकर वर्मा मय हमराह देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान कुलदीप सोनकर पुत्र सुन्दरलाल सोनकर (24) निवासी ग्राम देवानंदपुर थाना मिल एरिया को ओनडीह बार्डर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया है।

### गुमटी में हजारों की चोरी, पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस

**अमेठी।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई के राजनगर चौराहा पर स्थित किराना की एक गुमटी से मंगलवार की रात बेखौफ चोरों ने हजारों रुपये की समग्री सहित 8 हजार रुपये की नकदी पार कर दी है। पीड़ित व्यवसाई ने स्थानीय पुलिस को तहरीर सौंपी है। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे इच्छाराम पंडित मजरे कुटमरा निवासी लवकुश साहू पुत्र राम केवल साहू की तिलोई स्थित राजनगर चौराहे पर किराना की दुकान है। वह बड़ी गुमटी में सामान रखकर लम्बे अरसे से लंबे दुकान संचालित कर परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की रात बेखौफ चोरों ने गुमटी के पटरे को काट कर उसमें रखी सामग्री व 8 हजार रुपये की नकदी पार कर दिया। पीड़ित व्यवसाई ने बताया कि 10 दिन पहले भी इसी गुमटी में चोरी हुई थी। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच पड़ताल कराई जा रही है।

### पुलिस ने पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा कर अहसास

**डलमऊ रायबरेली।** आगामी लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। लगातार कस्बा एवम ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल मार्च करके लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया जा रहा है। बुधवार को डलमऊ क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहार एवं डलमऊ कोतवाल पवन कुमार सोनकर ने आगामी लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व शांतिपूर्वक मतदान के लिए सशस्त्र सीमा बल व पुलिस बल के द्वारा डलमऊ कस्बे के शेखवाडा, मियांटोला, टिकैतगंज, शेरंदाजपुर, खटिकाना सहित अन्य मोहल्ले की गलियों में पैदल मार्च किया। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# तंबाकू और धूम्रपान जानलेवा है इसे आज ही छोड़े : सीएमओ

▸▸ मतदान केंद्रों पर साइनिंग बोर्ड पर जुर्माने की राशि अंकित कर लगाने का सीएमओ ने दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह ने बताया कि तम्बाकू सेवन जन स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाये, यह स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त ही हानिकारक है। तम्बाकू सेवन से अनेक बीमारिया होती है, जिसमें नपुंसकता, बांझपन एवं कैंसर प्रमुख रूप से है।

एन.एफ.एच.एस.-5 के अनुसार उत्तर प्रदेश में धुआरहित एवं धुंआसहित अनेक रूपों में तम्बाकू उपभोग 44.1 प्रतिशत है, जो कि अत्यन्त भयावह स्थिति है। जिससे भविष्य में अनेक असंचारी रोगों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन.टी.सी.पी.) का सफल संचालन एवं सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पाद, प्रदाय और वितरण व विनियमन) अधिनियम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है।



डॉ. अंशुमान सिंह सीएमओ

सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत समस्त सार्वजनिक स्थान यथा-सभागृह, शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रतीक्षालय, मनोरंजन केन्द्र, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थान, लोक परिवहन, पुस्तकालय आदि स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले प्रत्येक मेला, प्रदर्शनी, सार्वजनिक कार्यक्रमों अथवा ऐसे किसी भी कार्यक्रम, जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों के एकत्रित होने की सम्भावना हो, के मुख्य द्वार पर एवं मध्य में कम कम से 2 बैनर, होर्डिंग्स लगायी जायेंगी। उन्होंने कहा कि "सी.ओ.टी.पी.ए. -2003 की धारा-4 के अंतर्गत समस्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दण्डनीय अपराध है जिसका उल्लंघन करने पर दो सौ रूपये तक जुर्माना किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में पोलिंग बूथ को तम्बाकू मुक्त घोषित किये जाने की कार्यवाही की गयी है।

समस्त जन सामान्य से अनुरोध करते हुए कहा कि आगामी समस्त चुनावों में जनपद के समस्त मतदान प्रशिक्षण केन्द्रों, मतदान केन्द्रों के 100 गज की परिधि को तम्बाकू प्रतिबंधित क्षेत्र, आमजन को धुम्रपान, तम्बाकू उपयोग से होन वाली हानियों, दुष्परिणामों से जागरूक करने, मतदान केन्द्रों पर बोर्ड, साइनेज जिसमें 'धूम्रपान, तम्बाकू रहित क्षेत्र, यहां धूम्रपान करना एक अपराध है, लिखा जाए।

# पुलिस के सामने कब्जेदारी को लेकर हुई मारपीट

संवाददाता, अमेठी

▸▸ दोनों पक्षों में चली ईंट और लाठी डंडे, वीडियो वायरल

**अमृत विचार।** बुधवार की सुबह आबादी की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो सगे भाइयों के परिवार आमने सामने हो गए। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। विवाद में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें तीन युवकों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में पिछले कई दिनों से विवाद की स्थिति बनी हुई थी और जिस समय विवाद हुआ उस समय स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी, लेकिन तमाशबीन बनी रही।

पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा का है। यहां के रहने वाले सूर्य नारायण और इंद्रजीत दोनों सगे भाइयों में आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह इंद्रजीत अपने 5 बेटों अरुण, विनय, संदीप, अम्बुज और अंतिम के साथ विवादित जमीन पर कब्जा करने गया था।

इसी बीच सूर्य नारायण अपने बेटे विजय कुमार नाती दीपक और परिजनों के साथ दूसरे पक्ष पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में पास में ही मौजूद नल पर पानी भरने गए प्रदीप उर्फ दरोगा पुत्र जोखू प्रसाद भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को संग्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्रदीप, विनय और संदीप को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

# सफलता के लिए अनुशासन और एकाग्रता जरूरी : स्वामी ज्ञानानंद



बच्चों को सफलता के बारे में बताते स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज और साथ में प्रबंधक।

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल के बच्चों को सफलता के दिए टिप्स

**अमृत विचार।** श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने बच्चों को अध्यात्म का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि शिक्षा में प्रगति के लिए ध्यान का बहुत महत्व है। उन्होंने छात्रों को समझाते हुए कहा कि यदि वे अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं तो उन्हें मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक गजट से दूर रहते हुए पढ़ाई करनी होगी।

जीवन में सफल होने के लिए व आगे बढ़ने के लिए अनुशासन व एकाग्रता की बहुत आवश्यकता होती है। अतः यदि छात्र अपने जीवन में सफलता की ओर अग्रसर होना चाहते हैं तो उन्हें एकाग्रचित होकर पढ़ाई करनी होगी। वह व्यसनों से दूर रहना होगा।

विद्यालय प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह गांधी ने गीता मनीषी स्वामी दयानंद जी महाराज का आभार व्यक्त किया व छात्रों को बहुमूल्य समय व शिक्षा देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक द्वारा स्वामीजी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके बाद स्वामी जी ने समस्त अध्यापकों व छात्रों को प्रसाद देकर सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य जया तिवारी, उप प्रधानाचार्य विक्रम सिंह, जनसंपर्क अधिकारी आराधना मिश्रा, कोऑर्डिनेटर आयुषी दुबे, अंबुजा पटेल, राघवेंद्र सिंह, रमीज सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# खाकी भी नहीं सुरक्षित, दबंगों ने फाड़ी वर्दी

बछरावां, रायबरेली

▸▸ केस तो दर्ज लेकिन दो दिन बाद भी नहीं हुई कोई गिरफ्तारी

**अमृत विचार।** जिले में अराजकता कितनी बढ़ गई है यह अब किसी से छुपा नही रहा, जब सुरक्षा का जिम्मा लेने वाली खाकी ही असुरक्षित हो तो लोगों की हिफाजत कैसे होगी। ऐसी ही एक घटना बछरावा थाने में तैनात पुलिस कर्मियों के साथ घटी जिसमें अराजक तत्वों ने पुलिस की वर्दी तक फाड़ डाली।

मामले में विभाग की फजीहत होने के बाद दरोगा की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाने में तैनात उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार ने थाने में तहरीर देकर सेहगों गांव के दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने तहरीर में बताया कि वह सोमवार शाम सेहगों पूर्व गांव में वाहन चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान पूरब गांव की ओर से दो व्यक्ति तेज गति से आ रहे थे। जिनमें सेहंगो गांव का रहने वाला अमर सिंह पुत्र शंभू दयाल व दूसरा अरविंद पुत्र कल्लू शामिल है। दोनों तेज गति से बाइक से बिना हेलमेट के आ रहे थे जब उनको रोका गया तो वह होली पर चेकिंग को लेकर विवाद करने लगे। इस दौरान आरक्षी संतराज यादव घटना का वीडियो बना रहा था।

आरोप है कि दोनों आरोपियों ने सिपाही संतराज यादव का मोबाइल छीन कर पटक दिया। जिससे मोबाइल टूट गया है। जब आरक्षी आशीष यादव ने रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने उनकी वर्दी फाड़ दी और धक्का देकर गिरा दिया। दबंग युवाओं द्वारा जिस तरीके पुलिस के साथ यह कृत्य किया गया उससे पुलिस की भी बड़ी फजीहत हुई। लोगों का कहना है कि जब खाकी ही सुरक्षित नहीं रहेगी तो आम जन मानस का क्या हाल होगा।

पुलिस ने जहां दो दिन पूर्व हुई घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया था वहीं अभी भी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शर्मा ने बताया कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अनियंत्रित ट्रक ने स्कूटी सवार महिला अधिवक्ता को कुचला, मौत

**संवाददाता, अमेठी।** मुकुटनाथ ताला के पास स्कूटी से बाजार जा रही महिला अधिवक्ता और उसकी ननद को सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना में महिला अधिवक्ता की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं ननद मामूली रूप से घायल होकर ट्रक के नीचे आने से बाल-बाल गई है। घटना के बाद ट्रक को मौके पर छोड़ चालक फरार हो गया है। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के ताला और बारामासी चौराहे के बीच मुकुटनाथ मंदिर के पास का है। जहां बुधवार की सुबह करीब 11 बजे कालू का पुरवा सोनपुर मनकंठ गांव की रहने वाली अधिवक्ता दीक्षा तिवारी पत्नी संदीप तिवारी (28) अपनी ननद आरती तिवारी के साथ स्कूटी से अमेठी बाजार जा रही थी। दीक्षा जैसे ही ताला मोड़ से मुड़कर अमेठी की तरफ जाने लगी तभी सामने से तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दीक्षा ट्रक के नीचे आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि ननद आरती दूसरी तरफ गिरने से मामूली रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीण आनन फानन में एम्बुलेंस से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# गैंगेस्टर में फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**जगदीशपुर, अमेठी।** गैंगस्टर एक्ट व अन्य अपराधिक मामलों में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली मार्ग पर स्थित मोहिउद्दीन गांव मोड़ के समीप गश्त के दौरान जगदीशपुर थाना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम पवन कुमार गुप्ता निवासी पूरा उर्फ पूरे सुमेरपुर थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या बताया तथा उसके विरुद्ध जगदीशपुर कमरौली व कुमारगंज थाने में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसके विरूद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए फरार आरोपी की तलाश काफी अर्से से थी। गिरफ्तारी करने के बाद लिखा पढ़ी के उपरांत जेल भेज दिया गया है।









आयोजन | कसौधन उत्थान समिति की ओर से मतदाता जागरूकता होली मिलन समारोह कार्यक्रम

# अबीर-गुलाल के संग सजग मतदाता बनने का दिया संदेश

संवाददाता, रायबरेली





होली मिलन समारोह में तबला बजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करता प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कसौधन उत्थान समिति द्वारा मतदाता जागरूकता होली मिलन कार्यक्रम इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मेधावियों को सम्मानित किया गया। सबसे पहले महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर गणेश प्रसाद गुप्ता, सुंदरलाल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, ओंकारनाथ गुप्ता, अंजनी गुप्ता, देवी कुमार गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता के द्वारा माल्यार्पण और पूजन अर्चन किया गया।

बच्चों के रैंप शो को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। ग्रुप डांस जय श्री राम, शिव तांडव, घर मोरे परदेसिया, इतनी सी हंसी इतनी सी खुशी, हम हिंदुस्तानी, जिंदगी एक सफर है सुहाना, होली गीत, डांस पर चांस, झूठ बोले कौवा काटे, क्यों आगे पीछे डोलते हो गाने पर बच्चों ने धमाल मचा दिया। पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इस मौके पर पूर्व में आयोजित बुद्धि परीक्षा के परिणाम घोषित करते हुए बच्चों को पुरस्कार दिया गया। साथ ही साथ हाईस्कूल, इंटर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों अर्पिता, प्रत्यक्ष, प्रशंसा, प्रांजल, प्रेरणा, वर्धन को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए संरक्षक अतुल गुप्ता ने सभी लोगों से जिले में 20 मई को होने वाले मतदान में भागीदारी करते हुए मतदान करने की अपील की। रैंप शो में शौर्य, समृद्धि, राघव, अविका, अभिराम विनर, कृषिका आयांश, आरव रनरअप रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रशंसा, संस्कार, श्रद्धा गुप्ता, अविका, आरुष, प्रियांशी, आकृति, समृद्धि, शांभवी, अर्पिता, वृंदा, श्री गुप्ता, अगम्या गुप्ता, अविका गुप्ता, संस्कृति गुप्ता, समृद्धि गुप्ता, अर्नव गुप्ता, माधवी, वंशिका, वृंदा, गौरी, प्रत्यक्ष, संस्कार ने कार्यक्रम में चार चांद लगाएं। इस मौके पर अध्यक्ष प्रभाकर गुप्ता, स्वप्निल कसौधन, चंद्र प्रकाश गुप्ता, सुधा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, भावना गुप्ता, राखी, आरती आदि मौजूद रहे।



**17वां रोजा**

सहरी : 04 .46 बजे, शुक्रवार

इफ्तार : 06 .25 बजे, गुरुवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### उधार पान मसाला न देने पर मारपीट कर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम बिलाल पुर में उधार पान मसाला न देने पर दुकानदार के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम बिलाल पुर निवासी सतेंद्र ने बताया कि उसकी गांव में छोटी परचून की दुकान है। मंगलवार की रात वह खाना खाने घर गया था दुकान पर उसका बैठा था, तभी गांव का संतराम उर्फ बाबा दुकान पर उधार पान मसाला मांगने आया तो उसके पुत्र ने उधार देने से मना कर दिया। इसी बात से क्रोधित होकर विपक्षी ने गाली गलौज करते हुए उसके पुत्र के हाथ पर बांका मारकर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वकीलों का होली मिलन समारोह 30 को

**हरदोई।** बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह 30 मार्च को अधिवक्ता संघ में मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस होली मिलन समारोह में अधिवक्ताओं के अलावा न्यायाधीश प्रशासन अधिकारी व पुलिस अधिकारी शिरकत करेंगे।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** एक माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गई। नगर पंचायत कछौना पतसेनी के मोहल्ला चौराहा पूर्वी निवासी जितेंद्र कुमार (38) एक माह पूर्व मोटरसाइकिल से ससुराल जा रहे थे, इसी बीच तेज गति डंपर ने टक्कर मार दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# वृंदावन से आई युगल सरकार का हुआ स्वागत

हरदोई

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वावधान में होली मिलन उत्सव के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बोर्ड के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों को वृंदावन से आए हुए पटके पहनाकर व राधा कृष्ण के नाम के सांचों से तिलक, चंदन लगाकर सम्मानित किया गया।

बोर्ड की राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता पांडेय एवं पदाधिकारी गणों ने वृंदावन से आई युगल जोड़ी सरकार का धूमधाम से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बोर्ड के सरंक्षक अमित बाजपेयी व अरविंद पांडेय द्वारा राधा कृष्ण की युगल जोड़ी सरकार की पूजा अर्चना करके की गई। स्थानीय कलाकारों द्वारा बरसाने की होली,



कार्यक्रम में मयूर नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार

मयूर नृत्य, फूलों की होली व विभिन्न विशेष प्रस्तुतियां दी गईं जो आकर्षण का केंद्र रहीं। बोर्ड की सभी सक्रिय महिला पदाधिकारी गणों व सदस्यो को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बरसाने से लाई गई राधा रानी चुन्नी पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमित श्रीवास्तव भानु ने किया व उनके द्वारा बोर्ड के सभी वरिष्ठ पुरुष पदाधिकारियों व सदस्यों को पटका पहनाकर व तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों की श्रेणी में बोर्ड के सदस्यों में मुख्य रूप से गीतिका चतुर्वेदी, नीरज दीक्षित, सोहिनी दीक्षित, अवि पांडेय, कालिन्द्री वैश्य, लक्ष्मी मिश्रा, स्तुति सिंह, स्वाति सिंह, अमन कुमार गुप्ता, हर्षित मिश्रा, सुनील सक्सेना, धर्मेन्द्र पाल, सन्दीप सक्सेना, मनीष शुक्ला, सुनील पन्त ,विनय मिश्रा, अरुण अवस्थी, धीरज दीक्षित, विमलेश दीक्षित, मनोज गुप्ता, सुधांशु रंजन श्रीवास्तव, सुचित्रा मिश्रा आदि सैकड़ों की संख्या में सदस्य विशेष रुप से उपस्थित रहे।

### विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**माधौगंज, हरदोई।** होली पर बच्चों के गायन व नृत्य कला प्रतियोगिता आयोजित हुई। विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने उपहार देकर सम्मानित किया। कस्बे के मोहल्ला आजद नगर में सन्तोषी माता मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने देवी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने डीजे पर बज रहे गाने पर नृत्य व गायन कर लोगों का मन मोह लिया। उपस्थिति जन समूह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजक नेहरू नगर सभासद हिमांशु गुप्ता ने मुख्य अतिथि, जिला पंचायत सदस्य रवि वर्मा, सभासद अमित गुप्ता, पूर्व सभासद नंद किशोर गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### डीजे की धुन पर महिलाओं व बच्चों ने की मस्ती

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** अंगूरी शंकर सेवा समिति के द्वारा प्रभात फेरी मंदिर नगर पालिका के पीछे होली मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें महिलाएं बच्चे एवं जवानों ने खूब होली खेली गई। अंगूरी शंकर सेवा समिति के अध्यक्ष अंगूरी शंकर सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी लोगों को बुलाकर रंग खेला गया एवं होली मिलन का कार्यक्रम भी किया गया। बच्चों एवं महिलाओं ने होली के गीत पर नृत्य भी किया इस अवसर पर राजन लाल गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता गुड्डन सिंह, ओम गुप्ता, संध्या जायसवाल, मनोज जायसवाल और अन्य लोग मौजूद रहे।

# देश के विकास व उन्नति के लिए सब जरूर करें मतदान

हरदोई

**अमृत विचार।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के होली मिलन समारोह में पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुनील अर्कवंशी का ज़ोरदार स्वागत किया गया। इस बीच उन्होनें देश के विकास के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी से अपील की। साथ ही यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व राज्यमंत्री श्री अर्कवंशी का पिहानी के रसूलपुर में बीडीसी बीके की तरफ से आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होने पर ज़ोरदार स्वागत किया गया। इस बीच श्री अर्कवंशी ने कहा कि विकास के लिये मतदान करना बहुत ज़रूरी है। मतदान से देश का विकास होगा और लोकतंत्र भी मज़बूत होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपनी बेशकीमती पूंजी बताते हुए कहा कि कार्यकताओं के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता का सआदत नगर, उस्मानपुर, नरधिरा व दहेलिया आदि गांवों में ज़ोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रदेश सचिव एडवोकेट संजीव यादव, जिलाध्यक्ष धर्म सिंह अर्कवंशी, जिला महासचिव अलीम खान, जिला उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह अर्कवंशी, विनोद अर्कवंशी प्रधान, रामसरन सिंह, विनोद अर्कवंशी व शिवपाल अर्कवंशी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होली के हुड़दंग में घायल होकर सैकड़ों लोग पहुंच गए अस्पताल

## अधिकतर घायलों के सिर में चोट, हाथ व पैरों में फ्रैक्चर

हरदोई

**अमृत विचार।** होलिका जलाने से लेकर होली खेलने के दौरान 536 हुड़दंगी घायल होकर मेडिकल कालेज और 100 बेड अस्पताल में पहुंचे। इनमें से सात ऐसे थे जिनकी हालत गंभीर है यह घायल विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से ज्यादातर को सिर में चोट, हाथ व पैरों में फ्रैक्चर है। बुधवार को 48 लोगों का मारपीट और एक्सीडेंट में एक्स-रे करवाया गया। एक्सरे और सीटी स्कैन के बाहर दिन भर भीड़ रही। सीटी स्कैन में सर्वर डाउन होने की वजह से एक भी सीटी स्कैन नहीं हो सका।

मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में तैनात डॉ शेर सिंह ने बताया कि होलिका जलने की रात से रंग खेलने वाले दिन तक 178 लोग मारपीट करके और एक्सीडेंट करके आये थे। इनमें से



एक्स-रे कक्ष के बाहर जांच के लिए लगी मरीजों व तीमारदारों की भीड़। अमृत विचार

अधिकतर को सिर की चोट थी। इसके अलावा रंग खेलने की बजह से बहुत से लोगो की आंखों में दिक्कत हुई है। रासायनिक रंगों से आंखों में जलन होली के रंगों के कारण आंखों में जलन की शिकायत वाले मरीज भी अस्पताल पंहुचे। रंग-गुलाल के अलावा पानी वाले हरे रंग ने सबसे ज्यादा लोगों को परेशान किया। जलन और आंसू निकलने की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे लोगों को प्राथमिक उपचार व दवा देकर वापस घर भेजा गया। आधा दर्जन मरीज गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। नशे ने सैकड़ों परिवारों की होली बेरंग कर दी। नशे में गाड़ी चला रहे लोग खुद तो घायल हुए ही वाहन की चपेट में आने से अन्य लोग भी घायल हुए।



बैठक करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

# जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात, चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा

**हरदोई, अमृत विचार।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा कार्यालय पहुंच लोकसभा चुनाव को लेकर हरदोई व मिश्रिख की लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक कर रणनीतियों पर चर्चा की। बैठक में जलशक्ति मंत्री ने कहा कि लोकसभा संचालन समिति के पदाधिकारियों के कंधों पर लोकसभा की दो सीटें जीताने की बड़ी जिम्मेदारी है। चुनाव सिर पर है, इसलिए पूरे दम-खम के साथ पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता तैयारियों में जुट जाएं। इसके लिए सभी अपने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाह करें। जलशक्ति मंत्री की अलग-अलग हर विभाग के लोकसभा चुनाव के प्रमुख और सह प्रमुख से चुनाव पर चर्चा हुई। लोकसभा संयोजक मिश्रिख अशोक सिंह और लोकसभा संयोजक हरदोई प्रीतेश दीक्षित बैठक में मौजूद रहे। जलशक्ति मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से लाभार्थी संपर्क अभियान का फीडबैक लिया और कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की है। बैठक में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारी रहे मौजूद। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह, पीके वर्मा, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, जिला मंत्री अविनाश पांडे, नीतू चंद्रा जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता, सत्यम शुक्ला, आईटी एवं सोशल मीडिया के संयोजक सौरभ सिंह गौर प्रद्युम्न आनंद मिश्र मौजूद रहे।

# शिक्षकों का वेतन रोकने की कार्रवाई पर लगाई गई रोक

**हरदोई, अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक और शिक्षिकाओं पर की जाने वाली कार्यवाही पर रोक लगा दी गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कहा है कि शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षणोत्तर कर्मी पर शासनादेश और सरकारी सेवक नियमावली के तहत ही कार्यवाही तय की जाए।

> **महानिदेशक ने कहा, शासनादेश व नियमावली की नहीं होना चाहिए अनदेखी**

बताते चले कि अभी तक परिषदीय स्कूलों में निरीक्षण करने में नज़र आने वाली खामी पर,लेट-लतीफी या फिर और किसी और लापरवाही के चलते शिक्षक-शिक्षिकाओं पर उनके वेतन रोकने की कार्यवाही की जाती थी,लेकिन अब महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इस तरह की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए बीएसए के नाम अपने पत्र संख्या महा.नि./एमआईएस/15110/2023-24 दिनांक 22 मार्च 2024 में कहा है उ.प्र.सरकारी सेवक( अनुशासन एंव अपील) नियमावली 1999 और उ.प्र.बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 में किसी शिक्षक या शिक्षणोत्तर कर्मी के वेतन या वेतन वृद्धि पर रोकने लगाने का कोई ज़िक्र नहीं किया गया है। महानिदेशक ने आगे कहा है कि ऐसी किसी भी कार्यवाही में शासनादेश या नियमावली की अनदेखी नही की जाने चाहिए। किसी मामले में प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शासनादेश और नियमावली के तहत की कार्यवाही की जाए और की गई कार्यवाही को मानव संपदा पोर्टल पर ई-सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाए।



महात्मा गांधी मार्ग पर बिखरा पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

# नगर में हर ओर गंदगी का अंबार

हरदोई

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय पर होली के बाद जगह-जगह कूड़े का अंबार दिख रहा है। होली पर अवकाश होने के कारण कूड़ा नहीं उठ पाया, जिस कारण नगर में अधिकांश जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

होली पर लोगों ने घरों की सफाई कर तमाम कूड़ा निकाल दिया। उधर होली का अवकाश पड़ जाने के कारण सफाई कर्मियों का आना नहीं हो पाया। दो दिन में जगह-जगह कूड़े के ढेर दिखाई देने लगे। कूड़े की अधिकता के कारण बुधवार को तमाम जगहों पर सड़कों पर कूड़ा बिखरा दिखाई दिया, जहां पर कूड़ाघर बने हुए हैं। उधर आवारा जानवरों ने इस कूड़े को काफी दूर तक बिखरा दिया। बुधवार को नगर में जगह-जगह कूड़े के ढेर दिखाई पड़े। त्योहार पर जहां साफ सफाई की विशेष व्यवस्था के निर्देश शासन प्रशासन ने दिए थे, वहीं जिला मुख्यालय पर इसके विपरीत स्थित दिखाई दी।

**लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम** | ज़िले के हर ब्लाक से स्कूलों का किया गया चयन

# पढ़ाई के साथ परिषदीय स्कूलों के बच्चे सीखेंगे इंजीनियरिंग के गुर

हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार ने परिषदीय जूनियर हाई स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हुनरमंद बनाने के लिए लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम के तहत पढ़ाई के साथ-साथ बच्चो को इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर और होम एंड हेल्थ की अलग से ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए ज़िले के हर ब्लाक से दो-दो उच्च प्राथमिक और कंपोज़िट स्कूलों का चयन किया गया है।

सरकार ने परिषदीय जूनियर हाई स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चो को हुनरमंद बनाते हुए उन्हे रोज़गार से जोड़ने के लिए लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके लिए चयनित स्कूलों के बच्चों को व्यवसायिक कौशल और प्रौघोगिकी से जोड़ते हुए उन्हे इंजीनियरिंग एंड वर्कशॉप, एनर्जी एंड एन्वायरमेंट,एग्रीकल्चर नर्सरी एंड गाडनिंग और होम एंड हेल्थ की अलग से ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए चयनित स्कूलों में लैब टूल्स और लैब बनाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत बच्चों को व्यवसायिक कौशल में निखारने के लिए स्कूल में ही फैब्रिकेशन,प्लम्बिंग निर्माण, सैनिटेशन,इलेक्ट्रिक वायरिंग, सोलर लाइट,सोक पिट,रेन वाटर व हार्वेस्टिंग के ट्रेनर टीचर द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। सरकार कार्यक्रम में शामिल किए गए स्कूलों को लैब टूल्स और लैब के लिए 28 हज़ार 770 रुपये दिए जाएगे।

### स्कूलों के खातों में भेजे गए 11.50 लाख रुपये

बीएसए विजय प्रताप सिंह ने बताया है कि लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम के तहत चयनित किए गए ज़िले के 40 उच्च प्राथमिक और कंपोज़िट स्कूलों के लिए उनके खातों में 11 लाख 50 हज़ार 800 रुपये भेजे जा रहें हैं। चयनित स्कूल को लैब टूल्स और लैब के लिए 28 हज़ार 770 रुपये दिए जा रहें है।

### शहर के दो स्कूल चयनित

लर्निंग बाय डूइंग कार्यकर्म के तहत ज़िले के 19 ब्लाकों के 38 स्कूल शामिल हुए है। इसके अलावा शहर के दो स्कूलों कंपोज़िट मोहनलाल विद्यालय आलूथोक और कंपोज़िट हरदेव गंज को शामिल किया गया है।

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी ( सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### छप्पर के नीचे फांसी लगा कर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** मज़दूरी से गुज़ारा कर रहे युवक ने घर में छप्पर के नीचे गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। साण्डी थाने के मानीमऊ निवासी झब्बू (38) की शादी नहीं हुई थी। वह अपने भाइयों से अलग रहते हुए मेहनत-मज़दूरी कर जैसे-तैसे गुज़ारा कर रहा था। पांच भाइयों में दो उससे बड़े और दो उससे छोटे भाई हैं। बुधवार की सुबह भाई श्रीराम ने झब्बू का शव घर के अन्दर छप्पर के नीचे गमछे से फांसी पर लटका हुआ देखा।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बेनीगंज (हरदोई)।** नगर के बेनीगंज सण्डीला मार्ग पर स्थित ब्लॉक संसाधन केन्द्र के सामने वाहन के टक्कर मार देने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने मारी है। स्थानीय लोगों के द्वारा एम्बुलेंस बुलाकर मोटरसाइकिल सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां भिजवाया गया।

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे आठ पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया में राजनैतिक विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से आई तहरीर के आधार पर आठ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया में होली पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें कई लोग घायल हुए। दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में एक दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। एक पक्ष के रंजीत कुमार पुत्र रामौतार ने बताया वह दोपहर में अपने भाई जितेंद्र पुत्र रामचंद्र व रामसिंह के साथ आखत डालने जा रहा था तभी विपक्षी गोविंद, शिशुपाल, सत्यपाल और राजवीर ने उन लोगों को घेर लिया और लाठी डंडों से बुरी तरह मारा पीटा जिससे वह सभी घायल हो गए। दूसरे पक्ष के अजय कुमार ने बताया कि उसके चाचा सत्यपाल व चाची सरला देवी आखत डालकर वापस आ रहे थे तभी पहले से घात लगाए ब्रजकिशोर, अशोक, आशीष और रंजीत ने उनको घेर कर गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

# एक लाख से अधिक के लेन-देन की बैंक दें जानकारी

## चुनाव आचार संहिता के दौरान करना होगा सहयोग, सूचना न देने पर कार्रवाई की चेतावनी

हरदोई

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीडी रेशियो को बेहतर बनाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। ऋण योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया जाये। केसीसी धारकों को ऋण प्राप्त करने में पूरी सहायता की जाये। लघु व दीर्घ अवधि के कृषि ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाये।

कहा कि चुनाव आचार संहिता के दौरान बैंकों की ओर से एक लाख रूपये से अधिक के लेन-देन की जानकारी दी जाये। आरटीजीएस से संदिग्ध धनराशि हस्तान्तरण की जानकारी उपलब्ध करायी जाये। सूचना न देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, एलडीएम अरविन्द रंजन व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



डीएम मंगला प्रसाद सिंह।

### सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ रहेगा पैरा मेडिकल स्टाफ

सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक पैरा मेडिकल स्टाफ भी रखने का प्रयास किया जाए जो आवश्यक दवाएं साथ रखे। मतदान के लिए मतदेय स्थल पर आते समय अपनी मतदाता पर्ची, फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र अवश्य साथ में लाएं। इससे मतदान की प्रकिया शीघ्रता से सम्पन्न कराई जा सकेगी।



स्ट्रांग रूम के लिए मंडी परिसर का निरीक्षण करते डीएम-सीडीओ व एडीएम। अमृत विचार

### स्ट्रांग रूम बनाने के लिए मंडी परिसर का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम बनाये जाने के लिए मंडी परिसर का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि मंडी परिसर में सफाई करायी जाये। प्रवेश द्वार पर 10 पाइप लगाए जाएं ताकि जानवर अंदर प्रवेश न कर सकें। शेडों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाये। स्ट्रांग रूम के लिए चिन्हित दुकानें देखी और निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। कहा कि अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाये जो समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आचार संहिता का पूरी तरह से हो अनुपालन : मंगला प्रसाद सिंह

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाये। निजी संपत्ति पर बिना स्वामी के प्रचार सामग्री न लगायी जाये। नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक नाम बढ़ाने के लिए आवेदन अवश्य कर दिया जाये। उन्होंने बताया कि चुनावी कार्यक्रमों हेतु प्रत्येक विधानसभा में स्थानों का चिन्हीकरण कर लिया गया है। मतदान केन्द्रों पर साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। महिलाओं, दिव्यांगों, युवाओं को समर्पित बूथ बनाये जा रहे हैं।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ बैठक में दिए निर्देश**

नगर क्षेत्रों में सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाये जा रहे हैं। एफएसटी टीमे सक्रिय हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नामांकन के साथ एसएसटी टीमें भी सक्रिय हो जाएंगी। सभी लोग सी विजिल ऐप डाऊनलोड कर लें। इस पर आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी कोई शिकायत की जा सकती है। जिलाधिकारी ने पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रो तक जाने वाले ख़राब मार्गों की मरम्मत ससमय करा ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह सूचना अधिकारी संतोष कुमार अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समय से कराई जाए पोस्टल बैलेट की छपाई : डीएम

हरदोई

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं। कार्मिकों के प्रशिक्षण की सभी तैयारियां कर ली जाएं। कार्मिकों के लिए पहचान पत्र की छपाई का कार्य समय से कराया जाये।

पोस्टल बैलेट की छपाई समय से करा ली जाये। वाहनों की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये। अतिसंवेदनशील बूथों पर अनिवार्य रूप से वेब कॉस्टिंग की व्यवस्था करायी जाये। विभिन्न विभागों की ओर से मतदाता जागरूकता रैलियों का आयोजन कराया जाये। ईवीएम के रैण्डमाईजेशन से पूर्व सभी राजनीतिक दलों को सूचित किया जाये। रैण्डमाइजेशन के लिए विधानसभा वार टीमों का गठन किया जाये। एफएसटी टीमों की कार्रवाई की वीडियोग्राफ़ी करायी जाये। सवायजपुर के वीवीटी की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वीवीटी टीम के सदस्यों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन अपनी एफएसटी वीएसटी से प्रमाण पत्र प्राप्त करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मतदानकर्मियों के सिर पर होगा गमछा और हाथ में छाता

हरदोई

**तैयारी**

- मतदानकर्मियों को हीटवेव से बचाने के लिए बताए गए उपाय
- मतदाताओं के लिए केंन्द्रों पर छाया, पेयजल व कुर्सियों की व्यवस्था करने का भी निर्देश



**अमृत विचार।** ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी/लू/हीट वेव के कारण मतदाताओं को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिसके दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इनसे बचते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के लिए सावधानियों के बारे में सुझाव दिए गए हैं।

मतदान के दौरान भीषण गर्मी की सम्भावना है। पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एवं अपने साथ तेज धूप से बचाव के लिए छाता एवं सिर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। अपने साथ पीने योग्य शीतल जल का बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी का प्रयोग कर अपने आपको तरो ताजा रखें। तेज धूप से बचने के लिए टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता आदि का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेट सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बांसी भोजन से बचें, हल्के एवं ताजे बने भोजन लें। प्रत्येक मतदान दल को किट प्रदान की जाएगी, आवश्यकतानुसार उसमें उपलब्ध मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक के अनुसार जल में घोलकर पिला दें। प्रत्येक मतदेय स्थल छाया की व्यवस्था करा दें तथा वहां पर्याप्त संख्या में कुर्सी, दरी आदि रखवा दें ताकि तेज धूप से बचने के लिए मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। छाया की व्यवस्था इस प्रकार करें कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में ही स्थित हो।

### दिव्यांगों व वरिष्ठजनों का रहेगा खास ख्याल

बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों तथा नि :शक्त व्यक्तियों के लिए मतदान में प्राथमिकता दी जाए ताकि उन्हें भीषण गर्मी में अधिक देर तक अपने घर के बाहर न रहना पड़े। ऐसे मतदाताओं के लिए प्रत्येक 4-5 मतदाताओं के उपरान्त कुर्सी की व्यवस्था भी कतार के बगल में रखी जाए ताकि उन्हें अधिक असुविधा का सामना न करना पड़े। मतदान केन्द्र पर हर हाल में पेयजल की उपलब्धता रहे, यथासंभव कतारबद्ध वरिष्ठ नागरिकों, नि :शक्तजनों आदि के लिए स्वयंसेवियों के माध्यम से लगातार पानी पिलाने की व्यवस्था भी की जाए। स्वयंसेवी के रूप में किसी राजनैतिक व्यक्ति/कार्यकर्ता/उम्मीदवार से संबद्ध व्यक्ति को कदापि अनुमन्य न किया जाए। मतदाताओं से अपेक्षा है कि मतदान दिवस को सुबह तेज धूप निकलने से पहले अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध होकर मतदान करें। यदि किसी कारण से धूप के समय मतदान करना पड़ता है तो अपनी सुरक्षा के लिए सर को ढकने हेतु सूती गमछा/वस्त्र तथा छाते का प्रयोग करें। पीने का पानी आवश्यकतानुसार साथ रख सकते हैं। जरूरत होने पर मतदान दल के पास उपलब्ध का घोल बनाकर पीने से तुरन्त राहत प्राप्त कर सकते हैं। हीट स्ट्रोक के सम्बन्ध में डूज एण्ड डोन्ट का हैण्ड बिल तैयार कराकर सभी मतदान कार्मिकों को उपलब्ध करा दिया जाए।

# टेंट कारोबारी के घर से लाखों का सामान चोरी

हरदोई

**अमृत विचार।** टेंट कारोबारी के घर में घुसे चोर लाखों का सामान चोरी कर ले गए। टेंट कारोबारी वैष्णो देवी के दर्शन करने गया हुआ था। पत्नी बच्चो के साथ घर में अकेली थी। उसी बीच दीवार कूद कर घर में घुसे चोर अलमारी में रखे लाखो के ज़ेवर और करीब 57 हज़ार की नगदी समेट कर भाग निकले।

कोतवाली देहात के प्रगति नगर निवासी अनुज गुप्ता महोलिया शिवपार काली मंदिर के पास टेंट का कारोबार करता है। इन दिनों अनुज वैष्णो देवी के दर्शन करने गया हुआ है। घर में पत्नी पूनम दो बच्चों के साथ थी। मंगलवार की रात को चोर मौका हाथ आते ही उसके घर में कूद पड़े। पूनम और उसके बच्चे कमरें में सो रहे थे। घर में दाखिल हुए चोर उसकी अलमारी में रखे सोने के ज़ेवर जंज़ीर, मंगलसूत्र, दो अगूंठी और बच्चे के गले पहनने वाला ओम् के साथ अलग-अलग रखी करीब 57 हज़ार की नगदी समेट कर भाग निकले। बुधवार की सुबह जब अनुज की पत्नी पूनम नींद से जागी तो चोरी की जानकारी हुई।

टेंट कारोबारी ने पत्नी के लिए 34 हज़ार का मोबाइल खरीदा था। वह मोबाइल उसकी पत्नी के पास रहता है। पत्नी पूनम ने रोते हुए बताया कि अभी दो दिन पहले ही उसके पति ने इतना महंगा मोबाइल खरीद कर दिया था। चोर उसे भी उठा ले गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी है।

### नकदी व लाखों का सामान ले गए चोर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां में चोरों ने बीती रात मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद भी चोरी का मौका मुआयना करने के लिए कोतवाली पुलिस की ओर से एक भी सिपाही नहीं पहुंचा( खत्ता जमाल खां निवासी रामासरे कश्यप के अनुसार वह अपने साले की तबीयत खराब होने के कारण 26 मार्च की रात्रि शाहजहांपुर चला गया। सुबह मोहल्ले वालों के द्वारा सूचना मिली कि उसके दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। जब वह सूचना पाकर घर पहुंचा तो घर में उसका सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी 55 हजार की नकदी, लाखों रुपए के कीमती सोने-चांदी के जेवरात उठा ले गए। रामासरे के अनुसार उसने तत्काल कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोतवाली पुलिस की ओर से एक भी सिपाही या दरोगा उसके यहां हुई वारदात का मौका मुआयना करने के लिए नहीं पहुंचा। पुलिस लापरवाही की वजह से मोहल्ला वासियों में आक्रोश व्याप्त है।

## गश्त पर जा रहे सीओ का वाहन खाई में पलटा

हरदोई।

**अमृत विचार।** देर रात गश्त पर जा रहे क्षेत्राधिकार (सीओ) का वाहन अचानक सड़क किनारे स्थित गहरी खाई में पलट गई। हादसे में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। जबकि क्षेत्राधिकारी घटना में बाल-बाल बच गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी हरियावां संतोष सिंह बुधवार की देर रात क्षेत्र में गश्त के लिए पिहानी रोड पर जा रहे थे। तभी थाना हरियावां व कोतवाली देहात क्षेत्र के बीच अचानक उनका वाहन कई पलटा खाते हुए सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में सीओ को भी चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही देहात कोतवाली, हरियावां तथा पिहानी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने घायलों का हाल-चाल जाना। उन्होंने बेहतर इलाज के निर्देश दिए। वाहन किस वजह से पलटस, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई थी। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि हादसे की जांच की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### फायरिंग मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला वाजिद खेल में सोमवार को खराब मीट देने से उपजे विवाद में हुई फायरिंग की घटना में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला महमंद निवासी अल्तमश रविवार को मोहल्ले में ही मीट लेने गया था। खराब मीट को लेकर दुकानदार और उसमे विवाद हुआ था। उसी विवाद में सोमवार को अल्तमश का चाचा सुहैल पुत्र इकबाल हुसैन खां बस स्टैंड फल लेने जा रहा था। होली का दिन होने के कारण मीट की दुकानें बंद थी तो मोहल्ला वाजिद खेल निवासी मीट व्यवसाई मोहल्ले की मोड़ पर बैठे थे तभी उन्हें सुहैल आता दिखाई दिया तो सबने उसे रोककर गाली गलौज करते हुए डंडे से मारा पीटा फिर तमंचों से कई फायर किए। गोली लगने से वह घायल हो गया था। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि कस्बे में हुई सोमवार को फायरिंग की घटना के आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बुधवार को भोर नीरपुर गन्नू मोड़ से नहर मार्ग से आरोपी आते दिखाई दिए जिन्हे घेराबंदी कर रिजवान उर्फ लाला, नईम निवासी वाजिद खेल तारिक निवासी महमंद को गिरफ्तार किया गया, उनके पास से एक देशी अद्धी बंदूक 315 बोर और एक 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ।

### निजी भूमि पर खड़ंजा बिछाने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** क्षेत्र के ग्राम शर्मा में एक महिला ने दबंग पड़ोसी पिता पुत्र पर उसकी निजी भूमि पर जबरदस्ती खड़ंजा बिछाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम शर्मा निवासी रामदेवी पत्नी भगवान शरण ने बताया कि उसने अपनी भूमि रास्ते के लिए विपक्षी खिलौनू और साते को दी थी, विपक्षी ने उसके बदले भूमि देने के लिए कहा था लेकिन विपक्षी ने उसे भूमि नहीं दी। उसके घर के पड़ोस में खड़े बेल का पेड़ और बांस की थनिया भी विपक्षी नहीं हटा रहे हैं। बुधवार को उसकी भूमि पर विपक्षी खड़ंजा और नाली का निर्माण शुरू कर दिए हैं। पीड़िता ने पुलिस को लिखित सूचना देकर भूमि दिलवाए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है।

### गांव के किनारे युवक का फंदे से लटका मिला शव

हरदोई, अमृत विचार। गांव के किनारे युवक का शव गमछे से लटका मिला। पुलिस का कहना है कि मामला आत्महत्या का है, फिर भी शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है। बिलग्राम कोतवाली के रोशन पुर निवासी 36 वर्षीय अखिलेश खेती-बाड़ी करता था। उसके परिवार में पत्नी गीता के अलावा एक बेटी है। बुधवार की सुबह गांव के कुछ लोग खेतों की तरफ शौंच करने के लिए गए, जहां उन्हें अखिलेश का शव खेत के किनारे पेड़ में गमछे से लटकते हुए देखा।

### गैंगस्टर  का इनामी अभियुक गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने 2023 के गैंगस्टर का वांछित दस हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि कोतवाली में दर्ज मुकदमा गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक की ओर से उस पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। बुधवार को सुबह मुखबिर की सूचना पर महमंद मोड़ पर घेराबंदी कर मुनव्वर उर्फ मुनौवर निवासी महमंद हालपता मोहल्ला वाजिद खेल को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की जामा तलाशी में एक 315 बोर तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर कोतवाली में चार मुकदमे पंजीकृत है। उसे जेल भेजा गया है।

### अराजक तत्वों ने तोड़ी पंडित दीनदयाल की प्रतिमा

**संवाददाता, जौनपुर अमृत विचार :** बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर स्थित राम जानकी तिराहे पर बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में स्थापित पंडित दीनदयाल की प्रतिमा को सोमवार देर रात अराजक तत्वों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। प्रतिमा टूटने की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वैभव सिंह, भाजपा कार्यकर्ता व बदलापुर के थानाध्यक्ष रोहित मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे और पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया कि अराजकतत्वों ने मूर्ति तोड़ी है। सुबह जब लोग मार्निंग वॉक को निकले तो प्रतिमा पर नजर पड़ी और सूचना दी। पुलिस ने दूसरी प्रतिमा की व्यवस्था की है, जल्द ही उसे लगाया जाएगा। स्थानीय लोगों को समझा कर भेज दिया गया है।

### देवर पर लगाया चोरी व मारपीट करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम हीरौली निवासी महिला ने अपने देवर पर चोरी करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के ग्राम हिरौली निवासी संगीता पत्नी ब्रह्मानंद ने बताया कि देवर ने उसका एक कुंडल चोरी कर लिया। पूछने पर मारपीट की।

### चलती रोडवेज बस की फटी डीजल टंकी

**हरदोई, अमृत विचार।** सवारियां लेकर लखनऊ से जा रही रोडवेज बस की डीजल टंकी सड़क पर पड़े पत्थरों के टकरा जाने के कारण फट गई। चालक ने सूझबूझ के साथ बस रोकर उसमें बैठी दो दर्जन सवारियों को नीचे उतारा। इस बीच सड़क पर फैले डीजल को भरने के लिए तमाम बर्तन लेकर पहुंच गए। बताते चलें कि इस समय हरदोई-लखनऊ राजमार्ग के निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को कैसरबाग डिपो की एक बस लगभग दो दर्जन सवारियां लेकर लखनऊ की ओर जा रही थी, तभी बम्हनाखेड़ा के पास सड़क पर पड़ा पत्थर टंकी से टकरा गया। देखते ही देखते टंकी से डीजल निकल कर सड़क पर फैलने लगा। चलती गाड़ी से डीजल की धार देख यात्री घबरा गए। चालक ने रफ्तार कम करते हुए सवारियों को नीचे उतारा। चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। उधर सड़क पर डीजल फैला देख ग्रामीण उसको भरने में लग गए। कोई बाल्टी कोई टब तो कोई जग व जरीकेन लेकर डीजल भरने लगा। सड़क पर फैला सारा डीजल ग्रामीण लूट कर भाग गए।

## होली मिलन समारोह में हनुमान चालीसा का पाठ

हरदोई

**अमृत विचार।** होली के शुभअवसर पर आयोजित पैतालीसवें मंगलपाठ में श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने होली मिलन के साथ भक्त प्रहलाद नगरी के कई मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ कर माहौल को हनुमान मय बना दिया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम मंदिर सराय थोक, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को होली मिलन के साथ भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सराय थोक के श्री बैजनाथ धाम मंदिर पर आयोजित होली मिलन के अवसर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया। महिला जिला प्रमुख ने योग के माध्यम से लोगो को व्याधियों से दूर रहकर सशक्त उन्नत विकसित राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन राष्ट्र तभी संभव है जब हर घर में हनुमान चालीसा पाठ के स्वर गूंजे। इस मौके पर शाहाबाद से ममता गुप्ता, रेखा गुप्ता, सेजल गुप्ता, अंबुज गुप्ता ,व्योम गुप्ता, शुभम पांडे, सहसंयोजक रानी शुक्ला, अनीता मिश्रा, सुधा सुधा गुप्ता, आरती गुप्ता आदि ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

# बस व रेलवे स्टेशनों पर रही यात्रियों की भीड़

हरदोई

**अमृत विचार।** घर से दूर रहकर काम काज करने वालों को त्योहारों का इंतजार विशेषतः रहता है, क्योंकि यह त्योहार ही उन्हें अपनों से मिलाते हैं। होली का त्योहार ऐसा है जो आठ दिन तक मनाया जाता है, लेकिन बदलते समय में व्यक्ति की विशेषताओं के कारण अब यह त्योहार दो-तीन दिनों का ही रह गया है। कार्य के चलते अपनों से दूर रहने वाले लोग होली मनाकर अब अपने कार्यस्थल को रवाना हो चले। इस कारण रेलवे स्टेशन व बस स्टेशनों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़भाड़ दिखाई दी।

दूरदराज काम करने वाले लोग होली का त्योहार मनाकर उन्हें कार्यस्थलों की ओर रवाना हो रहे हैं। इसके चलते बस व रेलवे स्टेशनों पर काफी भीड़ दिखाई दी। होली का त्योहार वैसे लोग लगभग आठ दिनों तक मनाया जाता है, लेकिन बदलते समय में इसका स्वरूप छोटा होता जा रहा है। इसके बावजूद दूरदराज रहने वाले त्योहार के बहाने अपनों से मिलने जरूर आते हैं। आने-जाने के दौरान उन्हें तमाम दिक्कतें उठानी पड़ती है, लेकिन परिजनों से मिलने व त्योहार मनाने की खुशी के सामने यह दिक्कतें फीकी पड़ जाती है। होली मिलन के बाद तमाम यादों को लिए अपने कार्य क्षेत्रों की ओर रवाना हो चले हैं।



बुधवार को बस स्टेशन पर बस के इंतजार में बैठे यात्री। अमृत विचार

### कार्यालयों व बाजारों में दिखा होली का खुमार

दो दिन के अवकाश के बाद कार्यालय बुधवार को खुल गए, लेकिन कार्यालयों में होली का खुमार दिखाई देता रहा। कार्यालयों में लोग एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाइयां देते मिले। अन्य दिनों की अपेक्षा कर्मचारियों व अधिकारियों की संख्या भी कम रही। हालांकि लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। वहीं बाजारों में भी रौनक कम रही। बुधवार को भी बड़ी संख्या में दुकानें बंद दिखीं। सड़कों पर होली मिलन की टोलियां जगह-जगह देखी गईं। कई संस्थाएं भी होली मिलन का आयोजन अलग-अलग जगहों पर करती दिखीं। होली पर चार दिनों से चल रहे अवकाश के बाद बुधवार को विधिवत कचहरी खुली, लेकिन पूरे दिन होली मिलन समारोह का ही दौर चला।

### दबंगों ने पूरे घर को पीटकर घायल किया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर हृदय में दबंगों ने घर पर चढ़ाई करते हुए पूरे परिवार को लाठी से पीटकर घायल कर दिया।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर हृदय निवासी दाता राम पुत्र आत्माराम ने बताया वह सुबह के वक्त अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी पुरानी रंजिश मानते हुए गांव का विमलेश] पत्नी सरला देवी और मां के साथ उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। उसने मना किया तो विपक्षी ने उसके सिर पर लाठी मार दी उसका सिर फट गया। चिल्लाने पर उसके पुत्र पप्पू और उसकी पत्नी उसे बचाने आई तो विपक्षियों ने उनको भी मारा।



**17वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 4:30 बजे
इफ्तार : 6:34 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4:36 बजे
इफ्तार : 6:25 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# कांग्रेस से पूर्व मंत्री नकुल दुबे प्रत्याशी

## पूर्व विधायक राठौर व अन्य की दावेदारी पर लगा विराम, देर रात कांग्रेस की लिस्ट जारी

सीतापुर कार्यालय

**सीतापुर लोकसभा सीट**

▸▸ **2019 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़े थे नकुल दुबे**



**अमृत विचार:** कांग्रेस-सपा गठबंधन में आखिरकार कांग्रेस ने बुधवार देर रात लिस्ट जारी कर सीतापुर लोकसभा सीट पर नकुल दुबे को अपना प्रत्याशी बनाया है। नकुल दुबे सीतापुर से 2019 का लोकसभा चुनाव भी बसपा के सिंबल पर लड़े थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। नकुल दुबे पिछले 15 सालों के राजनीतिक करियर में एक बार ही विधायक बने और उस दौरान ही बसपा सरकार में वह मंत्री भी रहे। इसके साथ वह चुनाव मैदान में तो उतरे लेकिन जीत का सेहरा उनके सिर नही सज सका है। सीतापुर जिले में कांग्रेस की डूबती नैया को पार लगाने के लिए कांग्रेस के एक बार फिर नकुल दुबे पर दांव खेला है। अब देखना होगा कि कांग्रेस का ब्राह्मण कार्ड सीतापुर लोकसभा सीट पर भाजपा के राजेश वर्मा के सामने कितना हावी होता है।

बताते चले कि दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी नकुल दुबे लगातार राजनीति में सक्रिय रहे। नकुल दुबे से प्राथमिक शिक्षण कार्य के बाद एलएलबी कर लखनऊ हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। इसके बाद राजनीति करियर की शुरुआत में वह वर्ष 2007 में महोना से बसपा के सिंबल पर विधायक बने थे। बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे नकुल दुबे को सीतापुर का लोकसभा प्रभारी बनाया गया था, लेकिन वह चुनाव हार गए थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में नकुल दुबे लखनऊ से मैदान में एक बार फिर उतरे थे, यहां पर भाजपा के राजनाथ सिंह ने जीत दर्ज कर बसपा के नकुल दुबे को तीसरे स्थान पर पहुंचाया था। सीतापुर की लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में जाने से पूर्व बीजेपी विधायक राकेश राठौर ने भी कांग्रेस से टिकट की दावेदारी जोरशोर से शुरू कर दी थी। पार्टी हाईकमान से देर रात लिस्ट जारी होते ही टिकट की दावेदारी में अपना पसीना बहा रहे कांग्रेस के दिग्गज लोकल नेताओं को मायूसी हाथ लगी है। अब देखना यह होगा कि टिकट को लेकर चल रही घमासान चुनाव में कहीं भीतरघात बनकर कांग्रेस प्रत्याशी नकुल दुबे को नुकसान कितना पहुंचाती है।

# पेड़ के नीचे मिला महिला का शव

संवाददाता, सीतापुर

**रहस्य गहराया**

▸▸ **भाई ने सास-ससुर और देवर पर लगाया प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप, केस दर्ज**



**अमृत विचार :** नैमिषारण्य थाना इलाके में बुधवार को एक महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर नहर किनारे पेड़ पर शव लटकता पाया गया। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सास-ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मां की मौत से बेटे का रो-रो कर बुरा हाल है।

क्षेत्र के हीरापुर मजरा औरंगाबाद निवासी सोबरन के पुत्र स्व अजय का विवाद संदना थाना इलाके के महसून नगर मजरा मुड़ियाकेल निवासी मनोहर की पुत्री सोनम के साथ बीते 7 वर्ष पूर्व हुआ था। मृतका के भाई ने बताया कि शादी के 3 वर्ष बाद महिला के पति अजय की मृत्यु हो गई थी। आरोप है कि पति की मौत के बाद महिला के सास-ससुर और देवर आये दिन महिला के साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित किया करते थे। महिला का एक 3 वर्ष का बेटा भी है। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह मृतका सोनम ने फोन कर सास-ससुर और देवर द्वारा मारपीट करने की सूचना मायके पक्ष को दी थी। जिसके बाद सोनम की मौत की सूचना अचानक घर पहुंचने पर परिवार वाले स्तब्ध हो गये। मामले की सूचना पुलिस को देकर आनन-फानन में मौके पर पहुंचे तो गांव के उत्तर नहर किनारे पेड़ के नीचे सोनम का शव जमीन पर पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। भाई संजय ने तहरीर देकर सास-ससुर व देवर विजय के खिलाफ प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर संदेह के आधार पर सास-ससुर को हिरासत में लिया है। आरोपी देवर फरार है। प्रभारी निरीक्षक नैमिषारण्य का कहना है कि महिला के बेटे को मायके वालों के सुपुर्द कर दिया गया है। देवर की तलाश की जा रही है।

**एक नजर**

### लईक बाकर बने हिपिमोभा के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष



कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष लईक बाकर।

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के रहने वाले लईक बाकर को हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा भारत संस्था का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसकी जानकारी संस्था के संस्थापक और पूर्व मंत्री नानकदीन भुर्जी ने पत्र जारी कर दी है। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉक्टर अम्मार रिजवी ने भी बाकर की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### ट्रेन से कटकर रिश्तेदारी में आए युवक की मौत

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** थाना इलाके में एक गांव मे रिश्तेदारी में आए एक युवक की ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हो गई। रामकोट के ग्राम खगेशियामऊ निवासी महेंद्र (25) पुत्र घनश्याम मंगलवार की रात्रि हरगांव के ग्राम बड़खेरवा निवासी दीपक पुत्र चंद्रिका के यहां रिश्तेदारी में आया था। बताया जाता है कि वह रात्रि दस बजे वह गांव के पूर्व शौच के लिया गया था। रेलवे लाइन पार करते समय मैलानी से लखनऊ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी कटकर मृत्यु हो गई। आरपीएफ की सूचना पर रात्रि में रिश्तेदारों एवं पुलिस ने शव की खोजबीन की परंतु शव बरामद नहीं हो सका। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने बड़खेरवा गांव के आधा किमी दूर रेलवे लाइन के किनारे शव देखा और पुलिस को सूचना दी। शव की शिनाख्त उसके रिश्तेदारों द्वारा की गयी। हरगांव थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया मृतक के भाई उदयपाल ने तहरीर दी है शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कंट्रोल रूम में दें काले धन की सूचना

**सीतापुर, अमृत विचार:** संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी/नोडल अधिकारी मनीष शुक्ल ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि लोकसभा चुनाव के चलते आयकर विभाग द्वारा एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका टोल फ्री नम्बर 1800-180-7540 तथा व्हॉट्सएप नंबर-6388736373 है। उन्होंने बताया कि इन नंबरों पर निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य के लिए प्रयुक्त नकदी व काले धन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम में इसके अतिरिक्त फैक्स नंबर-0522-2233306 पर भी शिकायत और सूचना दी जा सकती है।

# जिले से जुड़ी चारों लोकसभा सीटों पर खिलाना है कमल: स्वतंत्र देव

**समीक्षा बैठक**

▸▸ **पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जलशक्ति मंत्री ने दिए दिशा-निर्देश**

सीतापुर कार्यालय



भाजपा कार्यालय में जलशक्ति मंत्री का स्वागत करते जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह बुधवार देर शाम सीतापुर भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। स्वतंत्र देव सिंह पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन में शामिल होने के बाद वापस लखनऊ जाते समय सीतापुर जिला कार्यालय पहुंचे। जिला कार्यालय पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पार्टी पदाधिकारियो व भाजपा नेताओं के साथ भव्य स्वागत कर उन्हें होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

भाजपा जिला कार्यालय पर मौजूद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने स्वागत समारोह के उपरान्त पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री ने लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा भाजपा की जीत के लिए मंत्र भी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उन्होंने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा की चुनाव की तिथि को बहुत कम समय बचा है। ऐसे में सभी को अपनी संपूर्ण ऊर्जा चुनाव विजय के लिए लगा देनी है और सीतापुर के सभी पदाधिकारियों को सीतापुर जिले से जुड़ी चारों लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय के साथ कमल खिलाना है। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि यह हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है कि हमारे नेता स्वतंत्र देव सिंह का मार्गदर्शन आज हम सबको प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि हम अपने नेता को विश्वास दिलाते हैं कि सभी पदाधिकारी अपनी ऊर्जा के साथ पार्टी के निर्देशों का पालन कर रहे हैं, और स्वतंत्र देव जी के निर्देश के अनुसार जिले के पदाधिकारी अपने जिले से जुड़े चारों प्रत्याशियों को प्रचंड विजय श्री दिलाएंगे। बैठक में भाजपा नेता पूर्व एमएलसी भारत त्रिपाठी, उमाकांत मिश्रा लोकसभा संयोजक अजय गुप्ता सहित जिला पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## टायर डालकर दुकान में आग लगाने का आरोप

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली इलाके क्वे मोहल्ला गांधीनगर निवासी एक कपड़ा व्यापारी ने होली के मौके पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा दुकान में आग लगाने का प्रयास करने की शिकायत करते हुए जांच और दोषियों को दण्डित किए जाने की मांग की है। मोहल्ला गांधीनगर दक्षिणी के निवासी कपड़ा व्यापारी मोहम्मद आमिर ने एक प्रार्थनापत्र में बताया कि सिधौली-मिश्रिख मार्ग लाइफ लाइन क्लीनिक के निकट उसकी रेडीमेड कपड़े की दूकान है। 25/26 मार्च की रात कुछ लोगों ने उसकी दूकान के शटर के भीतर टायर जलाकर जानबूझकर आग लगाने की कोशिश की लेकिन वे लोग असफल रहे।

# प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति के लिए दर-दर भटक रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

सिधौली, सीतापुर

**लापरवाही**

▸▸ **तहसील से लेकर जिला मुख्यालय तक दौड़ लगाने के बाद भी नहीं मिला प्रमाण पत्र**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम ज्योतिशाह आलमपुर के मजरे चिरैयापुरवा का एक नब्बे वर्षीय स्वाधीनता संग्राम सेनानी पिछले तीन साल से अपने प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति के लिए दर दर भटक रहा है। बुजुर्ग ने उच्चाधिकारियों पर उसे इधर से उधर दौड़ाये जाने का आरोप लगाया है।

शफीक खां ग्राम चिरैयापुरवा जो कि ग्रामपंचायत ज्योतिशाह आलमपुर के निवासी हैं। बताया जाता है कि उन्होंने भारत के स्वाधीनता संग्राम में प्रतिभाग किया था। जिसके एवज में उनको स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र मिला था। बीते कुछ समय पहले घर में आग लग जाने के कारण प्रमाणपत्र जलकर नष्ट हो गया था। इस प्रमाण पत्र को पाने के लिए बुजुर्ग कई बार प्रार्थना पत्र देकर उक्त प्रमाणपत्र की द्वितीय प्रति उपलब्ध कराने के लिए निवेदन कर रहे हैं। आरोप है कि उच्चाधिकारियों द्वारा बार-बार कहा जा रहा है कि उक्त समस्या का समाधान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लिपिक कलेक्ट्रेट, सीतापुर के स्तर से ही हो सकता है परन्तु कलेक्ट्रेट सीतापुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लिपिक का कहना है कि उनका प्रमाणपत्र उनके यहां से जारी नहीं हुआ। शफीक खां का कहना है कि उनके पास आय का कोई साधन नहीं है और वे बुजर्ग होने के कारण कहीं आने-जाने में भी असमर्थ हैं। इसके बावजूद प्रशासन उनके निवेदन पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# दो बाइकों के साथ तीन ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार



पकड़े गए वाहन चोर।

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए दो भाई के बरामद कर तीन अंतर्जनपदीय ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पकड़े गए युगों के पास से दो अवैध तमंचे व कारतूस भी बरामद हुआ है। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि नगर में पिछले दिनों हुई बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा करने के लिए पुलिस की कई टीमें काम कर रहीं थी।

कोतवाली के इंस्पेक्टर लॉ एंड ऑर्डर सुरेश यादव, एसआई प्रदीप पांडे, मनोज कुमार की टीम सोमवार को मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग कर रही थी इस दौरान सामने से दो बाईकों पर सवार तीन लोग आते दिखाई दिए पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करने पर बाइक सवार भागने लगे जिन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया। रामनाथ व कलाम से बाइक, तमंचे व कारतूस बरामद हुए।

**सार-संक्षेप**

### बाइक को टक्कर मार खाई में गिरी कार, दो घायल

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** बुधवार को सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर झरेखापुर पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित कार ने पीछे से बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, टक्कर के बाद कार खाई में जाकर पलट गई। हरगांव थाना क्षेत्र के बडखेरवा गांव निवासी निशान्त व सोनू बाइक से किसी काम से झरेखापुर गये थे। घर वापस आते समय ऊषा पेट्रोल पंप के सामने एक अनियंत्रित कार ने बाइक मे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गये और कार खाई में जा गिरी। कार चालक मौके से फरार हो गया। वहीं घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि वाहनों को कब्जे मे ले लिया गया है, किसी पक्ष की अभी तहरीर नहीं मिली है।



खाई में गिरी कार। अमृत विचार

### कोटेदार पर कम राशन देने का लगाया आरोप

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर बिकाश खंड बेहटा के रहने वाले ग्रामीणों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी लहरपुर को प्रार्थना पत्र देते हुए कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाया है। साथ ही जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार हजरतपुर गंगास्वरूप ईशा खां द्वारा मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद तौल कांटे पर 6, 5, 4 से लेकर 16, और 18 किलो के बैग बनाकर नए कांटे से तौल कराकर बैग वापस रख लेता है और बाद में अपने पुराने कांटे से तौल कर पात्र और अंत्योदय लाभार्थियों को गल्ला आवंटित करता है, जिससे प्रति यूनिट एक किलो कम राशन बांटता है। विरोध करने पर उल्टे सीधे जवाब देता है। इस मामले में कोटेदार गंगास्वरुप ईशा खां से उनके निजी नंबर पर सम्पर्क किया गया, तो नंबर बन्द मिला। उपजिलधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है, जांच करवाती हूं। वहीं खाद्य पूर्ति अधिकारी से प्रकरण को लेकर सम्पर्क किया गया तो उनका नंबर नहीं उठा।



कोटेदार का तौल कांटा।

### डॉ. रामकुमार का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन



**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** होलिका दहन के बाद अचानक दिल का दौरा पड़ने से डॉ. राम कुमार कश्यप का निधन हो गया। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी ले गये। डॉ. कश्यप के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. रामकुमार कश्यप चिकित्सा के साथ राजनीति के भी कुशल खिलाड़ी थे। 1988 से लगातार जिला सहकारी मत्स्य विकास फेडरेशन के सचिव के पद पर आसीन थे। डॉक्टर कश्यप का पुराना घर मुंडेरी थाना गोवर्धनपुर तहसील बिसवां जनपद सीतापुर था, लेकिन उन्होंने कर्मस्थली के रूप में रामपुर मथुरा को चुना और 1980 में रामपुर मथुरा आ गये। चिकित्सा के साथ-साथ राजनीति से भी उनका लगाव रहा। 1988 में विधानसभा का निर्दलीय चुनाव लड़ा, चुनाव तो हार गए लेकिन राजनीति में सक्रिय रहे। राष्ट्रीय जनता दल में जिला अध्यक्ष पद पर रहे। वह जय हिंद समाज पार्टी में जिला अध्यक्ष रहे। डॉ. रामकुमार कश्यप काफी मिलनसार व्यक्ति थे। रात 11 बजे मौत की खबर सुनते ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया। सुबह होते-होते हजारों की संख्या में लोग उनके आवास पर उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। उनका अंतिम संस्कार होली के दिन अपराह्न एक बजे किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और उन्हें अंतिम विदाई दी। डॉ. रामकुमार कश्यप के दो बेटे व चार बेटियां हैं। उनके छोटे बेटे ने मुखाग्नि दी। उनके निधन से रामपुर मथुरा में होली के दिन सन्नाटा सा दिखाई दिया।

### निधन पर शोकसभा कर कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**बिसवां/सीतापुर, अमृत विचार :** बिसवां लायर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन बिसवां लायर्स के सभागार में आहूत की गई जिसमें बिसवां लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन सिंह के छोटे भाई चंद्रनाथ सिंह के आकस्मिक निधन पर अधिवक्ता साथियों ने दो मिनट का मौन धारण करके शोक व्यक्त किया और सभी न्यायालयों मे कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। शोकसभा मे सचिव सुशील कुमार शुक्ला, पदमकान्त शर्मा, कमलेन्द्र बाजपेयी, कौशल वर्मा, ललित शर्मा, रजनीश मिश्रा संतोष कठोरिया, प्रमोद मिश्रा, राजकिशोर मिश्रा, शुऐब, सहित अन्य मौजूद रहे।

# 22 मई तक जनपद में धारा 144 लागू

**सीतापुर, अमृत विचार :** अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की अधिसूचना निर्गत होने के बाद लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसी दौरान गुड फ्राइडे, जमात-उल-विदा (अलविदा), ईद-उल-फितर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती, नवरात्रि, रामनवमी, महाबीर जयंती आदि त्योहार मनाए जाएंगे।

लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के मध्य एवं आसन्न त्यौहारों पर असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा जनपद की साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने एवं शांति-कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए जनहित में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी करना आवश्यक है। अतः यह आदेश तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है, जो सम्पूर्ण जनपद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी होगा। यह आदेश जनपद में 27 मार्च से 22 मई तक जारी रहेगा, यदि इसके पूर्व वापस न ले लिया जाये, लागू रहेगा।

# बकाया वसूलने गई विद्युत टीम से ग्राम प्रधान ने की अभद्रता

संवाददाता, सीतापुर



पुलिस की मौजूदगी में टीम से अभद्रता करते ग्राम प्रधान व मौजूद उनके समर्थक। अमृत विचार


**अमृत विचार:** सिधौली कोतवाली इलाके में बकाया वसूलने पहुंची विद्युत विभाग की टीम के साथ ग्राम प्रधान द्वारा अभद्रता करने के साथ धमकी देने का मामला सामने आया है। विधुत विभाग के साथ बदसलूकी और धमकी देने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। काफी कहासुनी के बाद पुलिस की मौजूदगी में विद्युत विभाग ने ग्राम प्रधान के घर का कनेक्शन काट दिया। प्रधान की दबंगई को लेकर विद्युत विभाग ने अभी तक पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दर्ज कराई है।

क्षेत्र के ग्राम रेवरी में विद्युत विभाग के ग्रामीण एसडीओ आशुतोष के नेतृत्व में टीम बकाया वसूली करने के लिए गई थी। बताया जाता है कि रेवरी के ग्राम प्रधान लालजी भार्गव पर विद्युत विभाग का कुल एक लाख चार हजार रुपये का बिजली बिल बकाया था। चेकिंग के दौरान बकाया वसूली करने पहुंची टीम ने बकाया जमा करने के लिए प्रधान से कहा और न जमा करने पर कनेक्शन काटने की बात विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कही। आरोप है कि इस बात से आग बबूला हुए ग्राम प्रधान ने बिजलीकर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए बदसलूकी पर उत्तर आए। ग्राम प्रधान की उग्रता को देखकर बिजलीकर्मियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। बकाया न जमा करने की स्थिति में विद्युत विभाग के कर्मियों ने पुलिस की मौजूदगी में ग्राम प्रधान के घर का कनेक्शन काट दिया। ग्राम प्रधान की बदसलूकी और अभद्रता का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**आयोजन** | पांच दिवसीय होली मिलन समारोह में कलाकारों ने दिखाई प्रस्तुति

# गले मिलकर दिया प्यार व एकता का संदेश

सीतापुर कार्यालय



होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लहरपुर इलाके में होली के पावन अवसर पर खैरुल्लापुर होलिकोत्सव समिति के द्वारा पांच दिवसीय होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सपा विधायक अनिल वर्मा व प्रमोद वर्मा ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे से गले मिलकर प्यार व एकता का संदेश देता है। होली के अवसर पर हर वर्ष आयोजित होने वाले होली मिलन कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय होली मिलन कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति एक सराहनीय कदम है। इस मौके पर दोनों नेताओं का समिति के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेंद्र पाल वर्मा, बृजेश वर्मा, अमरेंद्र वर्मा, जयदयाल वर्मा आदि रहे।

# मारपीट के दोषियों को अर्थदंड और 5-5 साल की सजा



**सीतापुर, अमृत विचार :** महोली कोतवाली इलाके में वादी व उसके भाई को मारने पीटने के संबंध में थाना महोली में 22 मई 2011 को गांव में रास्ता निकालने के विवाद हो गया था। जिसमें विमल किशोर गांव के ही सुबोध, सुरेन्द्र, अजीत कुमार व कल्लू आदि ने रास्ता निकासी के विवाद को लेकर लाठियों से मेरे भाई व मुझको पीट पीटने का आरोप लगाया था। उन्होने तहरीर में लिखा था कि मेरा भाई गंभीर रुप से घायल हो गया था।

थाना क्षेत्र के मुकदमा अपराध संख्या 198/11 की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एव अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप बुधवार को न्यायालय सत्र न्यायाधीश ने दोषसिद्ध अभियुक्तों सुरेन्द्र कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र रामचन्द्र, कल्लू उर्फ अनूप कुमार पुत्र उत्तम निवासी ग्राम बरबटापुर थाना महोली को अन्तर्गत धारा 308/323 भादवि में पांच वर्ष सश्रम कारावास व 12 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मुकदमें की पैरवी शासकीय अधिवक्ता प्रशांत शुक्ला ने की।

अतितृष्णा न कर्तव्या तृष्णां नैव परित्यजेत्।
शनैः शनैश्च भोक्तव्यं स्वयं वित्तमुपार्जितम्॥

अधिक इच्छाएं नहीं करनी चाहिए पर इच्छाओं का सर्वथा त्याग भी नहीं करना चाहिए। अपने कमाए हुए धन का धीरे-धीरे उपभोग करना चाहिए॥

## संपादकीय

# सतर्क रहने की जरूरत

पूरी दुनिया में आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। आतंकवाद सबसे बड़ी समस्या और चुनौती बना हुआ है। 22 मार्च को मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस सिटी हॉल पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 137 लोग मारे गए। वैश्विक स्तर पर खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट खुरासान ने रूस में की गई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी घोषित किए गए गुट 'इस्लामिक स्टेट' का ही अंग है। इस चरमपंथी संगठन को 'आईएसके' कहा जाता है जो इस्लामिक स्टेट खुरासान का संक्षिप्त रूप है। इसका पूरा ध्यान अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान पर केंद्रित है। खुरासान एक समय फारसी साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, जो अब ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुल्कों में विभाजित है। इसी खुरासान के हवाले से आइसिस से संबद्ध रहा आतंकी संगठन 'आईएसआईएस-के' का जन्म हुआ। सीरिया युद्ध के समय दुनिया को बताया गया कि इनका सफाया किया जा चुका है। मगर, यह एक धोखा था। ये ऐसे आतंकी हैं, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और दुनिया के विभिन्न देशों में पैर पसार चुके हैं। विभिन्न सरकारें और एजेंसियां इनका दुरुपयोग करने में लगी हैं। ऐसे में क्या भारत को आइसिस-खुरासान से सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। मास्को में हुए आतंकी हमले से भारत को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। आईएस से निपटने के लिए विभिन्न देशों को उन भू-राजनीतिक स्थितियों पर ध्यान देने की जरूरत है जो आईएस को फिर से संगठित होने में मदद कर रहे हैं। जब तक तालिबान विविध आबादी वाले कट्टरपंथी अफगानिस्तान पर अपना एकमात्र पश्तूनों वाला शासन जारी रखेगा और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अस्थिरता, युद्ध एवं अराजकता का माहौल बना रहेगा, तब तक आईएस जैसे समूह फलने-फूलने और हमले करने के रास्ते ढूंढते रहेंगे।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस व साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसमें आतंकी वित्तपोषण और इससे संबद्ध चुनौतियों के चलते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए और इस समस्या से संगठित तरीके से निपटा जाए। आतंकवाद को वैश्विक खतरा मानने के बावजूद आतंकवाद की अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत परिभाषा देने के लिए पूर्व में किए प्रयास बेकार साबित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आतंकवाद की चुनौती को परास्त करना चाहिए। आतंकवाद की एक सार्वभौमिक परिभाषा को स्वीकार करना और आतंकवाद के प्रायोजक राष्ट्रों पर वैश्विक प्रतिबंध लगाना शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# गणतंत्र में लोकतंत्र, प्रजातंत्र और जनतंत्र



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जन दर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं।

संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्य तंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

भारत में पश्चिमी नस्ल की डेमोक्रेसी के संवैधानिक अंतरण के बाद हिंदी में कई तरह के अनुवाद इस्तेमाल होते हैं। दरअसल डेमोक्रेसी शब्द का चरित्र परत दर परत व्यावहारिक होता है। विदेशी विचारों के आयात का यह भी एक तिलिस्म है कि दरअसल भारत के लोग समझ ही नहीं पा रहे हैं कि उनके लिए जम्हूरियत का असली अमल क्या है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू को टोका था कि उनके संविधान के मकसद वाले भाषण में डेमोक्रेसी शब्द का उल्लेख नहीं होकर भारत में रिपब्लिक अर्थात् गणतंत्र की स्थापना करना कहा गया था।

गणतंत्र और डेमोक्रेसी में साफ-साफ फर्क है। नेहरू ने शायद पुरानी यूनानी सभ्यता के छोटे-छोटे रिपब्लिक को ध्यान में रखकर उसका भारत के भविष्य प्रशासन के लिए सायास उल्लेख किया होगा। अंबेडकर और नेहरू की पश्चिमी दृष्टियों में कई समानताएं होने के बाद भी बहुत बारीक अंतर भी रहे हैं। संविधान के पंडित अपनी व्याख्या में इस दृष्टि भेद का फलक विस्तृत करने उस स्पेस में नहीं जाना चाहते। इससे कई तरह के सवाल उठते हैं। इसमें संदेह नहीं कि किसी भी अन्य नेता के मुकाबले गांधी भारत में ग्रामीण गणतंत्र की स्थापना के पक्ष में थे। वह एक तरह से यूनानी प्रकारांतर से समझा जा सकता है। हकीकत ऐसी नहीं थी। भारत में पंचायत को राज्यतंत्र की बुनियादी इकाई के रूप में अमल में किया गया है। उसकी बैठकें पूरे ग्राम समाज के सामने होने से उसका जनसमर्थन के संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी।

गांधी साहित्य में डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ प्रजातंत्र लिखा गया है। गांधी भारत के इतिहास में सामंती शासन की प्रजा के अधिकारों और समझ को लेकर सूक्ष्म जानकारियों से लैस थे। उन्होंने कई बार रेखांकित किया है कि बहुत निचले स्तर पर भी यदि जनता में एका हो तो राजा की आज्ञा को चुस्त-दुरुस्त किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने असहयोग और सिविल नाफरमानी जैसे नए राजनीतिक अहिंसक हथकंडे सुझाए थे। सामंती शासक के खिलाफ, नफरत, विद्रोह या सामाजिक क्रोध को गांधी ने उकसाने की कोशिश नहीं की थी। इसलिए प्रजातंत्र शब्द में सामंतशाही का



भग्नावशेष शामिल शरीक होता है। अन्य संविधान निर्माताओं के खिलाफ जाकर अंबेडकर ने पंचायत आधारित शासन प्रणाली को खारिज कर दिया। उन्होंने व्यक्ति अर्थात् निर्वाचक मतदाता को राज्यतंत्र खड़ा करने का बुनियादी आधार बनाया। यही कारण है बाद में मतदाता के वोट के आधार पर पंचायतें और नगर पालिका संस्थाओं से लेकर विधान सभाओं और संसद के लिए निर्वाचन हो रहे हैं। निर्वाचकों के ये प्रतिनिधि कम से कम पांच वर्ष के लिए सत्ता के केंद्र बन ही जाते हैं।

नए व्याकरणशास्त्री इसे जनतंत्र शब्द से संबोधित करते हैं। लगभग 130 करोड़ की आबादी के देश में कोई 50 प्रतिशत मतदाता हैं। बौद्धिक फरेब में यह माना जाता है कि उनकी ही हुकूमत चल रही है। ऐसी हुकूमतशाही में सामूहिकता नहीं होती। वह व्यक्तिवादी हो जाती है। उसे बमुश्किल कुछ सौ सदस्य संसद में और कुछ हजार विधायक विधान सभाओं में चलाते हैं। संविधान में अंग्रेजी के ज्ञानशास्त्र से सीधा उधार लेकर सामूहिक निर्णय की जिम्मेदारी और अधिकार मंत्रि परिषद के लिए कायम हुआ है। संविधान से इतर कई परंपराओं ने संविधान की समझ की काठी को कस दिया है। इसलिए देश और प्रदेश सामूहिक जिम्मेदारी के बदले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के निर्देशों, विवेक और व्यक्तित्व के आधार पर चलते हैं। सामूहिकता का ढोंग पालते जरूर हैं। इस तरह पश्चिम समझ की बराबरी के लोगों में प्रथम के आधार पर समझे जाने वाले प्रधानमंत्री के बदले बराबरी रहित और व्यक्ति पूजा के केन्द्र प्रधानमंत्री में डेमोक्रेसी निहित हो गई है। डेमोक्रेसी का सही अनुवाद तो लोकतंत्र है अर्थात् होना चाहिए। लोक एक अद्भुत शब्द है। उसमें सब कुछ समाहित है। गैरमतदाता, बच्चे, मुफलिस, निरक्षर, संक्रामक बीमारियों से पीड़ित, भिखारी, मानसिक व्याधियों के शिकार, संन्यासी, गुमशुदा लोग, अनाथ और हर तरह के वंचित भी लोक का प्रामाणिक हिस्सा होते हैं। वे प्रतिनिधि नहीं चुनते, लेकिन चुने हुए प्रतिनिधि उनके लिए भी होते हैं। लोक ही सत्ता का लिहाफ होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि लोक के प्रति लगातार उत्तरदायी होने की समझ विकसित कर सकते हैं।

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जनदर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं। उन्हें जनवादिता का अर्थ ही समझ नहीं आता। वे वोट देने वाले निर्वाचक मतदाता को निरर्थक या शासक देह की केंचुल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। देश की राजनीति बहुत से कूढ़मगज, एकांगी और आधी अधूरी समझ के नेताओं और नौकरशाहों के हवाले है। आजादी के इतिहास, देशज सांस्कृतिक परंपराओं, लोक जीवन की विविधताओं, पुश्तैनी समझ के समाज के आत्मिक प्रयोगों और अनुभवों की सांस्कारिता वगैरह को लेकर शासन की केंद्रीय एजेंसियों को कुछ अता-पता नहीं है। इसलिए सत्ता और शासित के अलग-अलग लोक बन गए हैं। पहले भी किले, उनकी प्राचीर और उनके अलग उपनिवेशों में रहते लोग जनता के लिए दर्शनीय वस्तुएं होते थे। आज भी वही हैं। मंत्रियों की कोठियों के अतिरिक्त अब उद्योगपतियों की हवेलियां भी उग गई हैं। वहां हुकूमत का तिलिस्म और तिलिस्म की हुकूमत की दिन-रात की आंखमिचौली होती है। तथाकथित हम भारत के लोग हैं, जो अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ बूझने में सिर फुटौव्वल कर रहे हैं। संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्यतंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

## प्रसंगवश

# समाचार की नई परिभाषा

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मैं मीडिया की क्लास लेता था। प्रारंभ में ही विद्यार्थियों से पूछा करता था-प्रतिक्षण कोटि-कोटि घटनाएं घट रही हैं, गांव और गली से लेकर राजधानी तक, देश और विदेशों तक। अब विचार करके बतलाओ कि इनमें से कौन सी घटना समाचार बन सकती है? फिर अपनी बात समझाता कि इन कोटि-कोटि घटनाओं में से जो भी घटना व्यक्ति, समाज और विश्व के लिए जीवन का कोई संदेश दे सके बस, वही घटना हमें संकलित करनी है और उसे संदेश का रूप देना है, किंतु आज विभिन्न चैनलों को देख रहा हूं। समाचार की परिभाषा ही बदल गई है। कल तक हम लोग अपनी-अपनी कक्षाओं में बतलाया करते थे कि समाचार एक संदेश होता है।

वह परिभाषा अब आउट ऑफ डेट हो गई है। आज की नई परिभाषा है कि 'समाचार एक सौदा होता है, इस हाथ दे और उस हाथ ले।' अब पत्रकारिता या मीडिया लोकतंत्र का खंभा नहीं रहा, अब वह मीडिया घरानों के स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने के लिए विस्फोटक बन चुका है। समष्टि हित के विरुद्ध व्यष्टिहित का साधक। सर्वथा अविश्वसनीय, लेकिन यह शुरुआत तो ग्लोबलाइजेशन के मुखौटे में हुई थी। उस समय सूचना क्रांति के नाम से यहां हरियाणा साहित्य अकादमी के सेमिनार में मैंने कहा था कि यदि इस पर सामाजिक नियमन नहीं हो सका तो यह मीडिया देशद्रोह की सीमा तक जा सकता है।

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

# घोषणा पत्र में शामिल करें पर्यावरण के मुद्दे



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें।

लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है। इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं, रैलियों, मीटिंगों को आयोजित करने की तैयारी में व्यस्त हैं। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है।

सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक, मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी, विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को, समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने, महंगाई को कम करने, भ्रष्टाचार को खत्म करने, रोजगार उपलब्ध कराने, सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ, रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है।

हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जल कर, बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है, कुछ चीजों पर सब्सिडी की भी बात हो सकती है, गैस-पैट्रोल आदि के दाम भी चुनाव के कारण कम होते दिखाई दे रहे हैं, किंतु पर्यावरण विषय प्रचार माध्यमों से लगभग नदारद दिखाई दे रहा है, आगे भी शायद दिखाई दे तो कोई आश्चर्य नहीं। वो भी तब जब चुनाव ग्रीष्म ऋतु में हो रहे हैं और इस ऋतु की शुरुआत में ही कई छोटे-बड़े शहर पानी की किल्लत से जूझते नजर आ रहे हैं। नदी, जलाशय, भूमिगत जलस्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। जनता नलों से जल आपूर्ति के स्थान पर टैंकरों से जल आपूर्ति पर निर्भर रहने के लिए मजबूर है तथा शुद्ध पेयजल के लिए पानी की केन/बोतल आदि पर निर्भरता बढ़ सकती है। किसानों को पराली जलाकर नई फसल के लिए खेतों की जमीन तैयार करने के अलावा कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर कचरे का चोरी छुपे जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नदी, जलाशय आदि जल स्रोतों में कभी जनता द्वारा, कभी उद्योगों आदि द्वारा दूषित जल को छोड़ने की आदत में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। न ही जनता पानी के उपयोग के संदर्भ में मितव्ययिता का पाठ पढ़ने को तैयार है।

विकास के नाम पर पेड़-पौधे का कटना भी जारी है। चोरी-छिपे जंगलों से पेड़ों का कटना भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं खाद्य पदार्थों का दूषित या मिलावटी रुप में बजारों में बिकना भी जारी है। कुल मिलाकर जो शुद्ध हवा, पानी, भूमि, वातावरण, खाद्य पदार्थ मतदाता और उनके परिवारों को जिंदा रखते हैं, स्वस्थ रखते हैं, उम्र में वृद्धि करते हैं, विभिन्न आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराते हैं, उन्ही की चर्चा चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रही है। कोई भी प्रत्याशी और पार्टी पर्यावरण सुधार हेतु, प्रदूषण मुक्त शुद्ध प्राणवायु, जल, जमीन, उर्वरक, कृषि भूमि तथा खाद्य पदार्थों के लिए, खिसकते पहाड़ों के लिए, सिकुड़ते जंगल और कृषि भूमि के लिए, दम तोड़ती नदियों, सिमटते तालाबों-जलाशयों के लिए, साथ छोड़ते या यूं कहें और गहराई में उतरते भू-जल के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में पर्यावरण आवाज बनेगा? क्या कोई प्रत्याशियों को, राजनीतिक पार्टियों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान के लिए रोडमैप के साथ, कारगर योजनाओं के साथ मतदाताओं के सामने जाने के लिए प्रेरित करने का साहस करेगा?

वस्तुतः इस लोकसभा चुनाव में पर्यावरण के मुद्दों को उठाना सही नजर आता है, क्योंकि हाल ही में स्विस संस्था द्वारा जारी विश्व के देशों की वायु प्रदूषण की रिपोर्ट ने सभी देशवासियों (भारतीयों) की चिंता बढ़ाई है। वहीं बैंगलोर में जल समस्या से निपटने के लिए दूसरे प्रदेशों के कर्मचारियों से घर से काम लेने के अनुरोध की चर्चा ने देश में गहराती पेयजल समस्या की ओर सभी छोटे-बड़े शहरों का ध्यान आकर्षित किया है।

अतः पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें। मतदाता और देश की जनता पर्यावरण विषय को चुनावी प्रचार में, चुनावी घोषणापत्र में प्रमुखता से जगह दिलाने में सफल हो जाते हैं तो भविष्य में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित है।

## सोशल फोरम

# वोटों का खेल



मर्लिन मुनरो की कई मूर्तियां विदेशों में जगह-जगह लगी हुई हैं, जो अगर भारत मे लग जाएं तो हमारी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। इसे हम पश्चिम की नकल करार दे इसकी भर्त्सना करेंगे, लेकिन क्या ये बात हैरान करने के साथ तकलीफ देने वाली नहीं है कि हर गली, मोहल्लों, कस्बों, शहरों के चौक-चौराहों पर धर्म स्थल बना अपनी संस्कृति बचाने का दिखावा करने वाले लोग दरअसल दुनिया में सबसे ज्यादा पोर्न देखने वाले लोग हैं।

1100 साल पूर्व चंदेल वंश के लोगों ने खजुराहो की मूर्तियां बनाई। देखा जाए तो उस समय के पश्चिम के मुकाबले हमारे पूर्वज बहुत खुले विचारों के रहे होंगे। अब सवाल है कि आखिर इतने खुले विचारों वाले लोग यहां तक कैसे पहुंच गए? शायद एक सोची समझी नीति के तहत खुली हुई विचारधारा की भारतीय संस्कृति पर इसके अतीत को लाद दिया गया और हमारा अतीत हम पर इतना भारी पड़ गया कि हम आजतक इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहे हैं। अब हाल ये है कि हम जो दिखते हैं, वो है नहीं और हम जो नहीं हैं, वही हम दिखते हैं। अपने संस्कृति प्रधान देश की हकीकत ये है कि इस देश में हर 15 मिनट में एक स्त्री के साथ बलात्कार होता है और छेड़छाड़ की घटनाएं तो इससे कहीं ज्यादा हैं। इसमे भी अधिकतर बलात्कार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में होते हैं, जहां संस्कृति बचाने का दावा सबसे ज्यादा किया जाता है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बहरहाल मेरे एक मित्र का मानना है कि जिस दिन विदेशों जैसी मूर्तियां बनाने से वोट मिलने लग जाएंगे उस दिन विदेशी भी हमारी मूर्तियां देख शर्मा जाएंगे। आखिर हम वात्स्यायन के देश के लोग हैं। अपना हुनर भूले नही हैं। जरूरत पड़े तो हम इरोटिक में भी विश्व गुरु बनकर दिखा सकते हैं। फिलहाल तो जरूरत वोटों की है। खेल वोटों का है।

-फेसबुक वॉल से

# हमने एक दुनिया को मोबाइल में सिमटते देखा है



हफीज किदवई
लेखक

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं।

हमें लगता है धरती की सबसे किस्मत वाली जेनरेशन रहे हैं हम या फिर हम सबसे बड़े बदलावों को देखने वाले लोग हैं। हमने गांव में बिना लाइट के लालटेन और लैंप देखे, खाना पकाने को चूल्हे और अंगीठी देखी। पेट्रोमैक्स और स्टोव देखा। हीटर और गैस चूल्हा देखा। टेलीफोन देखा, पेजर देखा, मोबाइल की हर किस्म देखी। रेडियो सुना, पॉडकोस्ट सुने। बड़ी और मोटी-मोटी फिल्म के कैसेट देखी, वीसीआर देखा, पर्दा और प्रोजेक्टर देखा। सिंगल स्क्रीन सिनेमा से मल्टीस्क्रीन सिनेमाहॉल देखे। 7 डी फिल्में देखी। खेत से आए घर में उबले भुट्टे खाए, तो अमेरिकन भुट्टे भी देख लिए। ज्वार को खुद भुनवाया तो दुनिया का हर तरह का कॉर्न देख और खा लिया। पिसा कोयला, दातून, चूल्हे की पकी मिट्टी, गुल, हुक्के की राख, कोलगेट पाउडर, लालदंत मंजन और फिर तरह-तरह के टूथपेस्ट इस्तेमाल किए।

हम वह लोग हैं, जिन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बने देखा। अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बने देखा। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की चाल देखी। मदर टेरेसा, दलाई लामा, क्वीन एलिजाबेथ, सद्दाम हुसैन, यासर अराफात, जनरल गद्दाफी समेत दुनिया के तमाम टॉप लीडर देखे। अपने यहां सोमनाथ चटर्जी, मुलायम, लालू, काशीराम, शरद, करुणानिधि, बाल ठाकरे, मौलाना अली मियां, कल्बे सादिक तो न जाने कितने ही तरह के इतिहास बनाते लोग देखे। अमेरिका में दोनों तरह के बुश और लादेन के चैप्टर को देखा। हमने दुनिया को करवट लेते देखा है। तरक्की की तरफ बढ़ती अपनी मिट्टी को, धर्म के दलदल में फंसते देख रहे हैं। दुनिया को टेक्नोलॉजी में चैलेंज देने वाली अपनी पीढ़ी को नारे लगाकर भीड़ बनते देखा है। हमने दुनिया का नक्शा बनते बिगड़ते देखा है। हमने लता मंगेशकर, कपिल देव, इमरान खान, सचिन तेंदुलकर, पेले, मैराडोना, शारापोवा, विश्वनाथन आंनद, पंकज आडवाणी, हुसैन बोल्ट, जिदान, दिलीप कुमार, शाहरुख खान, हेलन, आशा पारिख, ऋषि कपूर, वहीदा रहमान, सलमान, आमिर, दिव्या भारती, श्री देवी, ऐश्वर्या को भी देखा है। हमारे सामने हैरी पॉटर आकर हिट हुई। हमने ही सुपर हीरो को बनते देखा है।

हम दुनिया की वह जेनरेशन है जिसने सिल बट्टे पर पिसी चटनी और मैकडोनाल्ड के पिज्जा, दोनों खाए हैं। हमें दोनों पसंद हैं। हमने तराने की तरह गा-गाकर पहाड़े याद किए हैं और अब हिसाब को चुटकियों में करने के लिए एआई का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने तख्ती और खड़िया इस्तेमाल की है और फिर बोलकर आईपैड पर लिखा भी है। हमने कोडैक के कैमरारोल और रील का धुलना देखा है, फिर डिजिटल कैमरे, डीएसएल आर के साथ अपने हाथ में बेहतरीन कैमरे देखे हैं। हमने बैंक में तांबे का टोकन लेकर पैसे भी जमा किए हैं और अब ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करते हैं। अपने कजिंस के साथ अंताक्षरी खेलकर रात-रात जागें भी हैं और अब रील देखकर उन्हीं कजिंस को इग्नोर भी करते देखा है। हमने जुगनू भी देखे हैं और अब उन्हें न देख पाने की तड़प भी देख रहा हूं। हम बैलगाड़ी पर भी बैठें हैं और दुनिया की तेज तरीन गाड़ियों पर भी हाथ आजमाए हैं। पोलियो को होते और उसे खत्म करते हुए देखा है। हमने बरगद के घने पेड़ को बोनसाई बनते देखा है। हमने एक भरी पूरी दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है।

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं। हमने मौत की खबर को तार से जाते हुए और उसे सुनकर बेहोश होते इंसानों को देखा है और अब लाइव लोगों को मरते हुए देख जरा भी अफसोस न करने वाले उन्हीं लोगों को देख रहे हैं। हमने इंसान से हैवान बनते देखा है। हमने एक दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है। हम है वह खुशकिस्मत लोग, जिन्होंने जिंदगी का हर जायका चखा है।

# अश्लीलता फैलाते ओटीटी प्लेटफार्म

विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म हमारे समाज को दूषित करने में लगे हुए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लीलता परोसी जाती है, जो कहीं न कहीं हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को प्रभावित कर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरोटिक कंटेंट के नाम पर लगातार पोर्न कंटेंट परोसा जा रहा है जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। इरोटिक का अर्थ सेक्स को मानवीय संवेदना के तौर पर पेश करना होता है, लेकिन पोर्न और इरोटिक के बीच के बारीक से फर्क को मिटाकर कलात्मक के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। यहां अश्लीलता का बाजार सज चुका है, जिस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।



सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

बीते दिनों इसी दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए देश के भीतर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बैन कर दिया है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में वल्गेरिटी, न्यूडिटी और ड्रग्स एब्यूज को इस हद तक ग्लैमराइज किया जा रहा है कि बच्चे इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। आजकल ओटीटी पर प्रसारित होने वाली 10 में से 8 वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं, जिन्हें हम परिवार के साथ नहीं देख सकते हैं। इन शो और वेब सीरीज में अश्लील दृश्यों के साथ-साथ अभद्र भाषा परोसी जा रही है। अब तो स्तर इस हद तक गिर गया है कि स्टूडेंट्स और टीचर्स तक के रिश्ते को भी असभ्य तरीके से दिखाया जा रहा है जिसका समाज पर नकारात्मक असर हो रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर पोर्नोग्राफिक यानी अश्लील कंटेंट 1200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़े हैं, जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्ग सभी को प्रभावित कर रहे हैं और जिसकी वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है।

टेक्नोलॉजी की नित नई उपलब्धि से भले ही दुनिया हथेली में सिमट कर रह गई है, लेकिन इस टेक्नोलॉजी ने हमारे आसपास से क्या कुछ नहीं छीना है? गौर करेंगे तो हम देखते हैं कि इसी तकनीक ने बच्चों की मासूमियत को छीन लिया है। इसी तकनीक ने अब मानवीय मूल्यों से भी खेलना शुरू कर दिया है, जो एक सभ्य समाज के लिए बेहद दुखद और त्रासदीपूर्ण है। ऐसे में तकनीक ने भले हमें सक्षमता प्रदान की है, लेकिन इसी सक्षमता के साथ हम सभी मानसिक रूप से रुग्ण बनते जा रहे हैं। आज हमारे टीनएजर्स इसी तकनीक की वजह से मानसिक रूप से कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहें हैं। उनके भीतर अपराधिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है। देखा जाए तो देश-दुनिया में इंटरनेट की लत से छुटकारा दिलाने की कोई बेहतर नीति नहीं है। इंटरनेट पर क्या देखा जा रहा है? कोई पता लगाने वाला नहीं है, यह खतरनाक स्थिति है।

## सार-संक्षेप

### जिला कारागार में जज ने पुस्तकालय का किया उद्घाटन



**प्रतापगढ़ | अमृत विचार** : जिला जज अब्दुल शाहिद, अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रदीप शुक्ला, डीएम संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों की समस्याओं को सुना। निरीक्षण में सब कुछ दुरुस्त मिला। जिला कारागार में जिला जज ने पुस्तकालय का उद्घाटन किया। वहां पर रखी हुई पुस्तकों का अवलोकन किया गया। कहा कि कैदी व बंदियों को पढ़ने के लिए अब बेहतर पुस्तकें आसानी से मिल सकेंगी। महिला बैरक कक्ष का निरीक्षण कर विचाराधीन महिला बन्दियों से जानकारी प्राप्त की। पाठशाला के निरीक्षण में बन्दियों को अध्यापक द्वारा गणित विषय की शिक्षा दी जा रही थी। डीएम, एसपी ने बन्दियों से गणित के कुछ प्रश्नों के उत्तर की जानकारी प्राप्त की। जिला कारागार के निरीक्षण में किसी बन्दी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद नही हुई। इस दौरान जेल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### महिला ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**हलिया (मिर्जापुर) | अमृत विचार** : स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी संजू पत्नी सुनील कुमार ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। तहरीर में बताया है पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी राजेश गुर्जर हैंडपंप पर पानी भरने गई थी कि गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे पैर में चोटे आई हैं जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### परिषदीय विद्यालयों में तीन दिन में तैयार करना होगा रिपोर्ट कार्ड

**प्रतापगढ़ | अमृत विचार** : परिषदीय विद्यालयों में नया सत्र एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट भी इसी दिन छात्रों को दिया जाना है। निर्धारित समय में परीक्षा फल वितरित करना एक चुनौती होगा। जनपद में 2372 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालय संचालित है। इनमें 2,57,692 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। 27 मार्च को वार्षिक परीक्षाएं समाप्त हो रही हैं। इसके बाद 31 मार्च तक परीक्षा परिणाम घोषित करना है। 29 मार्च को गुड फ्राइडे तथा 31 मार्च को रविवार है। परीक्षा के बाद सिर्फ एक दिन 28 मार्च का समय बच रहा है, ऐसे में मूल्यांकन पूरा करना चुनौती होगी। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है। पहले दिन स्कूल के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद नई किताबें भी बच्चों को दी जाएंगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा फल समय से बच्चों को वितरित किया जाएगा, इसके लिए विभाग तैयार है।

### सौहार्द व प्रेम सबसे बड़ी राष्ट्रीय शक्ति : प्रमोद



**लालगंज प्रतापगढ़ | अमृत विचार** : गांधी इण्टर कालेज सांगीपुर में बुधवार को होली मिलन समारोह में विद्यालय के प्रबन्धक एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने कहा है कि प्रेम और सौहार्द हमारी सबसे बडी राष्ट्रीय शक्ति है। हिन्दुस्तानियों की एकता बेमिसाल है। इस एकजुटता की ताकत से दुनिया की कोई भी शक्ति भारत के आन बान व मान पर आंच नही ला सकती। होली सही मायने में आपसी दूरियों को मिटाकर समाज और देश के निर्माण में नवजीवन के मार्ग पर आगे बढने का संकल्प है। इससे पहले प्रमोद तिवारी ने सभागार में मौजूद अभिवावकों, प्रधानों,बीडीसी से मिलकर शुभकामनाएं दी।अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, संचालन पूर्व प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने किया। पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव, प्रधानाचार्य डा. अमिताभ शुक्ल, लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह,पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, जिपंस अरविन्द सिंह, रिंकू सिंह परिहार,लल्लन सिंह, अशोकधर दुबे,मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि रहे।

### गंगा - जमुनी तहजीब व भाईचारे का प्रतीक है होली पर्व



**प्रयागराज | अमृत विचार** : मंगलवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता बब्बन दुबे की ओर से नैनी के गंगोत्री नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सपा के तमाम नेताओ समेत स्थानीय लोगों ने समारोह में एक दूसरे को होली की बधाई दी। मंगलवार को नैनी के गंगोत्री नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि सपा के महानगर अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन रहे। आयोजन में इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि होली हमारी गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है। आपसी भाईचारे को मजबूत करती है। वही सपा नेता बब्बन दुबे ने कहा कि होली का रंग सिर्फ भाईचारे को पहचानता है।

# एसबीआई में ग्राहकों के खातों से करोड़ों की हेराफेरी

## आरोपी लीलापुर शाखा प्रबन्धक निलंबित, विभागीय जांच शुरू, हटाया गया गार्ड

संवाददाता, प्रतापगढ़



एसबीआई लीलापुर में प्रदर्शन करते ग्राहक। अमृत विचार

**अमृत विचार** : एसबीआई की लीलापुर शाखा में ग्राहकों के फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड, एसबीआई इंश्योरेंस के अगेंस्ट लोनिंग करके शाखा प्रबन्धक ने करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। मामले की जानकारी होने पर तत्कालीन मैनेजर पर आरोप लगाते हुए ग्राहकों ने बैंक पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान गुस्साए लोग पुलिस से भिड़ गए। सीओ के आने पर बताया गया कि मैनेजर को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। करीब चार घंटे हंगामे के बाद लोग शांत हुए।

लीलापुर स्थित एसबीआई की शाखा में ग्राहकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड, एसबीआई इंश्योरेंस में अपने पैसे जमा किये हैं। लीलापुर थाना के घरौरा निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी ने इस बैंक में अपना 20 लाख रुपए फिक्स्ड कर रखा है। जमीन आदि के काम से वह 18 मार्च को बैंक पहुंचे और अपने फिक्स्ड डिपॉजिट की रकम के भुगतान की बात मैनेजर जयनाथ सरोज से की। आरोप है कि मैनेजर ने कुछ कागज पर हस्ताक्षर कराया और उनके फिक्स्ड डिपॉजिट पर लोनिंग की बात करने लगे। आशंका होने पर पीड़ित ने विरोध जताया तो उसके फिक्स्ड डिपॉजिट पर 18 लाख का लोन होने और ओडी के जरिए भुगतान हो जाने की बात उजागर हुई। जानकारी होते ही हनुमान ने यह बात अन्य ग्राहकों को बताई। खाताधारकों की छानबीन में बृजेश, सविता, निशा, नरेंद्र, मो. असफाक, सुभाष समेत कई ग्राहकों के साथ 10 करोड़ से अधिक की जमा रकम पर ब्रांच मैनेजर द्वारा उक्त तरीके से हेराफेरी की बात सामने आई। शिकायत मुख्य शाखा तक पहुंची तो 20 मार्च को ब्रांच मैनेजर जयनाथ सरोज को निलंबित करके विभागीय जांच शुरु हो गई। इसके बाद शिखर अग्रवाल को कार्यभार दिया गया। एक गार्ड का भी ट्रांसफर कर दिया गया। फेराफेरी का यह मामला अन्य ग्राहकों तक पहुंचने ओर बुधवार को बैंक खुलते ही बड़ी संख्या ग्राहक पहुंचे और हंगामा करने लगे। लोग ब्रांच मैनेजर के चैंबर में घुसकर उनसे अपने अपने खाते का डिटेल मांगने लगे। हंगामे की सूचना पर एसओ लीलापुर नरेंद्र सिंह पहुंचे और ग्राहकों को बाहर निकालने का प्रयास किया तो लोगों की उनसे नोकझोंक हुई। सीओ राम सूरत सोनकर ने ग्राहकों किसी तरह शांत कराया। करीब चार घंटे बाद हंगामा शांत हुआ।

▸▸ **शाखा प्रबंधक ने जालसाजी कर ग्राहकों के डिपोजिट के अगेंस्ट लोनिंग करके निकाला पैसा**

### सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने किया ट्वीट

एसबीआई में लीलापुर में हेराफेरी की बात सामने आने पर कुछ ग्राहकों ने समाजवादी पार्टी से विधानसभा विश्वनाथगंज से प्रत्याशी रहे सौरभ सिंह से मामले को अवगत कराया। ग्राहकों से बात करने के बाद सौरभ ने फोन पर अफसरों से बात की। अफसरों ने बताया कि ग्राहकों का पैसा जाने नहीं पायेगा, सभी के साथ न्याय होगा। सौरभ ने शासन - प्रशासन को एक्स समेत अन्य सोशल साइट पर ट्वीट किया।

> फिक्स डिपॉजिट को शाखा प्रबन्धक ने लोन में तब्दील कर दिया है, खाते का पैसा शून्य है। इस बात को लेकर ग्राहक हंगामा कर रहे थे। एसओ की सूचना पर पहुंचकर शाखा प्रबन्धक शिखर अग्रवाल से बात की। उन्होंने बताया कि मामला उच्च अधिकारियों को बता दिया गया है। विभागीय मीटिंग चल रही है, इसके बाद निर्णय लिया जाएगा। आरोपी ब्रांच मैनेजर जयनाथ सरोज को निलंबित कर दिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> **- राम सूरत सोनकर, सीओ लालगंज**

### पूर्व विधायक विजय मिश्र की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**संवाददाता, प्रयागराज | अमृत विचार** : प्रयागराज शहर में बुधवार को भदोही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर के अल्लापुर में स्थित पुराना साकेत हॉस्पिटल की बिल्डिंग वो भारी संख्या में पहुंची भदोही पुलिस ने बुधवार को कुर्क कर दिया। यह संपत्ति ज्ञानपुर के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र की बताई गई है। विजय मिश्र इस समय फिलहाल जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ भदोही और प्रयागराज समेत उत्तर प्रदेश के के कई जिलों में तमाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। भदोही पुलिस ने यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की है। भदोही के जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह की अदालत ने बीते 15 मार्च को प्रयागराज के बाघम्बरी गृह संस्थान योजना भवन संख्या 48 आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिला भवन, जो कि साकेत हॉस्पिटल को कुर्क करने का आदेश दिया था। इस भवन की कीमत लगभग 35 करोड़ पांच लाख रुपये बताई गई है। विजय मिश्रा ने अपने दामाद हरिशंकर मिश्रा के नाम से खरीदा था। बुधवार को अल्लापुर में स्थित पुराना साकेत हॉस्पिटल की बिल्डिंग वो भारी संख्या में पहुंची भदोही पुलिस ने कुर्क कर दिया। पुलिस ने माफिया विजय मिश्र के इस करोड़ों की संपत्ति को कुर्क करने के साथ ही मुनादी भी कराई है। पुलिस के मुताबिक प्रयागराज शहर के विभिन्न इलाकों में इनकी सम्पत्ति हैं। पुलिस के अनुसार माफिया की यह सारी संपत्ति की दुनिया से कमाई हुए पैसे से बनाई गई संपत्ति है।

# डीएम-एसपी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

संवाददाता, प्रतापगढ़



ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते अधिकारी।

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल,एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने राजनैतिक दलों के साथ पूरे केशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। गोदामों में रखी हुई ईवीएम व वीवीपैट को राजनैतिक दलों के सामने खोला गया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने ईवीएम, वीवीपैट आदि को देखा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान बताया गया कि जो ईवीएम एवं वीवीपैट स्ट्रांग रूम में रखे गये है वह सभी ठीक है। डीएम ने अपने सामने ही स्ट्रांग रूम के शटर को बंद करवाते हुये सील भी कराया। डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट की सुरक्षा में लगे अधिकारी व सुरक्षा कर्मियों को ईवीएम वेयरहाउस की कड़ी निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम सदर उदयभान सिंह, तहसीलदार सदर, अपना दल एस के परमानन्द मिश्र, बसपा के राम आसरे आर्या व अन्य राजनैतिक दल के पदाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी रहे।

### संवेदनशील बूथों पर निर्वाचन आयोग की रहेगी नजर, होगी वीडियोग्राफी

**संवाददाता, प्रतापगढ़ | अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में संवेदनशील बूथों पर निर्वाचन आयोग की पैनी नजर रहेगी। मतदान शुरू होने से उसके समापन तक की पूरी वीडियोग्राफी होगी। इसके लिए डीसी मनरेगा को इसका नोडल बनाया गया है। ऐसे बूथों पर मतदान प्रक्रिया की वेब कास्टिंग होगी, जिनके कैमरे को कंट्रोल रूम से लिंक किया जाएगा। इन बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी होंगे। खलल डालने वालों पर निर्वाचन अधिकारियों की खास नजर है। जनपद की सात विधानसभाओं में 431 संवेदनशील बूथ हैं। रामपुर खास विधानसभा में 62 बूथ संवेदनशील हैं। बाबागंज और कुंडा विधानसभा में 61-61 बूथ संवेदनशील हैं। इसी तरह से विश्वनाथगंज विधानसभा में 91, सदर विधानसभा में 54, पट्टी विधानसभा में 52 व रानीगंज विधानसभा में 50 संवेदनशील बूथ हैं। इन बूथों पर आयोग की खास नजर रहेगी। मतदान के दौरान कोई अव्यवस्था न फैलने पाए, इसके लिए यहां पर अर्द्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की जाएगी। अतिरिक्त फोर्स भी लगाने की तैयारी चल रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि संवेदनशील बूथों पर निर्वाचन आयोग की नजर रहेगी। यहां पर सकुशल मतदान कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। अतिरिक्त फोर्स भी लगाई जाएगी।

### बदमाशों ने पिस्टल सटाकर किन्नर से की छेड़छाड़

**प्रतापगढ़ | अमृत विचार** : कोहंड़ौर थाना क्षेत्र की एक किन्नर ने अज्ञात कार सवार बदमाशों पर पिस्टल सटाकर छेड़छाड़ के साथ ही मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। नगर पंचायत कोहंडौर के वार्ड की रहने वाली किन्नर ने बुधवार को कोहड़ौर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि होली की रात करीब डेढ़ बजे वह अपने गांव से वापस अपने कमरे पर पहुंचने वाली थी कि पीछे से एक अज्ञात ने आवाज दी। कार के पास पंहुची तो उसको कार के अंदर बैठे तीन अज्ञात युवकों ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उनको पिस्टल सटाकर जबरन कार में बैठाने लगे। शोर मचाने पर लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े। कार सवारों ने भीड़ के ऊपर कार चढ़ाने का प्रयास किया। एसओ कोहड़ौर प्रीति कटियार ने बताया की किन्नर ने थाने पर तहरीर दी है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक से गिरकर युवक की हुई मौत

**संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर) | अमृत विचार** : राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसिरीया ग्राम सभा के नौडीहवा मे आज सुबह करीब 5 बजे के आसपास बाइक सवार राहुल की बाइक से गिरकर हुई मौत। आज सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए निकले तो देखा कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा चेहरे पर खरोच आने से ग्रामीणों को कुछ समझ में नहीं आया। गांव में जाकर ग्रामीणों ने बताया कि एक बाइक सवार गिरकर मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। गांव के लोग आए तो पहचान राहुल के नाम की हुई। मौके पर मृतक के पिता विनोद कोल पहुंचे उनका भी रो रोकर बुरा हाल रहा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर राजगढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। पंचनामा करके मृतक को पोस्टमार्टम के लिए मिर्जापुर भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक राहुल कोल 25 वर्ष पुत्र बिनोद कोल निवासी नई बस्ती नौडीहवा धनसिरीया चेहरे पर खरोच आने के कारण पहचान होने में दिक्कत हुई। मृतक की पत्नी पूजा का रोकर बुरा हाल है। मृतक राहुल अपने रिश्तेदारी में 26 मार्च को टेढ़वा पुल निकरिका में गया हुआ था। रात्रि करीब 10 .30 बजे के आसपास वहां से निकला सुबह में घर से लगभग 2 सौ मीटर की दूरी पर मृतक राहुल की डेड बॉडी मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सिंचाई विभाग और जल निगम की लापरवाही से हादसा हुआ। जल निगम के द्वारा खोदे गए गड्ढे को अभी तक भरा नहीं गया है और सिंचाई विभाग का नहर भी क्षतिग्रस्त है कि संभल कर नहीं चल तो गिरना तय हैं।



रोते बिलखते परिवार के लोग। अमृत विचार

# महिला ने अधिवक्ता पर लगाया रंगदारी व छेड़खानी का आरोप

**वकील समेत 4 के खिलाफ केस दर्ज**

**संवाददाता, प्रयागराज | अमृत विचार** : करेली थाने में वकील रणविजय सिंह सहित 4 लोगो के खिलाफ़ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला नुरुल्ला रोड पर एक कमान को लेकर एग्रीमेंट भी बताया जा रहा है। पीड़िता महिला का आरोप है कि नुरुल्ला रोड पर उसके पति के नाम पर घर है। जिसका एग्रीमेंट बनवा कर उसके पति के मकान पर रणविजय सिंह, मोहम्मद आशिफ और कुछ लोगो ने कब्ज़ा कर लिया था। जिसका मुकदमा करेली थाने में पंजीकृत कराया गया था। तब से अब तक वो खुद अपने मुक़दमें की पैरवी कर रही है। आरोप है कि विपक्षी लोग उस पर लगातार मुकदमा खत्म करने का दबाव बना रहे थे। लगातार धमकियां देते थे। पीड़िता ने बताया कि 15 मार्च को वो अपने पति मोनीष परवेज़ अंसारी के साथ रात में घर जा रही थी तभी स्विफ्ट डिजायर कार पर सवार रणविजय सिंह, मोहम्मद आशिफ, जमाल टोपी और वसीम रसूलपुर ने अकबरपुर में मनोहर दास की बगिया के पास उसको रोक कर उसको कार के अंदर खींच कर छेड़छाड़ करने लगे। जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला के मुताबिक रणविजय सिंह ने उससे कहा कि अपने पति से कहो कि मुक़दमें की पैरवी न करे और 20 लाख रुपये दे। पीड़िता के मुताबिक उस वक्त उसने किसी काम का रखा अपना 18 हज़ार रुपये उसे दे दिया। लेकिन फिर भी इन लोगो ने उसे नही छोड़ा बाद में चिल्लाते हुए वो कार से कूद गई। घटना के कई दिन बाद तक महिला चुप रही। बाद में उसने हिम्मत करके करेली थाने में रणविजय सहित 4 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए करेली थाने तहरीर दी। जिस पर करेली पुलिस ने रणविजय सिंह मोहम्मद आशिफ, जमाल टोपी और वसीम रसूल पुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में कई जगहों पर दबिश भी दी है। अभी कोई गिरफ्तार नही किया गया है।

## हाईवे पार कर रहे पांचवीं के छात्र को कार ने रौंदा, मौत

**संवाददाता, प्रयागराज | अमृत विचार** : उतरांव थाना के रहीम पट्टी के पास हाईवे पार करते समय 12 वर्षीय पांचवीं के छात्र को कार ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गयी। घरवालों को सूचना मिली तो वह रोते बिलखते पहुंच गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रहीम पट्टी थाना उतरांव निवासी स्व. जंग बहादुर बिंद का बेटा रवि 12 वर्ष बुधवार को राज ढाबा के पास दुकान पर कुछ सामान खरीदने गया था। सामान लेकर वह अपने घर वापस लौट रहा था। हाईवे पार करते समय प्रयागराज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार भी उसे टक्कर मार दी। जिसमें किशोर रवि की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता का पहले ही निधन हो चुका है। मृतक तीन भाई चार बहनों में पांचवें नंबर का था। मृतक रवि पांचवीं का छात्र था।


## वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

3. 1. गोपनीय बात का प्रकट हो जाना 2. भेद प्रकट हो जाना, रहस्य प्रकट हो जाना।
4. थोड़ा या थोड़े से कुछ अधिक।
7. 1. सुरीले स्वरवाला 2. (संगीत) जिसका स्वर शास्त्रीय पद्धति के अनुरूप हो 3. महीन और मीठा (स्वर)।
8. परंपरागत रूप से शिव के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. गुड़गुड़ शब्द होना।
2. 1. दूर किया या हटाया हुआ 2. एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया हुआ 3. जिसे कोई भगा या हर ले गया हो।
3. जिसे भांग पीने की लत हो, भांग का नशा करने वाला, भंगेड़ी।
5. 1. निकटता, नज़दीकी 2. उपस्थिति,विद्यमानता 3. सम्मुखता,सामना।
6. (संगीत में) सरगम या सप्तक का 'प' के रूप में पांचवां स्वर जिसे कोयल की कूक का स्वर भी माना जाता है।




### वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 दू | | | | 2 रू | | 3 वि |
| का | | 4 दु | | हा | | रो |
| न | | नि | | 5 नि | बो | ध |
| | 6 ह | या | ल | य | | |
| | | दा | | 7 त | 8 मा | चा |
| 9 अ | भि | र | त | | निं | |
| | | | | 10 दा | द | रा |

### सुडोकू -101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| 8 | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 6 | 4 | | | | | 7 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 5 | |

### सुडोकू -100 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मार्च,गुरुवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-तृतीया 18 .56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 18 .38 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** : आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। अपने सहकर्मियों से ईर्ष्या न करें। व्यापार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। महंगी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** : आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने विकास के लिए आपको थोड़ा स्वार्थी बनना होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा।

**मिथुन** : आज घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें।

**कर्क** : आज किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें।

**सिंह** : आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इन्टरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारम्भिक हिस्सा आपके लिये बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**कन्या** : आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। पड़ोसियों के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। आपके द्वारा बोले गए कटु वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**तुला** : आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। आध्यात्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा।

**वृश्चिक** : आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। यात्रा के दौरान अपना सामान सुरक्षित रखें। प्रेम संबंधों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की डांट खानी पड़ सकती है।

**धनु** : आज आप काफी आशावादी रहेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

**मकर** : आज संतान की शिक्षा पर ध्यान देना काफी आवश्यक है। सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**कुंभ** : आज तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**मीन** : आज सरकारी सहयोग से आपके काम पूरे हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। मन अशांत होने की संभावना है। किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
बादशाह — सुबह : 11.00
वीरगति — रात : 07 .00

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11 .03
गजनी — शाम : 04 .18

**Sony Pix**
रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10 .09
जिओस्ट्राम — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
नो प्रॉब्लम — सुबह : 09 .05
डॉन — रात : 08 .25

**Colors Cineplex**
ब्रदर्स — सुबह : 09 .47
दसवीं — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता है और दरवाजे की घंटी बजाता है,महिला दरवाजा खोलती है।
महिला-बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुराकर उसका सिर सहलाते हुए कहती है)-अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक -कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू-अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं!



## चुनाव कमाल का

- लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है इस दौरान यदि आप 50 हजार से अधिक धनराशि अपने साथ ले जाना चाहते चाहते हैं तो आपको बैंक साक्ष्य दिखाना पड़ेगा। यह सीमा अधिकतम दस लाख तक होगी। नकदी का स्रोत व प्रमाण पत्र न प्रस्तुत कर पाने की दशा में यह धनराशि जब्त की जा सकती है ।आम लोगों और व्यापारियों को कैश ले जाने के कुछ रिकॉर्ड साथ में जरूर रखने चाहिए। जैसे कि ये पैसा किस लिए ले जाया जा रहा है और इसका सोर्स क्या है ।इसके अलावा बड़े डिजिटल ट्रांजेक्शन पर भी नजर रखी जाती है। चुनाव आयोग के निर्देश पर किसी भी यूपीआई आधारित पेमेंट ऐप से रोजाना पचास हजार रुपये तक का ट्रांजेक्शन हो सकता है।

# अटल सीट पर जीत का अंतर बढ़ाने की 'अटल' कोशिश

**2014** में भाजपा प्रत्याशी को 5 लाख 61 हजार 106 मत और 2019 में मिले थे 6 लाख 33 हजार 26 मत


**लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा ने राजनाथ सिंह को बनाया है उम्मीदवार**

**स्वास्थ्य शिविर, रोजगार मेला, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ दिला हर वर्ग के लोगों तक पहुंचने का किया प्रयास**

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूं तो भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा जाता है कि मौजूदा नेतृत्व हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। ऐसे में जब चुनावी दुंदुभी बज चुकी हो तो भाजपा अन्य दलों से कहां पिछड़ने वाली है।

चाहे वह तैयारियां हों या फिर पार्टी कार्यक्रम अथवा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की बात। जहां विपक्ष अभी टिकट बंटवारे के पेच में उलझा हुआ है, वहीं भाजपा विपक्षी दलों से कहीं आगे निकलती दिख रही है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संसदीय क्षेत्र को ही ले लीजिए।



देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट। यहां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने लोगों के बीच पैठ बढ़ा लोकसभा का रास्ता आसान करने की दिशा में जमीन पर अपना काम शुरू कर दिया था। यह जानते हुए भी कि मतदाताओं का स्नेह इस ''अटल'' सीट पर हमेशा जीत के ''अटल विश्वास'' पर कायम रहा है। बावजूद इसके पार्टी कार्यकर्ता जीत के इस अंतर को रिकार्ड की ओर ले जाना चाहते हैं। इसकी तैयारियां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने शुरू कर दी थीं। मतदाता बढ़ाए जाने के चुनावी अभियान का श्रीगणेश तो किया ही पार्टी नेताओं ने लोगों के घरों तक पहुंचना भी शुरू कर दिया। भले की बहाना मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म भरवाने का हो। प्रक्रिया पूरी हुई तो घरों तक इसकी जानकारी पहुंचाने में भी किसी तरह की कोताही नहीं बरती।



### लक्ष्य छूते रहे, योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा बढ़ते रहे आगे

यही नहीं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। भाजपाइयों को जिले में दो लाख लोगों को ''नमो एप'' से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य मिलने के साथ ही महानगर इकाई सक्रिय हुई। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की टीम जीत के अंतर को बढ़ाने के मैदान में उतर पड़ी। लक्ष्य छुआ तो ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में प्रदेश में ''पहला स्थान'' प्राप्त किया। मन की बात के प्रचार-प्रसार की बात आई तो दूसरा स्थान हासिल कर न केवल राजधानी की बल्कि प्रदेश की धमक भी बनाए रखी। फिर शुरू हुआ विधानसभा में ''प्रवास कार्यक्रमों'' का सिलसिला। लोगों के बीच बैठक कर उनकी समस्याएं जानीं और सुलझाने में लगे। इसका स्पष्ट आंकड़ा तो नहीं है लेकिन इन प्रयासों से जनता के बीच ''भरोसा'' बनाने में पार्टी सफल रही। विभिन्न अस्पतालों के सहयोग से ''स्वास्थ्य शिविर'' आयोजित किए गए। चुनाव की तिथियां घोषित होने से पहले लखनऊ ''विश्वविद्यालय'' में ''रोजगार मेले'' का आयोजन कर युवाओं को भी जोड़ने का सीधा प्रयास किया। माना जा रहा है कि चुनावी रणनीति के तहत ही भाजपा ने समाज के हर वर्ग से सीधे जुड़ने का प्रयास किया। 20 मई को लखनऊ संसदीय सीट पर मतदान होना है और चार जून को चुनाव परिणाम आएंगे। फिलहाल भाजपाइयों की मेहनत क्या रंग लाई यह तो आने वाला परिणाम ही बताएगा कि लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के जीत का अंतर और मत प्रतिशत कितना बढ़ा।

### तैयारी जीत की : वीआईपी सीट लखनऊ

**2019 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत**

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 633026 |
| पूनम सिन्हा | सपा | 285274 |
| आचार्य प्रमोद कृष्णम | कांग्रेस | 180011 |

**वर्ष 2014 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत**

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 561106 |
| अभिषेक मिश्रा | सपा | 56771 |
| रीता बहुगुणा जोशी | कांग्रेस | 288357 |
| नकुल दुबे | बसपा | 64449 |
| सैय्यद जावेद अहमद जाफरी | आप | 41429 |

### मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल



अभिनेता अरुण गोविल

**मेरठ।** दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था। उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया।" इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गये तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि ''यह तो समय ही बताएगा।'' हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ''मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा।'' राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोविल ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। गोविल मंगलवार शाम को मेरठ पहुंचे और स्थानीय पार्टी नेताओं एवं भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात की। गोविल पार्टी पदाधिकारियों के साथ औघड़नाथ मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। गोविल ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित टिप्पणी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया, और कहा कि "उनकी बात मेरे से मत पूछिये, उनकी बात उनसे ही पूछिये।

### 'एम-वाई' फैक्टर से जीतेंगे उप्र की सभी सीटें : रवि किशन



सांसद रवि किशन

**गोरखपुर।** गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी "एम-वाई" फैक्टर की मदद से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक भाषा में 'एम-वाई' फैक्टर का तात्पर्य मुस्लिम और यादव समुदाय से है, जिन्हें पारंपरिक तौर पर गैर-भाजपा मतदाता माना जाता है। रवि किशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, "लोग मुझसे एम-वाई फैक्टर के बारे में कहते हैं कि वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। देश में एक बहुत प्रमुख 'एम-वाई' फैक्टर है, जिसके बारे में आप नहीं जानते हैं, और वह है मोदी-योगी फैक्टर। यह 'एम वाई' फैक्टर राज्य की सभी 80 सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगा । भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, "हमारी नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ है। इसे असली राम राज्य कहा जाता है। आप सभी ध्यान दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, राजग गठबंधन देश में 400 सीटें और उप्र में सभी 80 सीटें जीतेगा।

# जितिन प्रसाद, संजीव बालियान व आजम की प्रतिष्ठा दांव पर

**भाजपा सांसदों की हैट्रिक तय करेगी पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी**

**मुरादाबाद व रामपुर में जेल से ही आजम ने दिखाई पार्टी को ताकत**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर नामांकन के आखिरी दिन प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा से केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और प्रदेश के कैबिनेट जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है।

साथ ही जेल से ही आजम खान ने ऐसा दांव चला कि मुरादाबाद और रामपुर में आजम ने सपा में अपनी हैसियत का एहसास करा दिया।









लोकसभा चुनाव का पहला चरण

### मुजफ्फरनगर: बालियान की हैट्रिक अहम

मुजफ्फरनगर से लगातार दो बार सांसद रहने और दोनों बार मंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ संजीव बालियान को इस बार पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी के लिए खुद हैट्रिक लगानी होगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर सीट जाट बेल्ट में आती है। 2013 के दंगों ने यहां भाजपा को क्लीन स्वीप का मौका दिया। इसबार भाजपा के साथ रालोद के आ जाने से मुख्य टक्कर सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से मिलने वाली है। हालांकि बसपा के दारा सिंह प्रजापति भी कुछ कम नहीं हैं।

### सहारनपुर: इंडिया-बसपा की लड़ाई में भाजपा को राघव पर भरोसा



बसपा के कब्जे से सहारनपुर सीट हासिल करने के लिए भाजपा ने लगातार तीसरी बार राघव लाल शर्मा पर भरोसा जताया है। राघव लाल पहली बार 2014 में भाजपा के टिकट पर यहीं से सांसद बने थे। जिन्हें 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के हाजी फजलुर्रहमान हराया। इसबार हालात थोड़े बदले हुए हैं, सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने बसपा का दामन छोड़ दिया है, इसलिए बसपा ने माजिद अली को यहां से प्रत्याशी बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन से सीट कांग्रेस के खाते में जाने से इमरान मसूद तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। आज तक उनको जीत का स्वाद नहीं मिला है। भाजपा को यहां कांग्रेस व बसपा की मुस्लिम वोटों की लड़ाई में राघव पर भरोसा है।

### कैराना सीट: बनेंगे नए रिकार्ड या बचेगी साख

कभी कैराना पलायन के मुद्दे पर देशभर में गरमाया हुआ था, लेकिन योगी सरकार में यहां गुंडई बीते दिनों की बात हो गई है। इस सीट पर भाजपा के प्रदीप चौधरी सांसद हैं। उनके सामने लगातार दो बार भाजपा सांसद रहे हरपाल सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी करने की तो सपा की इकरा हसन के सामने विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती है। जबकि पहली बार चुनाव लड़ रहे बसपा के श्रीपाल सिंह राणा के सामने अपनी साख बचाना चुनौती होगी।

### मुरादाबाद: इतिहास दोहराएंगे सर्वेश या सपा बचा लेगी सीट

भाजपा के लिए चुनौतियों से भरपूर मुरादाबाद सीट मुस्लिम बहुल होने के नाते सपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ही जीतते आए हैं। हालांकि 2014 में भाजपा के सर्वेश सिंह ने सभी समीकरण तोड़ते हुए जीत दर्ज की थी। मगर, 2019 में उनको हार का सामना करना पड़ा। इस बार भाजपा ने फिर से सर्वेश पर भरोसा जताया है। सपा से सोमवार को नामांकन करने वाले सांसद डॉ. एसटी हसन को बुधवार रामपुर जान के लिए कहा गया, लेकिन वहां मोहिबुल्लाह नदवी के पक्ष में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम चार्टर प्लेन से अधिकृत फार्म लेकर पहुंचे और नामांकन कराया। रुचि वीरा ने मुरादाबाद से बतौर सपा प्रत्याशी दावा करते हुए नामांकन किया। अब डॉ. हसन कहते हैं कि उन्हें बी फॉर्म मिल गया है। टिकट काटे जाने की पार्टी की तरफ से अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। उधर, बसपा ने मुहम्मद इरफान सैफी को उतारकर मुकाबला को रोचक बना दिया है। सपा का अंतरविरोध और बसपा की लड़ाई में वोटों का बंटवारा हुआ तो भाजपा की राह आसान हो सकती है।

### बिजनौर सीट: मिशन- 80 में रालोद को दिखाना होगा दम

इस सीट पर 2009 व 2014 में असफल रहे बसपा के मलूक नागर सांसद हैं। लेकिन इसबार मैदान में नहीं उतरे, उनकी जगह बसपा ने विजेंद्र सिंह पर दांव लगाया है। नागर एक बिजनेसमैन हैं, अक्टूबर 2020 में उनकी रियल एस्टेट से जुड़ी समूह कंपनियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ आयकर छापे मारे गए थे। लोकसभा अध्यक्ष रहीं मीरा कुमार और मुख्यमंत्री रहीं मायावती भी इस सीट का एक-एक बार प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसबार भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान मैदान में हैं। सपा ने दीपक सैनी को उतारा है। यहां रालोद को दिखाना होगा कि मिशन : 80 में उसका कितना दम है।

### रामपुर सीट: अखिलेश पर दबाव बनाकर आजम ने साधे कई निशाने



ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान सितंबर 1774 में रामपुर रियासत का उदय हुआ। यहां पर 1949 तक कुल 10 नवाबों ने शासन किया है। देश की आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद यहीं से चुनकर संसद तक पहुंचे थे। यहां नवाब खानदान के अलावा भाजपा के मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी, अभिनेत्री जयाप्रदा और सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खान जीत हासिल कर चुके हैं। भाजपा ने सपा नेता आजम खान की गढ़ बन चुकी रामपुर सीट को उपचुनाव में घनश्याम सिंह लोधी को खड़ा करके फतह किया था। उन्हें फिर मैदान में उतारकर चुनौती पेश की है। मौजूदा दौर में आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तजीन फात्मा जेल में हैं और चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित भी है। फिर भी आजम ने सीतापुर जेल से दबदबा दिखाते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर दबाव बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे। रामपुर लोकसभा सीट से स्वार क्षेत्र के रजा नगर निवासी व दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी सपा के अधिकृत प्रत्याशी बन गए।

### पीलीभीत सीट: जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर



पीलीभीत लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या 18 लाख से ज्यादा है। भाजपा ने इसबार सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा है। यहां करीब 5 लाख मुसलमान और दो लाख कुर्मी निर्णायक माने जाते हैं, लेकिन गांधी परिवार की बहू मेनका गांधी ने जबसे कुर्मी बिरादरी के भानु प्रताप को हराया, तबसे लगातार जीतती आ रही भाजपा ने इसे हाट सीट बना दिया। मेनका गांधी के बाद उनके बेटे वरुण गांधी यहां से जीते। इसबार सपा ने कुर्मी बिरादरी के भगवत शरण गंगवार को उतारकर जितिन प्रसाद को कड़ी चुनौती पेश की है। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू सपा की रणनीति में सेंधमारी करते दिख रहे हैं।

### नगीना सीट: बदलते मिजाज में जातीय समीकरण हावी

नगीना लोकसभा सीट परिसीमन के दौरान वर्ष 2009 में गठित हुई थी। तबसे वोटरों के मिजाज को अभी तक कोई समझ नहीं पाया है। यहां न मोदी मैजिक काम आता दिखा हैं, न राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दे। अब तक हुए तीन लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने हर बार अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाई है। जातीय समीकरणों से अबतक भाजपा, सपा और बसपा एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। यह सीट इसबार इसलिए खास है क्योंकि चर्चित दलित नेता चंद्रशेखर यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाशने पहली बार चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने ओम कुमार, तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें**

# भाजपा प्रत्याशी के इंतजार में सपा-बसपा में खामोशी

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी से उनके टिकट को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। इस सस्पेंस ने कैसरगंज सीट को प्रदेश की सबसे हॉट सीट की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से विरोधी पार्टियों ने भी अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी चयन को लेकर खामोशी ओढ़ रखी है। माना जा रहा है कि सपा व बसपा की दावेदारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चयन पर निर्भर है। इसलिए दोनों ही पार्टियां अपना प्रत्याशी घोषित करने से परहेज कर रही हैं। पार्टियों की यह खामोशी चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के साथ साथ उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह भारतीय जनता पार्टी से मौजूदा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह पार्टी के कद्दावर नेता हैं । अलग अलग सीटों से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं। वर्ष 1999 से वह एक भी चुनाव नहीं हारे हैं और पिछले दो चुनावों में वह कैसरगंज से जीत हासिल कर चुके हैं, लेकिन इस लंबे राजनैतिक जीवन के बावजूद इस बार उनकी दावेदारी संकट में है। पार्टी ने अभी तक उनकी दावेदारी का ऐलान नहीं किया है। राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि इस बार उनका टिकट कट सकता है। इसके पीछे महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप और उनका बड़बोलापन माना जा रहा है। पार्टी के अंदर खाने में यह चर्चा है कि अगर बृजभूषण शरण सिंह को भाजपा टिकट देती है तो इससे महिलाएं नाराज हो सकती हैं।

महिला शक्ति के दम पर चुनाव लड़ रही पार्टी इस आधी आबादी को नाराज नहीं करना चाहती। इसके अलावा समय समय पर उनके तरफ से दिए गए विवादास्पद बयान भी टिकट में बाधा बने हैं। इधर भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से सपा व बसपा भी खामोश बैठी हैं। दोनों पार्टियां भाजपा उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं। अगर भाजपा अपने मौजूदा सांसद को टिकट नहीं देती और उनके स्थान पर किसी नए चेहरे को चुनाव मैदान में उतारती है तो सपा बृजभूषण शरण सिंह को मौका दे सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस बात को एक प्रेस कांफ्रेंस में कह भी चुके हैं। हालांकि सांसद बृजभूषण शरण सिंह की तरफ से इस संबंध में कुछ नहीं कहा गया है। वह भाजपा से अपनी दावेदारी को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। अपने समर्थकों के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं, बावजूद इसके सपा और बसपा वेट एंड वॉच की स्थिति में है और वह बीजेपी उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं।



बृजभूषण शरण सिंह, सांसद -कैसरगंज

### प्रत्याशी नदारद, जनता के बीच हो रही चुनावी चकल्लस

**अमृत विचार :** सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के साथ साथ समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने भले ही अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन कैसरगंज की जनता के बीच चुनावी चकल्लस चरम पर है। हर कोई मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के राजनैतिक भविष्य पर चर्चा करता दिखाई दे रहा है। चौक चौराहों पर उम्मीदवार की ही चर्चा है। भाजपा किसे टिकट दे रही है तो सपा से उम्मीदवार कौन होगा इस पर आम जनता भी बहस कर रही है। करनैलगंज के रहने वाले राम सुरेमन का कहना है कि जो भी उन्हे पार्टी से कोई मतलब नहीं है। प्रत्याशी ईमानदार और साफ स्वच्छ छवि कि होना चाहिए ताकि वह आम लोग उससे आसानी से मिल सकें और क्षेत्र का विकास हो। वहीं परसपुर के बृजमन सिंह का कहना है कि अब सभी दलों को अपना पत्ता खोल देना चाहिए। देरी से उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**वीआईपी सीट कैसरगंज**

**कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

**कैसरगंज से कब कौन बना सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भाजपा |
| 1991 | एलएनमणि त्रिपाठी | भाजपा |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | सपा |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |

# वोट कैसे डालें, बताएगी वोटर गाइड

**प्रत्येक परिवार को बीएलओ कराएंगे उपलब्ध, निर्वाचन आयोग करा रहा मुहैया**

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची के साथ हर घर पर एक वोटर गाइड भी दी जाएगी। यह बीएलओ हर घर तक पहुंचाएगा। इस वोटर गाइड में बताया गया है कि वोट कैसे डालें। इस बार जिला प्रशासन को यह वोटर गाइड सीधे निर्वाचन आयोग से मिलेगी। अभी तक इस गाइड को स्थानीय स्तर पर छपवाया जाता था। इस गाइड के साथ ही मतदाता पर्ची भी घरों तक पहुंचेगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक परिवार के लिए मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) तैयार की है। मतदाता मार्गदर्शिका मतदान से पहले प्रत्येक परिवारों को घर-घर जाकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से वितरित की जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) की दृष्टि से मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन प्रक्रिया से भलीभांति अवगत कराने के लिए किया जाएगा। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) में 'मतदान कैसे करें' व मतदान के लिए 'अनुमोदित पहचान अभिलेख' क्या होंगे, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही वोटर गाइड में ईवीएम और वीवी पैट का उपयोग करते हुए वोट देने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी तथा मतदान केंद्र के आसपास व मतदान के दौरान 'क्या करें' और 'क्या न करें' के संबंध में मतदाताओं को जानकारी मिलेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि वोटर गाइड सीधे आयोग से छपकर आ रही है। उन्होंने बताया कि अब इसे प्रति परिवार मतदाता पर्ची के साथ वितरित कराया जाएगा जिससे लोगों को इसकी मदद मिल सके।




इस तरह की होगी वोटर गाइड।

### मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा बताई जाएंगी

मतदाता मार्गदर्शिका के माध्यम से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जानकारी भी मतदाताओं को दी जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका में मतदाता की जानकारी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण नंबर व पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने तथा अपना पोलिंग स्टेशन पहुंचाने के लिए भी मतदाता को शिक्षित करने के लिए मतदाता मार्गदर्शिका में वेबसाइट एवं पोर्टल की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### मतदाता पर्ची पर होगा बूथ का नजरी नक्शा

मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ का नजरी नक्शा भी प्रिंट कर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मतदाता पर्ची का साइज भी पहले की तुलना में बड़ा होगा। मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ के नजरी नक्शा के अलावा, बूथ नंबर, चुनाव की तिथि एवं समय, हेल्पलाइन नंबर, बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित मतदाता के मार्गदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सूचनाएं मुद्रित की जा सकेंगी। यह मतदाता पर्ची मतदान तिथि से एक हफ्ते पहले बीएलओ वोटर गाइड के साथ घर-घर पहुंचाएंगे।




वाराणसी में होली मिलन समारोहों के साथ चटख हुआ भाजपा का रंग, कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय बता रहे मैं काशी का बेटा

# काशी में केसरिया छटा गहराई डमरू के साथ बज रही शहनाई

मनोज त्रिपाठी, कानपुर






अमृत विचार। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में होली मिलन समारोहों में शहनाई और शास्त्रीय संगीत की सुर और ताल के बीच चुनावी रंग चटख हो गया है। हालांकि यहां मतदान सातवें चरण में पहली जून को होना है, लेकिन चारों ओर केसरिया छटा बिखर चुकी है । लोगों के घरों पर राम मंदिर की स्थापना के समय लगाए गए भगवा ध्वजों के साथ अब भाजपा के झंडे लहरा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्याशिता घोषित होने पर शहर भर में रंग, गुलाल और आतिशबाजी के साथ होली और दीपावली एक साथ मनायी थी। नौ मार्च को मोदी के शहर आने पर लोगो ने पुष्पवर्षा करते हुए इस बार जीत की हैट्रिक ही नहीं, देश में सबसे बड़ी विजय होने का शंखनाद किया था। 2014 के चुनाव में वाराणसी सीट पर नरेंद्र मोदी को पौने छह लाख वोट मिले थे, 2019 में करीब पौने सात लाख वोट मिलने से उनकी जीत का आंकड़ा और बढ़ गया था। इस बार मोदी का मुकाबला करने तीसरी बार मैदान में उतरे गठबंधन प्रत्याशी यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लेकर लोगों की उत्सुकता सिर्फ इतनी भर है कि वह कितने वोट बटोर पाएंगे । गौरतलब है कि वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में अजय राय तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्तमान में वाराणसी जिले की सभी आठ विधान सभा सीटों पर भाजपा गठबंधन का कब्जा है। भाजपा के यहां बढ़ते ग्राफ को इसी से समझा जा सकता है कि 2009 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने 30.5% वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी, जो 2014 में नरेंद्र मोदी के लिए 56.4% और 2019 में 63.6% तक पहुंच गई थी इस बार भाजपा का लक्ष्य यहां तीन चौथाई से ज्यादा वोट हासिल करने का है।

वाराणसी की सभ्यता, संस्कृति और आस्था का जिस तरह काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा नदी से अटूट रिश्ता है, कुछ वैसी ही पहचान अब प्रधानमंत्री मोदी ने इस शहर से जोड़ ली है। शिव भक्त होने के साथ मोदी ने खुद को बनारसी कहकर यहां के लोगों का दिल जीत लिया है। वाराणसी को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, शिव की नगरी, ज्ञान नगरी जैसे नामों से भी जाना जाता है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का बनारस घराना यहीं विकसित हुआ है। संत कबीर, संत रविदास, वल्लभाचार्य, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, पंडित रवि शंकर, गिरिजा देवी, पंडित हरि प्रसाद चौरसिया और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जैसे नामों ने इस शहर का मान-सम्मान और बढ़ाने के साथ देश को दिशा दिखाने का भी काम किया है। वाराणसी से पहले भी कई दिग्गज जैसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी, भाजपा नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे अनिल शास्त्री चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। लेकिन जिस तरह काशी के लिए कहा जाता है कि यहां कण-कण में शंकर बसते हैं, उसी तरह आज कहा जा सकता है कि जन-जन में मोदी बसते हैं। 2014 में वाराणसी से नामांकन पत्र भरते समय उन्होंने कहा भी था कि न मुझे किसी ने भेजा है, न मैं यहां आया हूं...मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है।

### पिछली बार सपा और कांग्रेस के कुल वोटों से मोदी को मिले थे दोगुने वोट

- पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा से फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से ही उतरे। उनके सामने कांग्रेस ने अजय राय और सपा ने शालिनी यादव को उतारा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सपा प्रत्याशी शालिनी यादव को 4,79,505 मतों से बड़े अंतर से शिकस्त दी। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 6,74,664 वोट मिले। सपा उम्मीदवार शालिनी को 1,95,159 और कांग्रेस के अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। शालिनी यादव अब भाजपा का दामन थाम चुकी हैं, ऐसे में इस बार सपा और कांग्रेस की तरफ से अजय राय एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने उतरे हैं। मोदी के विरुद्ध यह उनका तीसरा जबकि लोकसभा सीट पर चौथा चुनाव है।

### नेचर, कल्चर और एडवेंचर की त्रिवेणी बनने की तरफ बढ़े कदम

मोदी के नेतृत्व में काशी का भव्य और सामर्थ्य स्वरूप विकास की नई राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात ने सुविधाओं के साथ जिस तरह समृद्धि के नए द्वार खोल दिए हैं, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन गलत नहीं लगता कि काशी नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बनने जा रही है। आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, फूड स्ट्रीट और रिवर फ्रंट देखकर लोग वाह वाह कर उठते हैं। मंदिरों और घाटों तक पहुंचने वाली तंग गलियों का चौड़ीकरण किया गया है। मंडुवाडीह फ्लाईओवर, कनवेंशन सेंटर, ऊर्जा गंगा पीएनजी परियोजना, रिंग रोड, बाबतपुर-वाराणसी फोरलेन, आईपीडीएस, कबीरचौरा के पास हेरिटेज वॉक ने शहर का नक्शा बदल दिया है। राम नगर में स्थापित आईडब्ल्यूटी मल्टी मॉडल टर्मिनल के द्वारा गंगा में जल परिवहन के जरिये बनारस से हल्दिया तक मालवाहक जहाजों का आवागमन संभव हुआ है। मल्टी मोडल टर्मिनल देश में इनलैंड वाटर परिवहन का पहला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा जल संपूर्ति योजना, खूबसूरत पार्क, चौकाघाट लहरतारा फ्लाईओवर, 140 एमएलडी एसटीपी जैसी परियोजनाएं भी विकास की नई गाथा गढ़ रही हैं।

### केजरीवाल हो गए थे फेल अजय ने जमानत गंवाई

भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ 2014 में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस से अजय राय मैदान में थे। मोदी ने केजरीवाल को 3,71,784 मतों से हरा दिया। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 5,81,022 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे अरविंद केजरीवाल के पक्ष में 2,09,238 लोगों ने वोट किया। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें 75,684 मिले और जमानत नहीं बच सकी। सपा और बसपा के प्रत्याशियों की भी जमानत नहीं बची। बसपा के विजय प्रकाश जायसवाल को 60,579 और सपा के कैलाश चौरसिया को 45,291 मत मिले थे। नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी के साथ ही वडोदरा सीट पर भी चुनाव लड़े थे। वहां से 5,70,128 मतों से जीत मिलने के बाद भी उन्होंने प्रतिनिधित्व के लिए वाराणसी को चुना।



## कांग्रेस व भाजपा दोनों एक-एक बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक






वाराणसी सीट पर अब तक दो बार जीत की हैट्रिक लग चुकी है। यहां से 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस के रघुनाथ सिंह लगातार जीते थे, उनके बाद भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल 1996, 1998 और 1999 में तीन लगातार जीत का परचम फहरा चुके हैं। वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर गैर कांग्रेसी उम्मीदवार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एसएन सिंह ने कांग्रेस के रघुनाथ सिंह को 18,167 मतों से हरा दिया था। हालांकि 1971 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने वापसी की। शिक्षाविद् राजाराम शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जनसंघ के कमला प्रसाद सिंह को 52,941 वोट से हराया। लेकिन 1977 की जनता लहर में कांग्रेस के राजाराम शास्त्री को लोकदल के टिकट पर उतरे चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से मात दे दी। 1980 के चुनाव कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने जनता पार्टी के प्रत्याशी समाजवादी नेता राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की। 1984 में भी कांग्रेस सीट बरकरार रखने में सफल रही। पार्टी के प्रत्याशी श्याम लाल यादव ने कम्युनिस्ट पार्टी के ऊदल को पराजित किया, पर 1989 में कांग्रेस के हाथ से यह सीट निकल गई। जनता दल के अनिल शास्त्री ने कांग्रेस के श्याम लाल यादव को 1,71,603 वोटों से हरा दिया।

### पहली बार 1991 के चुनाव में भाजपा ने यहां खिलाया कमल

वर्ष 1991 के चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर भाजपा को जीत मिली। भाजपा के शीश चंद्र दीक्षित ने माकपा के राजकिशोर को 40,439 मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1996 में भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल ने जीत दर्ज करते हुए 1998 और 1999 में भी पार्टी की जीत का सिलसिला कायम रखा। 2004 के चुनाव में 15 साल बाद कांग्रेस ने राजेश कुमार मिश्रा की जीत के साथ यहां फिर वापसी की।



### ... जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने माफिया मुख्तार अंसारी को हराया

- 2009 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट के परिणाम पर देश भर की नजरें लगी थीं। उस चुनाव में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी के मुकाबले बसपा ने बाहुबली मुख्तार अंसारी को उतार दिया था। प्रचार अभियान से लेकर मतदान के दिन तक भारी गहमागहमी रही। लेकिन जब नतीजे आए तो करीबी मुकाबले में डॉ. जोशी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने मुख्तार अंसारी को चुनाव में 17,211 वोटों से हरा दिया।

# चुनाव में रोजगार का दम खम, फिर भी युवा बेदम

- पहाड़ के काम न आ सकी जवानी और यहां का पानी
- चुनावों में मुद्दा बनाकर गुमराह करना बना सभी दलों का शगल

अल्मोड़ा संसदीय सीट

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार** : कहते हैं पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी कभी यहां के काम नहीं आती। इस कहावत को चरितार्थ देश के हिमालयी रीजन के पहाड़ी जिले करते हैं। बीते 75 सालों में देश के सियासतदार और नीति नियंता इस कहावत को झुठलाने में लगातार नाकाम साबित हुए हैं। आजादी के बाद हर चुनावों में रोजगार सिर्फ एक सियासी मुद्दा बनकर रह जाता है। सियासतदार बेरोजगारी नाम की इस नाव पर पांव रख अपनी वैतरणी तो पार कर लेते हैं। लेकिन युवाओं की उम्मीदें कभी परवान चढ़ती नहीं दिखती। 2024 के चुनावों में एक बार फिर राजनैतिक दल रोजगार देने का दम खम तो भर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इन चुनावी वायदों के बीच आज पहाड़ का युवा बेदम हो चला है।

बात अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की करें तो आजादी के बाद अब तक यहां अब तक कुल 18 और राज्य गठन के बाद से चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और हर चुनावों में दलों ने बेरोजगारी को अपनी जीत के लिए ब्रह्मास्त्र की तरह प्रयोग किया। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पहाड़ की जवानी की फिक्र करना हर कोई भूल गया। नतीजतन पहाड़ की जवानी के पास पहाड़ के बजाय महानगरों में पसीना बहाने के अलावा कोई चारा बाकी नहीं रहा। पिछले 18 लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर डालें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच रहा और बेरोजगारी के मुद्दे को भुनाकर कई सियासतदारों ने फर्श से अर्श तक सफर भी तय कर लिया। लेकिन नहीं बदली तो यहां के बेराजगारों की किस्मत। इस लोकसभा के चार पहाड़ी जिलों की बात करें तो यहां सिर्फ सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या करीब एक लाख अस्सी हजार के आसपास है। जबकि हजारों युवा ऐसे भी हैं जिन्होंने कभी सेवायोजन कार्यालय में अपने आप को पंजीकृत ही नहीं कराया। बीते पांच सालों में इनमें से अगर कुछ युवाओं को रोजगार मिला भी होगा तो वह संख्या चंद युवाओं की है। बाकी युवा या तो महानगरों में रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, या फिर पहाड़ों में अस्थायी रोजगार कर जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब जबकि चुनाव एक बार फिर दहलीज पर हैं, सत्ताधारी भाजपा बेरोजगारी दर कम होने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का दम भर कर मैदान में उतरी है तो कांग्रेस युवाओं को रोजगार की गारंटी का शिगूफा दिखाकर आकर्षित करने की कोशिश में है।



### बेरोजगारों का जिलेवार आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अल्मोड़ा | 72,053 |
| बागेश्वर | 33,104 |
| पिथौरागढ़ | 56,596 |
| चंपावत | 17,838 |

(यह आंकड़े जनवरी 2024 के हैं जो सेवायोजन कार्यालयों से लिए गए हैं)

### सेना की सेवा से भी हुआ मोहभंग

उत्तराखंड प्रदेश का सेना से गहरा नाता रहा है। एक दौर वह भी था कि जब पहाड़ के अधिकांश घरों का एक सदस्य सेना में जरूर भर्ती होता था। तब पहाड़ के युवाओं के लिए सेना भर्ती रोजगार का बेहतर अवसर भी हुआ करता था। लेकिन वर्तमान दौर में सेना की सेवाओं में आई तमाम तब्दीलियों के कारण अब सेना से भी युवाओं का मोहभंग होता जा रहा है। जिस कारण रोजगार के इस जरिए से भी उम्मीदें कम होती जा रही हैं।

# टेनी के सामने हैट्रिक का मौका, साख बचाने की चुनौती

खीरी सीट का हाल

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार**: नदियों और जंगलों की थाती समेटे लखीमपुर खीरी की धरती पर खीरी सीट का चुनाव इस पर कुछ अलग ही है। किसान आंदोलन के बाद जिस प्रकार का माहौल केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के खिलाफ था, उसमें उनके टिकट पर संदेह जताया जा रहा था। भाजपा नेतृत्व के उन पर तीसरी बार भरोसा जताने के बाद अब अजय मिश्र टेनी के सामने हैट्रिक की चुनौती है। इस सीट पर भाजपा और सपा में सीधी टक्कर होने की उम्मीद है। भाजपा के सामने जहां प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती है, वहीं सपा वापसी के लिए जोर आजमाइश कर रही है।

जिले में खीरी और धौरहरा दो लोकसभा सीटें हैं। खीरी सीट पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। 2014 के बाद 2019 में भी अजय मिश्र टेनी को जीत हासिल हुई। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार में टेनी को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बनाया गया। मंत्री बनने के बाद तीन महीने बाद खीरी के निघासन विधानसभा क्षेत्र के तिकुनिया में हुई घटना से पूरे देश की सियासत में उबाल आ गया। कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान अजय मिश्र के बेटे आशीष मिश्रा की गाड़ी से कुचलकर चार किसान मारे गए। इस पर हिंसा भड़की तो चार अन्य की मौत हो गई। इस तरह आठ लोग मारे गए। किसान संगठनों से लेकर विपक्ष ने इसे मुद्द बनाकर सियरसी बढ़त लेने की कोशिश की लेकिन 2022 में विधानसभा चुनाव में जिले की आठों सीटों पर भाजपा ने परचम लहराकर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया। खास बात यह रही कि सबसे बड़ी जीत निघासन विधानसभा में हुई, जहां घटना घटी थी। चर्चा होती रहीं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ और टेनी का केंद्रीय मंत्री पद भी बरकरार रहा।

### किसान आंदोलन के दौरान बेटे का नाम आने पर झेला तीखा विरोध

#### कब-कौन यहां से चुनाव जीता

| वर्ष | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | रामेश्वर प्रसाद नेवटिया | कांग्रेस |
| 1957 | कुंवर खुशवक्त राय | प्रजातांत्रिक सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1971 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1977 | सूरत बहादुर शाह | भारतीय लोकदल |
| 1980 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1984 | ऊषा वर्मा | कांग्रेस |
| 1989 | ऊषा वर्मा | कांग्रेस |
| 1991 | गेंदन लाल कनौजिया | भाजपा |
| 1996 | गेंदनलाल कनौजिया | भाजपा |
| 1998 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 1999 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 2004 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 2009 | जफ़र अली नकवी | कांग्रेस |
| 2014 | अजय मिश्र टेनी | भाजपा |
| 2019 | अजय मिश्र टेनी | भाजपा |



अजय मिश्र टेनी, भाजपा।

#### लोकसभा चुनाव 2014 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | भाजपा | 3,98,578 |
| अरविंद गिरि | बसपा | 2,88,304 |
| जफर अली नकवी | कांग्रेस | 1,83,940 |
| रवि प्रकाश वर्मा | सपा | 1,60,112 |

#### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | भाजपा | 6,09,589 |
| पूर्वी वर्मा | सपा | 3,90,782 |
| जफर अली नकवी | कांग्रेस | 92,155 |

#### खीरी लोकसभा में मतदाताओं का विवरण

| वि.स. क्षेत्र | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| पलिया | 1,93,321 | 1,73,018 | 04 | 3,663,43 |
| निघासन | 1,88,373 | 1,62,933 | 0 | 3,51,306 |
| गोला गोकर्णनाथ | 2,11,418 | 1,90,917 | 24 | 4,02,359 |
| श्रीनगर | 1,73,998 | 1,52,150 | 04 | 3,26,152 |
| लखीमपुर | 2,20,534 | 1,95,765 | 10 | 4,16,309 |
| कुल | 9,87,644 | 8,74,783 | 42 | 18,62,469 |

#### नौ बार रहा कब्जा, लेकिन पहली बार मैदान से बाहर वर्मा परिवार

1962 से लेकर 2019 तक हर लोकसभा चुनाव में खीरी सीट पर वर्मा परिवार मैदान में रहा। 2009 से पहले तक नौ बार इस परिवार का कब्जा रहा। आजादी के बाद यहां से वरिष्ठ नेता बाल गोविंद वर्मा लंबे समय तक कांग्रेस के सांसद रहे। उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। जनता ने उन्हें चार पर चुना। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी ऊषा वर्मा लगातार दो बार सांसद रहीं। उनके बाद उनके बेटे रवि प्रकाश वर्मा ने सपा का दामन थामा और हैट्रिक लगाई। 2019 में रवि प्रकाश वर्मा की बेटी डॉ. पूर्वी वर्मा को सपा-बसपा गठबंधन का प्रत्याशी बनाया लेकिन वे हार गईं। इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रहीं थीं, लेकिन गठबंधन के कारण सपा को यह सीट मिली। बहरहाल, 62 साल में पहली बार वर्मा परिवार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

कल्पनाथ की तलाश

सपा ने दोबारा राजीव राय तो सुभासपा प्रमुख ने अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा

# घोसी में बसपा के दांव पर टिके दोनों गठबंधन के भाव

विनय जायसवाल, मऊ

**अमृत विचार**। बुनकरों की नगरी मऊनाथ भंजन के मतदाता एक बार फिर घोसी संसदीय सीट से अपने रहनुमा का चुनाव करने को तैयार हैं। औद्योगिक नगरी के रूप में पूरे भारत में पहचान रखने वाले मऊ नगर के मतदाताओं को कल्पनाथ राय जैसे सांसद की तलाश है जो न सिर्फ उनके यहां विकास की गंगा बहा सके बल्कि उनके सुख- दुख का साथी बन सके। हर चुनाव में घोसी सीट के सभी दलों के उम्मीदवार कल्पनाथ राय जैसा विकास कराने की बात तो करते हैं पर जीतने के बाद वे मतदाताओं की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इस बार बसपा अभी तक अपने उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर सकी है तो भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी दल सुभासपा को दी है। इंडिया गठबंधन में सपा ने यहां से राजीव राय को दूसरी बार मैदान में उतारा है। अब मतदाताओं के साथ ही सपा-कांग्रेस और भाजपा-सुभासपा को भी बसपा प्रमुख मायावती के निर्णय का इंतजार है। बसपा के उम्मीदवार को देखकर ही ये पार्टियां अपनी रणनीति तय करेंगी।

पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर घोसी संसदीय क्षेत्र बना है। पूर्व के चुनावों में बाहुबली मुख्तार अंसारी का अच्छा खासा दखल यहां के चुनावों में हुआ करता था। मुस्लिम मतदाताओं को मुख्तार के फरमान का इंतजार रहता था। अब मुख्तार जेल में है। ऐसे में उसकी दखलंदाजी न के बराबर होगी। लेकिन यह साफ है कि जो दल भाजपा- सुभासपा के उम्मीदवार को हराने की स्थिति में होगा मुस्लिम मतदाता उसी के साथ जाएंगे चाहे वह सपा का उम्मीदवार हो या बसपा का। ऐसे में सपा और भाजपा से ज्यादा यहां के मुस्लिम मतदाताओं की निगाह बसपा के कदम पर लगी हुई है। 2014 की नरेंद्र मोदी लहर में भाजपा के हरिनारायण राजभर यहां से चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे लेकिन पांच साल बाद जब 2019 में चुनाव हुए तो उन्हें बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 वोटों से पटखनी दे दी। 2014 से पहले भाजपा इस सीट पर कभी नहीं जीती थी। इस चुनाव में जीत की वजह थी मुख्तार अंसारी का कौमी एकता दल से मैदान में उतरना। परिणाम यह हुआ कि यहां मुस्लिम वोट बड़े पैमाने पर मुख्तार के साथ गया और वह तीसरे स्थान पर रहा। बसपा के दारा सिंह चौहान को हराकर हरिनारायण राजभर सांसद बने थे, लेकिन 2019 में मुख्तार बसपा के साथ आए और नतीजा बसपा की जीत के रूप में सामने आया। इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की तरह ही राजभर मतदाताओं की भूमिका भी अहम रहती है। यही वजह है कि सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने इस सीट से अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बसपा यहां से किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

### भाकपा पांच बार, कांग्रेस चार बार, बसपा तीन मर्तबा जीती

इस संसदीय सीट पार भाकपा के उम्मीदवार पांच बार जीते तो कांग्रेस ने चार बार जीत दर्ज की है। सपा और भाजपा को एक- एक बार जीत मिली तो बसपा तीन बार यहां से अपने उम्मीदवार को संसद भेजने में कामयाब रही है।

### कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में रही सीट

एक दौर था जब यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में आई। वे तीन बार कांग्रेस से राज्यसभा के सदस्य भी रहे। 1989 में कल्पनाथ राय इस सीट से सांसद बने थे। इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो वे फिर कांग्रेस के सिंबल से मैदान में उतरे और जीते। लेकिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव के शासन में उन पर राज्यमंत्री के रूप में उन पर चीनी घोटाले का आरोप लगा और वे जेल गए। कांग्रेस से टिकट नहीं मिला तो वे 1996 में निर्दलीय मैदान में उतर गए। कल्पनाथ भारी मतों से जीते और कांग्रेस की इस सीट पर दुगर्ति हो गई। इसके बाद वे समता पार्टी में शामिल हुए और पुन: 1998 में संसद पहुंचे। कल्पनाथ राय को मऊ जिले में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है और आज भी यहां के मतदाताओं को उनके वास्तवितक उत्तराधिकारी की तलाश है जो विकास कर सके।

### संदेशखाली का संदेश



ये हैं पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिला की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रेखा पात्रा। यह संदेशखाली घटना की प्रमुख पीड़ितों में शामिल हैं। रेखा जब प्रचार में निकलीं तो लोगों का समर्थन पाकर भावुक हो उठीं।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 66400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 65400 |
| सिल्वर (पक्की) | 740 (अनुमानित) |

## एक नजर

### रुपया पांच पैसे गिरा

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.29 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.31 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली होने से 83.45 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.29 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

# पिछले एक वर्ष के दौरान कृषि विपणन सुधार से मंडियों को मिली रफ्तार

## केंद्र के निर्धारित मानकों पर उत्तर प्रदेश ने पूरा कर हासिल किए 100 अंक

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की मंडी समितियां किसानों से उपज खरीदने के साथ उनकी बेहतर मार्केटिंग करने में अन्य राज्यों से आगे पहुंच गई हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि विपणन में तेजी से सुधार हुआ है।

परिणाम यह है कि केंद्र से कृषि विपणन सुधार के निर्धारित किए गए अधिनियम व मानक दोनों को उत्तर प्रदेश ने पूरा कर 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। जबकि अन्य राज्यों को 90 से 96 फीसद अंक मिले हैं। इससे उत्तर प्रदेश कृषि विपणन के साथ केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में पहले स्थान पर है। इससे किसानों को फायदा होने से मंडी कारोबार को रफ्तार मिली है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा और आगे मंडी परिषद नवाचार अपनाएगा।

● **अधिनियम व नियम दोनों में मिले प्रदेश को 10-10 अंक**

**इनमें बिंदुओं पर मिले 10-10 अंक :** निजी बाजार, मंडियों के बाहर थोक व्यापार, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोर, साइलो, ई-ट्रेडिंग, एक बाजार शुल्क, एकीकृत लाइसेंस, मंडी शुल्क

“ केंद्र ने कृषि विपणन में सुधार के लिए सभी राज्यों के लिए मानक निर्धारित किए थे। उस पर उत्तर प्रदेश की मंडियों ने काम कर 100 फीसद मानक पूरे किए हैं। इसका किसानों को और लाभ मिलेगा। इसी तरह किसान हित में जो भी मानक आएंगे वह पूरे करेंगे।

**– अंजनी कुमार सिंह, निदेशक, मंडी परिषद।**

### शुल्क कम तो ई-ट्रेडिंग से आई बेहतरी

सिस्टम एनालिस्ट सतेंद्र तिवारी ने बताया कि वैसे तो मंडी समितियों पर कृषि विपणन के क्षेत्र में कई काम हुए। इसमें केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में खास निजी बाजार, मंडियों के बाहर सीधे कारोबार की स्वीकृति देना व वेयर हाउस, साइलो व कोल्ड स्टोर को मार्केट यार्ड घोषित करना है। इसी तरह ई-ट्रेडिंग के जरिये किसानों को ऑनलाइन खरीद-बिक्री का प्लेटफार्म मिला। व्यापारियों को एक कर व एकीकृत लाइसेंस की सुविधा के साथ मंडी, बाजार व कमीशन शुल्क कम होने से राहत मिली। इससे विपणन को बढ़ावा मिला है।

## आरबीआई ने एमपीसी बैठकों का कार्यक्रम जारी किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को नये वित्त वर्ष (2024-25) के लिए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो महीने पर होने वाली बैठकों के कार्यक्रम की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहली बैठक तीन से पांच अप्रैल को होगी। अगली बैठक पांच जून को शुरू होगी जबकि मौद्रिक समीक्षा की घोषणा सात जून को होगी। आमतौर पर, छह सदस्यीय समिति के सदस्य बैठक के तीसरे दिन एक प्रस्ताव पर मतदान करते हैं और आरबीआई गवर्नर मतदान पूरा होने के बाद बैठक के नतीजों की घोषणा करते हैं। समिति के सदस्य बैठक के पहले दो दिन मौद्रिक नीति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं। संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी बातें रखते हैं।

## जीडीपी के दो प्रतिशत प्रत्यक्ष निवेश से 1.1 लाख नौकरियों का हो सकता सृजन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत अवसर महिलाओं को मिलेंगे। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही।

एफएलओ ने भारत की देखभाल (केयर) अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए एक खाका भी पेश किया। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र, छुट्टी नीतियां, देखभाल सेवा सब्सिडी, देखभाल बुनियादी ढांचे में निवेश, देखभाल श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण तथा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र शामिल हैं। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने कहा, ‘‘भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मातृत्व अवकाश के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप को वित्तीय रूप से समर्थन देने, माता-पिता की छुट्टी नीतियों को संशोधित करने और देखभाल कार्य अवकाश तथा लचीले कार्य विकल्पों को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है।

इसमें छुट्टियों के लिए बाजार-आधारित वित्तपोषण शुरू करना शामिल हो सकता है, जैसे कि माता-पिता की छुट्टी बीमा। नियोक्ताओं को स्त्री-पुरूष में अंतर किये बना देखभाल कार्य अवकाश और लचीले कार्य विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।’’ रिपोर्ट में कहा गया, ‘‘अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के साक्ष्य से पता चलता है कि देखभाल सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से 2030 तक वैश्विक स्तर पर 47.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की क्षमता है।

## टाटा का चार्जिंग स्टेशन लगाने को एचपीसीएल से गठजोड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इस साल के अंत तक देशभर में 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने बुधवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जाएंगे।

ये स्टेशन उन स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां 1.2 लाख से अधिक टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक प्रायः आते हैं। कंपनियां सह-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली शुरू करने की संभावना भी टटोल रही हैं। एचपीसीएल के पास 21,500 से अधिक पेट्रोल पंप का नेटवर्क है। कंपनी का दिसंबर, 2024 तक 5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजी राजन ने कहा, ‘‘एचपीसीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भारत के ईवी परिवेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## सेंसेक्स 526 अंक चढ़कर 72,996 पर बंद हुआ

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 27 मार्च को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 526 अंक की बढ़त के साथ 72,996 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 118 अंक की तेजी देखने को मिली, ये 22,123 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। रिलायंस इंडस्ट्री के शेयर में 3.49% की तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.53% चढ़कर बंद हुआ।

## पवन दावुलुरी बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था।

दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज़ और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है। दावुलुरी करीब 23 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े थे। इससे पहले उन्होंने मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। वे अब कंपनी के एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे। राजेश झा ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के रूप में हम विंडोज एक्सपिरिएंस और विंडोज प्लस डिवाइसेज के टीम को एक्सपिरिएंस प्लस डिवाइसेज डिवीजन के कोर पार्ट को एक साथ ला रहे हैं।

## सात प्रतिशत के दायरे में देश की आर्थिक वृद्धि दर बेहतर : सान्याल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि जब तक वैश्विक माहौल में सुधार नहीं होता, भारत को मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट रहना चाहिए। उन्होंने सात प्रतिशत के दायरे में आर्थिक वृद्धि को बेहतर बताया। सान्याल ने यह भी कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गयी है, उसे बनाये रखना जरूरी है।

सान्याल ने एक सम्मेलन में कहा, ‘‘...हमारे लिए दहाई अंक में वृद्धि हासिल करना संभव है, लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर सावधान हूं। यह पूरा खेल वृद्धि पर वृद्धि को लेकर है।’’ भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत रही है, जो पिछले डेढ़ साल की सबसे तेज रफ्तार है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अच्छी वृद्धि दर से चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ‘‘अर्थव्यवस्था की अभी जो वृद्धि दर है, फिलहाल उससे अधिक बढ़ाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर वैश्विक वातावरण में नाटकीय रूप से सुधार नहीं होता है, तब क्या होगा, हमारे बाह्य खाते, मुद्रास्फीतिक दबाव पड़ेगा।’’



## एक नजर

### चारा घोटाला: 89वें गवाह का बयान कलमबंद

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

### हाथ काट देने वाला बयान देकर घिरे कांग्रेस विधायक

**झाबुआ, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने एक चुनावी सभा में आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का नाम लेकर समर्थकों से कथित तौर पर कहा कि वे पार्टी के वोट काटने की बात करने वाले लोगों के हाथ काट दें। जयस का पश्चिमी मप्र के आदिवासी बहुल इलाकों में प्रभाव है। माना जाता है कि इस संगठन के समर्थित उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगती है। भूरिया ने रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार अनीता चौहान पर निशाना साधते हुए भिलाला समुदाय को कथित तौर पर “चोर और डाकू” भी कहा।

# दिलीप, सुप्रिया को कारण बताओ नोटिस

## निर्वाचन आयोग की कंगना और ममता बनर्जी पर टिप्पणियों को लेकर कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रनौत को भाजपा ने आम चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

निर्वाचन आयोग ने घोष और श्रीनेत की टिप्पणियों को ‘‘अशोभनीय और गलत’’ बताया। आयोग ने कहा कि प्रथम दृष्टया, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। घोष और श्रीनेत को 29 मार्च की शाम तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। निर्वाचन आयोग ने भाजपा की एक शिकायत के बाद श्रीनेत के खिलाफ कार्रवाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सोशल मीडिया ‘एक्स’ पर ‘‘अशोभनीय टिप्पणियों’’ के साथ रनौत की एक तस्वीर पोस्ट की थी। निर्वाचन आयोग के नोटिस के अनुसार सुप्रिया ने पोस्ट किया था, ‘‘मंडी में क्या भाव चल रहा है, कोई बताएगा?’’ पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता घोष को नोटिस तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा आयोग का रुख करने के बाद जारी किया गया। आयोग के नोटिस के मुताबिक घोष ने कहा था, ‘‘जब दीदी गोवा जाती हैं, तो वह गोवा की बेटी बन जाती हैं, त्रिपुरा में वह कहती हैं कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें कि आपके पिता कौन हैं। स्पष्ट करें...’’ आयोग ने कहा कि सावधानीपूर्वक जांच करने पर टिप्पणी अशोभनीय, अपमानजनक और प्रथमदृष्टया एमसीसी के प्रावधानों और इस महीने की शुरुआत में जारी आयोग की सलाह का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। आयोग ने दोनों नेताओं को एमसीसी के प्रावधान की याद दिलाई जिसमें कहा गया है कि अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित रहेगी।



बुधवार को जम्मू में गुड फ्राइडे और ईस्टर के उपलक्ष्य में एक जुलूस में हिस्सा लेते ईसाई श्रद्धालु। ● एजेंसी

## अमेठी और रायबरेली सीट के बारे में कांग्रेस नेतृत्व करेगा फैसला

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर चर्चा नहीं हुई और अब इस बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा। सीईसी बैठक में उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और गोवा के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और सीईसी के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पूछे जाने पर कहा कि आज की बैठक में इसको लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

## साजिश का आरोप अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है तो पीएमएलए लागू नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने कहा था कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कथित आपराधिक साजिश रचने से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-120बी लागू करके धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है, यदि कथित आपराधिक साजिश पीएमएलए के तहत अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है। आईपीसी की धारा 120बी में आपराधिक साजिश के लिए सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने 29 नवंबर, 2023 के उस फैसले की समीक्षा संबंधी अर्जी खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि यह जरूरी नहीं है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पीएमएलए की धारा-तीन के तहत अपराध का आरोप है, उसे अधिसूचित अपराध में आरोपी के रूप में दिखाया जाए। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, ‘‘खुली अदालत में पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई संबंधी अर्जी खारिज की जाती है।’’


## सभी दलों ने चुनावी बॉन्ड को भुनाया, कुछ बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : सीतारमण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। इस मामले में किसी को कुछ भी कहने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह सब वैध और कानून के मुताबिक था। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर, चुनावों के वित्तपोषण के लिए बेहतर प्रणाली लाने को लेकर और अधिक चर्चा की जरूरत है। सीतारमण ने एक समाचार चैनल के सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि कानून को शीर्ष अदालत ने अब खारिज कर दिया है। लेकिन इसे संसद में पारित किया गया था।

## जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने का वादा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी**



नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटाने का वादा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है और उन्हें डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे के सिलसिले में ठगा गया है, उसी तरह यहां भी लोगों को ठगा जाएगा। वह मीडिया की इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र भविष्य में जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने पर निश्चित ही विचार करेगा।

अब्दुल्ला ने बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा, ‘‘मैं 2011 से इस दिन का इंतजार कर रहा हूं। (जब वह मुख्यमंत्री थे) तब हमने भी अफस्पा हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन मुझे डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे पर गुमराह किया और ठगा गया, उसी तरह जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह किया जाएगा एवं ठगा जाएगा, क्योंकि यहां चुनाव हैं।’’ पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को अभियोजन से पूर्ण छूट और उन्हें व्यापक अधिकार प्रदान करने वाले इस कानून को जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य हो जाने के केंद्रीय नेताओं के बयानों को देखते हुए तत्काल हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ‘‘जहां तक अफस्पा हटाने की बात है तो आज से ही शुरू कीजिए। जब वे कहते हैं कि स्थिति सामान्य है, आतंकवाद खत्म हो गया है, अब अलगाववादी विचार नहीं बचा है तो फिर वे किस बात का इंतजार कर रहे हैं?’’

## कोलकाता हवाई अड्डे पर एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख क्षतिग्रस्त

**कोलकाता।** कोलकाता हवाई अड्डा पर बुधवार को एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमानन कंपनी ‘इंडिगो’ के एक विमान के पंख ‘एयर इंडिया एक्सप्रेस’ के विमान से टकराये जिसमें दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल इंडिगो के पायलट को उड़ान कार्य में नहीं लगाने को कहा है। हवाई अड्डा के सूत्रों ने बताया कि रनवे के पास के ‘टैक्सीवे’ पर करीब 11 बजे पूर्वाह्न के समय यह दुर्घटना हुई।

## केजरीवाल के इस्तीफे की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के विधायकों के पीछे-पीछे हो लिये। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, ‘‘मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया? हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।’’ भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर 12 बजे के आसपास विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे।

### कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल : अनुराग

**श्रीनगर/शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में रहकर भी केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। ठाकुर आज जम्मू-कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। ठाकुर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी संभाल ली। उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## तेंदुलकर ने रोहित को 200 नंबर की जर्सी दी उपहार



**हैदराबाद, एजेंसी।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए 200वें मैच खेल रहे रोहित शर्मा को 200 नंबर लिखी जर्सी उपहार में दी है। आज यहां आईपीएल के आठवें मुकाबले में मुंबई इंडिया की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने मैदान में उतरे ही रोहित शर्मा मुंबई के लिए 200वां मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गये है। मैच से पहले सचिन ने रोहित को 200 नवंबर की जर्सी भेंट करते हुए उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। रोहित शर्मा ने आईपीएल में कुल 245 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने कुल छह हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं।

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।

### मुख्य कोच के लिए ल्यूक रोंची के संपर्क में पीसीबी


**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, ''कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।''

### जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

**लंदन।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, ''कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।''

### सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

**मैड्रिड।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन से होगा। लगभग आधे घंटे तक चले इस मुकाबले की शुरुआत में झांग ने सिंधू पर 4-2 की बढ़त बनायी। दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद एक-दूसरे को पछाड़ना जारी रखा और स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर था। सिंधू ने इसके बाद कनाडा की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये।




ट्रैविस हेड




अभिषेक शर्मा




हेनरिक क्लासेन

# हेड, अभिषेक-क्लासेन के तूफान में उड़ी मुंबई

## सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हराया, हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगाए गए

**हैदराबाद, एजेंसी**

चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सनराइजर्स हैदराबाद के तीन विकेट पर 277 रनों के जवाब में मुंबई की टीम ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद उसकी टीम पांच विकेट पर 246 रन ही बना पाई।

सनराइजर्स की तरफ से ट्रेविस हेड ने 24 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं।

### हैदराबाद ने बनाया आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही। मैच में कुल 523 रन बने जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। यही नहीं इस मैच में 38 छक्के लगे जो टी20 क्रिकेट में नया रिकॉर्ड है।

इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर नाबाद 80 रन, चार चौके, सात छक्के) और एडेन मार्कराम (28 गेंद पर नाबाद 42, दो चौके, एक छक्का) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की। मुंबई ने भी तेज शुरुआत की। उसकी तरफ से तिलक वर्मा ने 34 गेंद पर सर्वाधिक 64 रन बनाए जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। टिम डेविड ने 22 गेंद पर नाबाद 42 रन बनाकर हार का अंतर कम किया। मुंबई ने भी पावर प्ले में दो विकेट पर 76 रन बनाए लेकिन इस बीच उसने दोनों सलामी बल्लेबाज इशान किशन (13 गेंद पर 34 रन) और रोहित शर्मा (12 गेंद पर 26 रन) के विकेट गंवाए जिन्होंने परिस्थितियों के अनुरूप ताबड़तोड़ शुरुआत की। रोहित ने अपनी पारी में तीन जबकि किशन ने चार छक्के लगाए जिसने भुवनेश्वर कुमार के एक ओवर में लगाए गए तीन छक्के भी शामिल हैं। मुंबई की टीम भी आठवें ओवर में 100 रन के पार पहुंचने में सफल रही। वर्मा ने शाहबाज अहमद के एक ओवर में तीन छक्के लगाए जिससे मुंबई 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 141 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। वर्मा ने जयदेव उनादकट पर चौका लगाकर 24 गेंद पर अपना अर्ध शतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने नमन धीर (14 गेंद पर 30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद पर 24 रन) ने मयंक मार्कंडेय पर छक्का और चौका लगाकर शुरुआत की। लेकिन इसके बाद भुवनेश्वर ने पारी के 13वें ओवर में केवल पांच रन दिए। कमिंस ने ऐसे में वर्मा को डीप मिड विकेट पर कैच करा कर मुंबई की परेशानी बढ़ा दी। जब रन और गेंदों के बीच अंतर बढ़ रहा था तब हार्दिक और डेविड अपेक्षित तेजी से नहीं बना पाए। इस बीच 18 गेंद तक कोई चौका या छक्का नहीं लगा। मुंबई को अंतिम चार ओवर में 88 रन की दरकार थी और तब डेविड ने भुवनेश्वर पर दो छक्के लगाकर चुप्पी तोड़ी। लेकिन उनादकट ने हार्दिक को पवेलियन की राह दिखा दी। इससे पहले हेड जब पांच रन पर थे तब हार्दिक पंड्या की गेंद पर टिम डेविड ने उनका कैच छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 17 वर्षीय क्वेना मफाका पर लगातार दो छक्के और दो चौके जड़कर इसका जश्न मनाया जिससे सनराइजर्स तीन ओवर में 40 रन बनाने में सफल रहा।

### हैदराबाद 277/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 19

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का डेविड बो हार्दिक | 11 | 13 | 1/0 |
| ट्रैविस हेड का नमन धीर बो कोएत्जी | 62 | 24 | 9/3 |
| अभिषेक शर्मा का नमन धीर बो चावला | 63 | 23 | 3/7 |
| एडन मार्कराम नाबाद | 42 | 28 | 2/1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 80 | 34 | 4/7 |

**गेंदबाजी :** मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

### मुंबई 246/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कैच अभिषेक बोल्ड कमिंस | 26 | 12 | 1/3 |
| ईशान किशन कैच मारक्रम बोल्ड शाहबाज | 34 | 13 | 2/4 |
| नमन धीर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट | 30 | 14 | 2/2 |
| तिलक वर्मा कैच मयंक बोल्ड कमिंस | 64 | 34 | 2/6 |
| हार्दिक पांड्या कैच क्लासन बोल्ड उनादकट | 24 | 20 | 1/1 |
| टिम डेविड नाबाद | 42 | 22 | 2/3 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 15 | 06 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 3-0-53-0, जयदेव उनादकट 4-0-47-2, शाहबाज अहमद 3-0-39-1, पैट कमिंस 4-0-35-2, उमरान मलिक 1-0-15-0, मयंक मार्कंडेय 4-0-52-0

# रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

**जयपुर, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**चेन्नई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'' गिल की अगुवाई वाली टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहला मैच छह रन से जीता था।

# फिर कप्तान बन सकते हैं बाबर आजम : सूत्र

**लाहौर, एजेंसी**




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।

पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं। एक सूत्र ने बताया, ''मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।''




# 'गेमचेंजर' के लिए सुपरस्टार रामचरण ने ली 100 करोड़ फीस



**मुंबई, एजेंसी।** आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने वाले साउथ के सुपरस्टार राम चरण अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। राम चरण साउथ फिल्मों के उन सितारों में से हैं, जिन पर अपने पिता का स्टारडम हावी नहीं हुआ और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उन पर फिल्माया गए गाने नाटू नाटू ने 2023 में ऑस्कर जीता था। आरआरआर में काम करने के लिए उन्हें डायरेक्टर एसएस राजामौली ने 45 करोड़ रु. फीस दी थी। मगर अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए रामचरण 100 करोड़ फीस चार्ज कर रहे हैं। वैसे, रामचरण की गिनती साउथ के सुपरस्टार्स में होती है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड की एक ही फिल्म की है। रामचरण ने 2007 में पुरी जगन्नाथ की फिल्म 'चिरुथा' से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने चरण नाम के युवक की भूमिका निभाई थी जो अपने माता-पिता के हत्यारों को खोज रहा होता है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर पुरी जगन्नाथ थे। इसमें नेहा शर्मा, प्रकाश राज, आशीष विद्यार्थी भी नजर आए थे। पहली ही फिल्म में रामचरण बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे थे।



# कपिल से विवादों पर सुनील ने सात साल बाद तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** 'द कपिल शर्मा शो' में गुत्थी और डॉक्टर गुलाटी का रोल प्ले करने वाले सुनील ग्रोवर जल्द ही कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस एक बार फिर से शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों ने नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के जरिए पर्दे पर लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं। इन्हें साथ में देखने के लिए फैंस बेताब हैं। सात साल पहले फ्लाइट में झगड़ना होने की वजह से इनके बीच मनमुटाव हो गया था, जिसके बाद कॉमेडियन ने कपिल का शो छोड़ दिया था। ऐसे में अब वापसी और विवादों पर सुनील ग्रोवर ने रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। दरअसल, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हाल ही में प्रीमियर रखा गया था, जिसमें कपिल और सुनील साथ में पहुंचे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवादित लड़ाई के बारे में दोनों ने खुलकर बात की थी। इस दौरान कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कपिल के साथ अपनी लड़ाई का मजाक उड़ाया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इसकी सालों पहले प्लानिंग बना ली गई थी। सुनील ग्रोवर ने कहा कि वो जब फ्लाइट में बैठे तो उन्हें पता चला कि नेटफ्लिक्स इंडिया आ रहा है तो कुछ पब्लिसिटी स्टंट हो।

# अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी



**मुंबई, एजेंसी।** साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने शादी कर ली है। दोनों ने तेलंगाना के श्री रंगानायक स्वामी मंदिर में शादी रचाई है। हालांकि अभी तक फोटोज सामने नहीं आई हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने तेलंगाना के श्रीरंगापुरम जिले के रंगानायक स्वामी मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की है। दोनों पिछले कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था। तभी से इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है। अदिति राव हैदरी साउथ के साथ हिंदी फिल्मों की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पद्मावत, बॉस, रॉकस्टार और मर्डर-3 जैसी फिल्मों में काम किया है। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में एहसान हैदरी और विद्या राव के घर हुआ था। अदिति हैदराबाद के निजाम रहे मो. साहेल अकबर हैदरी की पड़पोती हैं। अदिति के नाना राजा जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे। अदिति ने अपने करियर की शुरुआत बतौर भरतनाट्यम डांसर के तौर पर की थी। उन्होंने फेमस भरतनाट्यम डांस लीला सैमसन के डांस ग्रुप में भी काम किया था। यहां काम करने के बाद उन्होंने एक्टिंग की तरफ रुख किया था। उन्होंने पहली बार 2007 की तमिल फिल्म श्रृंगारम में एक्टिंग की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## जज रितु ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में ली शपथ



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने भी लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। बता दें, नई नियुक्तियां न्यायमूर्ति पी.के. मोहंती और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी व अन्य का 26 मार्च को कार्यकाल पूरा होने के बाद की गईं हैं। अवस्थी ने हिजाब पर फैसला सुनाने वाली कर्नाटक हाईकोर्ट की पीठ का नेतृत्व किया था। इससे पहले अवस्थी विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

## केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया केस

- सीएम पिनरई विजयन के करीबियों पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनकी आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और सभी लोगों के खिलाफ समन जारी होने की संभावना है।

केंद्रीय कॉर्पोरेट मंत्रालय की जांच शाखा, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया है। यह मामला आयकर विभाग की जांच से निकला है। आयकर विभाग ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) नाम की एक प्राइवेट कंपनी ने वीणा पिनरई की कंपनी को 2018 से 2019 के बीच 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया। बता दें कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने पिछले महीने एसएफआईओ द्वारा शुरू की गई जांच के खिलाफ एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी थी। सीपीआई (एम) के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने ईडी की आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या एजेंसी की कोई विश्वसनीयता है।

## एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में डीजी की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ी नियुक्तियों को हरी झंडी दिखाई। इसके तहत एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में नए महानिदेशकों (डीजी) की नियुक्ति की गई है। इससे जुड़ा आदेश भी जारी कर दिया गया है।

अधिसूचना के मुताबिक, आईपीएस सदानंद वसंत को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा आईपीएस पीयूष आनंद को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को बीपीआरडी के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के रूप में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुप्रिया पाटिल यादव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया।

## लोकसभा में बीते पांच साल में कुल 222 विधेयक पास

*संसद में हंगामे अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं। देश की विधायिका पर बड़ा दारोमदार कानून बनाना और इसके लिए विधेयकों पर चर्चा के बाद इन्हें संसद के दोनों सदनों से पारित कराना है। कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया भी संसद से होकर गुजरती है। खास बात ये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बीते एक दशक में हजारों पुराने कानूनों को खत्म करने का दावा किया है। ताजा घटनाक्रम में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए। बीते पांच साल के दौरान 222 में से 45 विधेयक ऐसे हैं जो उसी दिन पारित हो गए जिस दिन इन विधेयकों को सदन में पेश किया गया।*



### 45 विधेयकों को पेश किए जाने वाले दिन ही मंजूरी दी गई

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक जिन 45 विधेयकों को मंजूरी दी गई है इनमें विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू-कश्मीर विनियोग (नंबर-दो) विधेयक, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 जैसे बिल शामिल हैं। एडीआर की इस रिपोर्ट में 17वीं लोकसभा के दौरान हुए विधायी कामकाज का विश्लेषण किया गया है।

### 11 विधेयक वापस लिए गए, सांसदों के औसत प्रदर्शन का भी आकलन हुआ

17वीं लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में 240 बिल पेश किए गए। इनमें से 222 पारित हुए। इसके अलावा 2019 से 2024 की अवधि में 11 बिल वापस ले लिए गए। छह विधेयक लंबित हैं। केवल एक विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। सांसदों के प्रदर्शन को लेकर एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक सांसद ने औसतन 165 सवाल पूछे। सदन की कुल 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही। राज्य के 11 सांसदों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया। सबसे कम के पैमाने पर अरुणाचल प्रदेश रहा। यहां के सांसद की औसत उपस्थिति सबसे कम रही। अरुणाचल से निर्वाचित दो सांसदों ने केवल 127 बैठकों में भाग लिया।


# मलयेशिया के पीएम से मिले जयशंकर भारत के बहुआयामी संबंध होंगे मजबूत

### यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में मलयेशिया पहुंचे विदेश मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलयेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आ रही है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद मलयेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा यह आधिकारिक बयान जारी किया गया है। दरअसल बुधवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलयेशिया में अपने समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी के साथ मुलाकात की। इस दौरान पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

आपको बता दें कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलयेशिया के दौरे पर हैं। इस यात्रा का तीसरा और आखिरी चरण मलयेशिया है। इससे पहले फिलीपींस और सिंगापुर में भी जयशंकर द्वारा यात्राएं और सार्थक मुलाकातें की गई हैं। बातचीत के दौरान जयशंकर ने पीएम मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ। गौरतलब है कि जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलेशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में कुआलालंपुर में हैं। इससे पहले जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन से मुलाकात की।



कुआलालंपुर में मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मौजूद जयशंकर।

### मुलाकात में इन मुद्दों पर हुई चर्चा

भारत और मलयेशिया के विदेश मंत्रियों ने सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित कराने पर भी चर्चा की। इससे पहले हसन द्वारा पदभार संभालने के बाद दिसंबर 2023 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई थी। इस बार इस यात्रा का उद्देश्य भारत और मलयेशिया के बीच सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ ही साझा चुनौतियों और अवसरों की समझ को बढ़ाना है। मलेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 2023 में भारत ने मलयेशिया के 12वें सबसे बड़े वैश्विक व्यापार भागीदार की भूमिका अदा की थी। यह व्यापार कुल मिलाकर 16 .53 बिलियन डॉलर था।

### पीएम इब्राहिम से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इससे भारत और मलेशिया संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मलयेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। जयशंकर ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात सम्मान की बात है। पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

## केंद्रीय विवि की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में छात्रा से बलात्कार के आरोप में केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। शोधार्थी छात्रा ने अपने ही प्रोफेसर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। छात्रा की शिकायत के आधार पर शाहपुर पुलिस थाना में प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

बुधवार को आरोपी केमिस्ट्री' के प्रोफेसर राजेंद्र कुमार (44) को गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया है प्रोफेसर ने शाहपुर के एक निजी होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रोफेसर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 30 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। वहीं दुष्कर्म को लेकर विद्यार्थियों ने सीयू परिसर में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। विद्यार्थी आरोपी प्रोफेसर को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे। वहीं, विवि प्रशासन ने आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है।

## भविष्य में युद्ध होंगे और ज्यादा खतरनाक

- वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी बोले- भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी




बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित सेमिनार में एयर मार्शल अनिल चोपड़ा और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी के साथ मौजूद अन्य।

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर विषय पर एक सेमिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा-भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत है और हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य में अलग तरीके से युद्ध लड़े जाएंगे।

यह बातें वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने दिल्ली में कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि "बालाकोट जैसे ऑपरेशन ने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति होने पर, एयरोस्पेस शक्ति को प्रभावी ढंग से दुश्मन की सीमाओं से परे ले जाया जा सकता है। सेमिनार में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि राष्ट्र रणनीतिक लाभ के लिए अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और हथियारीकरण एक अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा, मानव इतिहास में, आसमान को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।

### रक्षा मंत्री दो को भविष्य की रक्षा चुनौतियों पर करेंगे मंथन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो अप्रैल को सेना के कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भारतीय सेना की प्रगति और भविष्य की तैयारियों को लेकर यहां वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व गहन चर्चा करेंगे और इस सत्र के दौरान समूचे देश की सुरक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। सैन्य कमांडरों का यह सम्मेलन वर्चुअल मोड में 28 मार्च को होगा और सशरीर उपस्थिति एक और दो अप्रैल को अनिवार्य होगी। 28 मार्च को थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों को आनलाइन संबोधित करेंगे। एक और दो अप्रैल को नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों की बैठक होगी जिसमें थलसेना अध्यक्ष पांडेय के अलावा सेना के सभी वरिष्ठ अफसर उपस्थित होंगे। इस अवसर पर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी का मूल्यांकन किया जाएगा। सेना में शोध की संस्कृति को बढ़ावा देने और नई परिस्थितियों में ढलने के लिए विशेष प्रशिक्षण और निवेश संबंधी कार्यक्रमों पर जोर दिया जाएगा।

### इमरान की पार्टी को मिली रैली करने की अनुमति

इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने बुधवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई द्वारा इस्लामाबाद में रैली का आयोजन करने वाली याचिका को स्वीकर कर ली है। अदालत ने अधिकारियों को कानून के तहत पार्टी को रैली का आयोजन करने का आदेश भी दिया। रैली का आयोजन इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई द्वारा एक रैली आयोजित करने के मामले पर सुनवाई की।

### एक नजर



#### कश्मीर में अंजी ब्रिज पर रेल ट्रैक बिछाने का काम जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर को देश से जोड़ने वाले अंजी ब्रिज का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यहां पर रेलवे ट्रैक बिछाने का काम जारी है। इस ब्रिज का निर्माण अंजी नदी पर किया गया है, जो चिनाब की एक सहायक नदी है। नदी के तल से लगभग 331 मीटर ऊपर लटके इस पुल का नजारा बेहद खूबसूरत है। इसमें 96 केबल्स को सपोर्ट देकर फिक्स किया गया है। इस ब्रिज को रिकॉर्ड 11 माह में पूरा किया गया है। यह केबल ब्रिज सुरंग टी-2, कटड़ा और सुरंग टी-3 और रियासी छोर को भी भी जोड जोड़ता है। जो उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अफसरों का कहना है कि ब्रिज पर ट्रेन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेगी।



#### अरुणाचल में एक वोट के लिए 39 किमी पैदल सफर करेंगे अफसर

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मालोगम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के वोटिंग के लिए पोलिंग अफसरों की टीम सिर्फ एक वोट लेने जाएगी। इसके लिए वे 39 किमी पैदल सफर करेंगे। चीन सीमा के पास स्थित मालोगम में सिर्फ एक महिला वोटर है। 44 साल की महिला का नाम सोकेला तायांग है। अधिकारियों ने बताया कि मालोगम में गिने-चुने परिवार रहते हैं। सोकेला को छोड़कर सभी का नाम दूसरे मतदान केंद्र पर दर्ज है। सोकेला किसी अन्य मतदान केंद्र पर नहीं जाना चाहती हैं। उनका वोट लेने के लिए अफसरों, सुरक्षाकर्मियों के साथ एक पोलिंग टीम हेयुलियांग से दुर्गम पहाड़ी इलाकों से होते हुए मालोगम जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी लोगों अपनी बात कहने का मौका मिले।

## भारत ने भूटान को पांच अरब डॉलर की मदद भेजी

- ग्यालसुंग परियोजना के लिए जारी की दूसरी किस्त, अब तक 10 अरब रुपये की भेजी मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

भूटान की मदद के लिए भारत की तरफ से 5 अरब डॉलर की दूसरी किश्त भेजी गई है। इस किश्त की मदद से भूटान में ग्यालसुंग परियोजना से संबंधित बुनियादी ढांचे का विकास होगा। भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला ने भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डी.एन. धुंगयेल से मुलाकात कर किश्त सौंपी।

भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस किश्त के साथ ही भारत ने भूटान के साथ हुए समझौते के तहत शाही सरकार के लिए कुल दस अरब रुपये जारी कर दिए हैं। इससे पहले 28 जनवरी 2024 को भी भारत ने भूटान के लिए पांच अरब रुपये की किश्त जारी की थी। दरअसल भारत और भूटान के बीच जनवरी 2024 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इस एमओयू के अनुसार भारत द्वारा भूटान को 15 अरब रुपये की मदद की जाएगी। यह अतिरिक्त मदद भूटान के ग्यालसंग में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दी जा रही है। जनवरी 2023 में भी भारत ने डेसुंग फॉर ग्यालसंग कार्यक्रम के लिए दो अरब रुपये का अनुदान दिया था। भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि भूटान के साथ साझेदारी करना भारत के लिए सौभाग्य की बात है।

### वोटिंग के लिए जागरुकता...



**करगिल:** यह फोटो लद्दाख स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे स्की-स्लोप में शामिल लिंकिपाल की है। केंद्र शासित प्रदेश में पहली बार वोट देने जा रहे युवाओं को जागरूक करने के लिए स्वीप करगिल इवेंट आयोजित किया गया। लद्दाख में लिंकिपाल 9 हजार फीट ऊंचाई पर स्थित है।

## भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास में जवान आजमा रहे ताकत-तकनीक

नई दिल्ली, एजेंसी




भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास हो रहा है। इसका मकसद युद्ध कौशल निखारना और जटिल चुनौतियों से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करना है। अभ्यास में शामिल भारतीय सेना के बटालियन समूह में 700 से अधिक कर्मी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच चल रहे ट्राई सर्विस एक्सरसाइज - 'टाइगर ट्रायम्फ -24' में भाग ले रहे सैनिक पूर्वी समुद्री तट पर सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। 14 दिवसीय अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण और उसके बाद काकीनाडा में समुद्री चरण शामिल है। सेना ने कहा, 18-31 मार्च तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास का मकसद सैनिकों को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए और बेहतर तरीके से तैयार करना है। सेना के मुताबिक थल सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच कैसे अंतरसंचालन को बेहतर बनाया जाए, इसकी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। इसके अलावा दोनों देशों की सेनाओं के बीच तेज और सुचारु समन्वय को सक्षम बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को और बेहतर बनाने पर भी काम हो रहा है।

**विज्ञान** एरिजोना विवि के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में किया गया प्रदर्शित

## क्षुद्रग्रह 'बेन्नु' के नमूनों को संग्रहालयों में रखा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में पृथ्वी के समान कंकड़ व मिट्टी के अनगिनत भंडार हैं। हाल में एक क्षुद्रग्रह से लाए नमूनों से इसका पता चलता है। इस क्षुद्रग्रह का नाम बेन्नु है। इन दुर्लभ नमूनों को एरिजोना विश्वविद्यालय के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में प्रदर्शित किया गया है।

छोटे से कंकड़ को अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाने के लिए इतनी मसक्कत क्यों? यह प्रश्न स्वाभाविक है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनमोल है। जिसे हासिल करने में नासा ने अरबों डाल खर्च कर दिए और सात वर्ष से अधिक समय इसके पीछे लगा दिया। नासा के ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स नामक मिशन को इस कार्य में लगाया गया था।

वर्ष 2016 में इस मिशन को क्षुद्रग्रह बेन्नु पर लॉन्च किया गया था, जो सात साल की यात्रा के बाद 2023 में पृथ्वी पर वापस लौटा। यह एक रोमांचक अंतरिक्ष सफर रहा। जिसमें यान ने 6.8 बिलियन किमी की यात्रा पूरी की। अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह बेन्नू से लाए गए टुकड़ों को यूटा रेगिस्तान पर गिराया था।

इसके बाद नमूनों को तुरंत विश्लेषण के लिए ह्यूस्टन के एक साफ कमरे में ले जाया गया। जिन्हें अब एरिज़ोना, टेक्सास और वाशिंगटन डी.सी. में बेन्नू दुर्लभ नमूनों को संग्राहलय में आमजन के अवलोकन के लिए सुसज्जित कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि यह क्षुद्रग्रह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का अवशेष है, जो शायद कभी समुद्री दुनिया रही होगी।



ओरिजोन के संग्रहालय में रखा अंतरिक्ष से लाया गया दुर्लभ कंकड़।

### शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस जैसा है बेन्नु

बेन्नू के नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि यह पानी, मिट्टी, कार्बन, नाइट्रोजन, सल्फर, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फेट से समृद्ध है। यह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का बचा हुआ टुकड़ा है। जिसमें एक महासागर था। यह शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान प्रतीत होता है। ग्रहों की दुनिया के शोध में बन्नू के नमूने मील का पत्थर साबित होंगे।

## बाल्टीमोर हादसे में लापता छह लोगों को मृत माना, तलाशी अभियान थमा

बाल्टीमोर, एजेंसी

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज एक जहाज के टकराने के बाद नदी में गिर गया है। इस हादसे के बाद लापता हुए छह लोगों को मृत मान लिया गया है।

अमेरिकी कोस्ट गार्ड का कहना है कि बाल्टीमोर में एक पुल ढहने के बाद लापता छह लोगों की तलाश को रोक दिया गया है। रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने कहा कि हमने इस खोज अभियान को रोक दिया है। अब इस बात की कम ही उम्मीदें है कि हादसे के बाद लापता हुए छह लोग जीवित होंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बाल्टीमोर में एक मालवाहक जहाज फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज से टकरा गया था। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गई थी। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के अनुसार, मालवाहक जहाज के चालक द्वारा हादसे से पहले मदद भी मांगी गई थी। आशंका जताई जा रही है कि बिजली की समस्या के कारण मालवाहक जहाज पुल से टकराया है।



### भारतीय दूतावास ने घटना पर जताया दुख, हेल्पलाइन जारी

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर शहर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। हादसे का शिकार हुए जहाज में चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय थे। ये सभी सुरक्षित हैं। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन जारी की है। उसका कहना है कि यह हेल्पलाइन उन लोगों के लिए हैं, जो इस हादसे से प्रभावित हो सकते हैं या सहायता की आवश्यकता हो सकती है। वहीं, दूतावास पोत के चालक दल के संबंध में ब्यौरे का भी पता लगा रहा है।